WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025 शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 190 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जम्मू कश्मीर से चार राज्यसभा सदस्य चुने गये। कायदे से चारों सीटें नेशनल कांफ्रेन्स को मिलनी थी लेकिन वह तीन ही सीट जीत पाई। चौथी सीट भाजपा ने जीत ली जबकि उसके सिर्फ 28 विधायक हैं लेकिन उसे मिले 32 वोट जाहिर है सत्तारूढ़ पार्टी और उसके सहयोगी दलों ने क्रॉस वोटिंग कर उमर अब्दुल्ला को जोर का झटका जोर से दे दिया। क्रॉस वोटिंग करने वालों को उमर अब्दुल्ला ने गद्दार करार दिया है। बहरहाल देखना दिलचस्प होगा कि वे उनके खिलाफ क्या कार्यवाही करते हैं या इसे वोट चोरी का नाम देकर मामलें का पटाक्षेप करते हैं।

अगले मुख्य न्यायाधीश के लिए न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम की अनुशंसा

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने वरिष्ठता की स्थापित परंपरा का पालन करते हुए अगले मुख्य न्यायाधीश के लिए न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम की औपचारिक रूप से अनुशंसा की है।

न्यायमूर्ति गवई ने इस सप्ताह की शुरुआत में केंद्रीय कानून मंत्रालय को लिखे एक पत्र में यह अनुशंसा की है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत वर्तमान में न्यायमूर्ति गवई के बाद उच्चतम न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत नवंबर 2025 में श्री गवई की सेवानिवृत्ति के बाद भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।

शाह ने कांकेर ज़िले में 21 नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने की सराहना की

नयी दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के कांकेर ज़िले में 21 नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने की सराहना की है।

श्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोमवार को अपनी एक पोस्ट कहा कि छत्तीसगढ़ के कांकेर ज़िले में 21 नक्सलियों ने अपने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया है जो काफी प्रसन्नता की बात है। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले 21 नक्सलियों में से 13 शीर्ष काडर थे। श्री शाह ने कहा कि वे इन नक्सलियों के मुख्यधारा में शामिल होने और मोदी सरकार के आह्वान पर हिंसा छोडऩे के लिये उनकी सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि वे अन्य नक्सलियों से फिर अपील करते हैं कि जल्द से जल्द आत्मसमर्पण कर दें।

बांग्लादेश ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अपना हिस्सा दिखाया

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को पाकिस्तानी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को एक विवादित किताब गिफ्ट की।आर्ट ऑफ ट्रायम्फ नाम की इस किताब के कवर पर छपे नक्शे में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। शमशाद मिर्जा पाकिस्तानी सेना में आसिफ मुनीर के बाद दूसरे सबसे ताकतवर अधिकारी हैं। माना जा रहा है कि मुनीर के बाद मिर्जा ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख बनेंगे।

आज रात 12 बजे फ्रीज होगी वोटर लिस्ट

छग सहित 12 राज्यों में आज से एसआईआर

28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा

नई दिल्ली/वार्ता। बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और यूटी में वोटर लिस्ट अपडेट होगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को एसआईआर के दूसरा चरण शुरू करने का ऐलान किया। इन राज्यों में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर आज यानी 28 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को बताया कि आज रात से ही इन 12 राज्यों और यूटी की वोटर लिस्ट फ्रीज हो जाएगी।

कौन करेगा

एसआईआर वाले 12 राज्यों में करीब 51 करोड़ मतदाता हैं।

- इस काम में 5.33 लाख बीएलओ (BLO)
- 7 लाख से ज्यादा बीएलए (BLA) राजनीतिक दलों की ओर से लगाए जाएंगे।

21 साल पहले किया गया था आखिरी एसआईआर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि देश में 21 साल पहले आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था। उन्होंने बताया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़ा जाएगा और अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर किया जाएगा। सीईसी ने आगे कहा कि चुनावों से पहले एसआईआर किया जाना सबसे ज्यादा जरूरी है।

ऑनलाइन वोट डिलीट करना संभव नहीं : चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों पर 19 सितंबर को लेटर जारी करते हुए कहा था- कोई भी आम नागरिक ऑनलाइन वोट डिलीट नहीं कर सकता। वोटर लिस्ट से नाम हटाने की प्रक्रिया केवल कानूनी नियम और सुनवाई के बाद ही होती है।

छत्तीसगढ़ में बिहार की तर्ज पर होगा एसआईआर सर्वे

छत्तीसगढ़ समेत 12 राज्यों में अब बिहार की तर्ज पर विशेष इंटेंसिव रिवीजन सर्वे होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि आज रात से ही इन राज्यों में वोटर लिस्ट फ्रीज हो जाएगी। छत्तीसगढ़ में 2.11 करोड़ वोटर्स हैं। उन्होंने बताया कि एसआईआर का दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है। इस चरण में मतदाता सूची के अपडेशन, नए वोटरों के नाम जोडऩे और त्रुटियों को सुधारने का काम किया जाएगा। हमने एसआईआर की शुरुआत बिहार से की थी। यहां एसआईआर कामयाब रहा। इसे लेकर राज्य में जीरो शिकायते मिलीं। एसआईआर सर्वे के तहत राज्य निर्वाचन आयुक्त के निर्देश पर प्रदेश के कलेक्टर्स ने टॉप-टेबल

शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ में 2.11 करोड़ वोटर्स

छत्तीसगढ़ पंचायत चुनाव में निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने 1 जनवरी 2025 की तिथि में प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या 2 करोड़ 11 लाख 5 हजार 391 बताई थी। इनमें 1 करोड़ 4 लाख 27 हजार 842 पुरुष मतदाता, एक करोड़ 6 लाख 76 हजार 821 महिला मतदाता और 728 तृतीय जेंडर मतदाता शामिल हैं। राज्य में निर्वाचकों का लिंगानुपात 1024 है।

12 राज्यों की लिस्ट जहां एसआईआर होगा

- छत्तीसगढ़, गोवा, अंडमान निकोबार, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल।

एसआईआर वाले राज्यों में विधानसभा चुनाव कब

- 2026: पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी
- 2027: गोवा, गुजरात, उत्तर प्रदेश
- 2028: छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान। अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप में विधानसभा नहीं।

पांच राज्य जहां अगले साल चुनाव होना है

- असम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, पुडुचेरी

सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) और राज्य सूचना आयोगों में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 17 नवंबर तक टल गई है। कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों से सूचना आयुक्तों के चयन की स्थिति पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। यह मामला सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के प्रभावी कार्यान्वयन से जुड़ा है, जिसमें देरी से आयोग में लंबित मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

11 सूचना आयुक्तों की जगह केवल दो काम कर रहे : भूषण ने कहा कि 11 सूचना आयुक्तों की जगह केवल दो काम कर रहे हैं, जिससे आरटीआई कानून की धज्जियां उड़ रही हैं और लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है। भूषण ने मांग की कि आवेदकों के नाम सार्वजनिक किए जाएं ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो। हालांकि, जस्टिस सूर्यकांत

शेष पृष्ठ 6 पर

चयन समिति लेगी फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि केंद्रीय सूचना आयोग के लिए सर्च कमेटी ने अपनी प्रक्रिया पूरी कर ली है। चयन समिति, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल हैं, तीन सप्ताह में नामों पर विचार करेगी। केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराजन ने बताया कि सर्च कमेटी ने सिफारिशें चयन समिति को भेज दी हैं, जो दो-तीन हफ्तों में फैसला लेगी।

तीन महीने में नहीं हुई नियुक्तियां

याचिकाकर्ता अंजलि भारद्वाज की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने सरकार पर कोर्ट के आदेशों की अवहेलना का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 में एक केंद्रीय सूचना आयुक्त और दो सूचना आयुक्त थे, लेकिन अब केवल केंद्रीय सूचना आयुक्त और एक सूचना आयुक्त बचे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने तीन महीने में नियुक्तियां करने का आदेश दिया था, लेकिन 10 महीने बाद भी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई।

ऑपरेशन सिंदूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख बढ़ाई : रक्षामंत्री

दिल्ली (आईएएनएस)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि हम सबने देखा कि कैसे आकाश मिसाइल सिस्टम, ब्रह्मोस, आकाश तीर एयर डिफेंस कंट्रोल सिस्टम और अन्य कई प्रकार के स्वदेशी प्लेटफार्म ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपना पराक्रम दिखाया। हमारे स्वदेशी प्लेटफार्म की सफलता ने, न केवल क्षेत्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी, भारत की साख को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय हमारे सैनिकों के साथ-साथ उन सबको भी जाता है जो पीछे रहकर उस मिशन को सफल बनाने में लगे हुए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) को संबोधित कर रहे थे।

सेना सीमाओं की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार: यहां उन्होंने कहा कि आप जैसे इंडस्ट्री वॉरियर्स, जिन्होंने इनोवेशन, डिजाइन और निर्माण के मोर्चे पर काम किया, वह भी इस जीत के उतने ही हकदार हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि हाल ही में पहलगाम हमले के बाद, जिस तरह से हमने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, उसके बाद स्थितियां कुछ ऐसी बनी थीं कि युद्ध हमारे दरवाजे पर भी दस्तक दे रहा था।

हालांकि हमारी सेनाएं किसी भी स्थिति में अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन मैं बस यह कहना चाहता हूं कि दुनिया में शांति और कानून व्यवस्था में अनिश्चितता बढ़ गई है।

रक्षा क्षेत्र केवल आर्थिक ग्रोथ नहीं

उन्होंने कहा कि इसलिए उस अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए, हमें हर क्षेत्र को सावधानी से विश्लेषण करते हुए अपने कदम उठाने होंगे। रक्षा क्षेत्र और युद्ध आज जिन बदलावों से गुजर रहा है, उनका सामना स्वदेशीकरण के माध्यम से ही किया जा सकता है। हमारे लिए रक्षा क्षेत्र केवल आर्थिक ग्रोथ का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संप्रभुता का आधार है। और जब राष्ट्रीय संप्रभुता की बात आती है,

शेष पृष्ठ 6 पर

बीएसएफ ने पाक तस्करों की साजिश को किया नाकाम 5.3 किलो ड्रग्स बरामद

श्रीनगर (आईएएनएस)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बार फिर पाकिस्तानी तस्करों की नापाक कोशिशों को नाकाम कर दिया है। बीएसएफ के सतर्क जवानों ने जम्मू जिले के आरएस पुरा क्षेत्र से लगभग 5.3 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की। यह कार्रवाई सोमवार की सुबह की गई, जब जवानों ने खुफिया सूचना के आधार पर इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया।

बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार, पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए नशा तस्करी की कोशिश की जा रही थी, जिसे जवानों ने विफल कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, रविवार की शाम को बीएसएफ की इंटेलिजेंस यूनिट को यह सूचना मिली थी कि सीमा पार से तस्कर भारतीय इलाके में ड्रग्स भेजने की साजिश रच रहे हैं। इसके बाद एक विशेष ऑपरेशन की योजना बनाई गई और आरएस पुरा सेक्टर के अंदरूनी इलाके में विशेष नाका और एम्बुश टीम तैनात की गई।

उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों से डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों से जुड़ी प्राथमिकियों का ब्यौरा मांगा

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने आज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों में दर्ज प्राथमिकियों का ब्यौरा देने का निर्देश दिया। यह साइबर धोखाधड़ी का एक बढ़ता हुआ रूप है जहाँ जालसाज़ खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर पीड़ितों को पैसे देने के लिए मजबूर करते हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमालया बागची की पीठ ने कहा कि न्यायालय इस मामले की जाँच केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने पर विचार कर सकता है बशर्ते एजेंसी के पास देश भर में ऐसे बढ़ते मामलों को संभालने के लिए पर्याप्त संसाधन हों। न्यायालय का यह निर्देश 17 अक्टूबर को स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किये गये एक मामले की सुनवाई के दौरान आया जो नागरिकों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों को

शेष पृष्ठ 6 पर

साइबर अपराध विशेषज्ञों की ज़रूरत

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान पीठ को बताया कि सीबीआई पहले से ही ऐसे कुछ मामलों की जाँच कर रही है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, कृपया पता करें कि क्या सीबीआई के पास सभी मामलों को संभालने के लिए संसाधन हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, अगर उन्हें साइबर अपराध विशेषज्ञों की ज़रूरत है, तो वे हमें बता सकते हैं। सॉलिसिटर जनरल ने इस मामले में स्पष्ट करते हुये कहा कि

शेष पृष्ठ 6 पर

मलेशिया में एस जयशंकर ने न्यूज़ीलैंड के पीएम से की मुलाकात

कुआलालंपुर (आईएएनएस)। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को मलेशिया के कुआलालंपुर में आसियान शिखर सम्मेलन के मौके पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। विदेश मंत्री जयशंकर फिलहाल मलेशिया की यात्रा पर हैं। बैठक के बाद, जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया आसियान 2025 की बैठकों के दौरान न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हार्दिक बधाई। हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने और एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को पोषित करने की उनकी प्रतिबद्धता का स्वागत करता हूं।' विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और न्यूजीलैंड के बीच ऐतिहासिक

शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

आत्मनिर्भरता | पांच हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

सात नए इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोजेक्ट्स को सरकार की मंजूरी

नई दिल्ली/ए.। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के तहत सात नए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि सरकार को इस योजना के तहत कुल 249 प्रस्ताव मिले थे, जिनमें से प्रारंभिक चरण में 7 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है। इन प्रोजेक्ट्स में प्रिंटेड सर्किट बोर्ड यानी मदरबोर्ड बेस, कैमरा मॉड्यूल, कॉपर लैमिनेट और पॉलीप्रोपाइलीन फिल्म्स (जो कैपेसिटर और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में उपयोग होती हैं) के निर्माण से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं।

पांच हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सचिव एस कृष्णन ने बताया कि इन सात प्रोजेक्ट्स में कुल 5,532 करोड़ का निवेश किया जाएगा। इससे लगभग 5,195 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक 1.15 लाख करोड़ मूल्य के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं, जो देश में बढ़ती इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण क्षमताओं का संकेत है।

आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

सरकार की यह पहल मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों को और बल देगी। इस योजना के तहत देश में इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स का घरेलू उत्पादन बढ़ाने, आयात पर निर्भरता घटाने, और भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत तेजी से इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन हब बनता जा रहा है। मोबाइल फोन से लेकर सेमीकंडक्टर और अब कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग तक, भारत का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाई जाए।

राहुल-तेजस्वी की 29 अक्टूबर को जॉइंट रैली

कल प्रियंका की सभा, महागठबंधन का मेनिफेस्टो भी जारी होगा

नई दिल्ली/पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के नेता चुनाव प्रचार में जुटे हैं। कल मंगलवार को छठ खत्म होते ही इसमें तेजी आएगी। प्रियंका गांधी मंगलवार को अपने प्रचार अभियान की शुरुआत कर रही हैं। प्रियंका कल बेगूसराय आएंगी, जिले के बछवाड़ा में उनकी सभा होगी। वहीं राहुल गांधी 29 अक्टूबर को तेजस्वी के साथ मुजफ्फरपुर और दरभंगा में संयुक्त रैली करेंगे।

बिहार चुनाव 2025 को लेकर महागठबंधन का घोषणापत्र तैयार हो गया है। पटना में कल (मंगलवार) शाम 4 बजे इसे जारी किया जाएगा, लेकिन इस मौके पर राहुल गांधी मौजूद नहीं रहेंगे। इधर, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में भी मुख्यमंत्री का चेहरा नीतीश कुमार ही हैं। तेजस्वी यादव कौन सी दुनिया में हैं। तिवारी ने कहा- तेजस्वी ने लड़ाई-झगड़ा करके अपना नाम सीएम फेस

शेष पृष्ठ 6 पर

राजनीति का नया अध्याय होगा चुनाव परिणाम

❏ **बाहर से आए वोटरों पर अधिक भरोसा**

सीतामढ़ी/ए.। बिहार विधानसभा चुनाव की तिथि नजदीक आने के साथ ही विभिन्न दलों के प्रत्याशी और उनके नेता प्रचार में लग गए है। इस बीच, जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर भी सीतामढ़ी जिले के विभिन्न प्रखंडों में अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो कर वोट मांग रहे है। बहरहाल, उनके बहाए जा रहे पसीने की यहां के वोटर कितना अहमियत देते है और उनके प्रत्याशी को कितना समर्थन मिलता है, यह 14 नवंबर को जब मतगणना होगी, तभी खुलासा होगा। वैसे किशोर को वोटरों पर समर्थन का भरोसा है।

प्रशांत किशोर को अन्य वोटरों के आलावा बाहर से छठ पर्व में घर पर पहुंचे मजदूर वोटरों पर कुछ ज्यादा ही भरोसा है। रोड शो में भीड़ को देख प्रसन्न किशोर ने कहा कि यह भीड़ और जनसमर्थन उन्हें नहीं मिल रहा है, बल्कि बाहर से आए लोग/मजदूर फिर बाहर नहीं जाना चाहते है। ऐसे लोग बिहार में ही रोजगार चाहते है। रुन्नीसैदपुर प्रखंड मुख्यालय में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो के दौरान किशोर ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि रून्नीसैदपुर आने के क्रम में एक पार्टी का चुनाव कैंप दिखा, जहां पांच लोग भी नहीं थे और उनके साथ इतने लोग है। इसे से देखिए कि हवा का रुख किधर है। कहा,14 नवंबर को देश की राजनीति के नया अध्याय लिखा जायेगा। बाहर में जिस बिहारी को लोग गाली देते है, 14 के बाद उसी बिहारी को देख लोग कहेंगे कि यह क्या हुआ ? बिहार में जनता की सरकार बनने जा रही है।

बिहार में बदलाव का संकल्प

इस बार लोग चाहते है कि बिहार में बदलाव होना ही चाहिए। लोग बदलाव का संकल्प ले चुके है। किशोर ने लोगों से पूछा कि बिहार में बदलाव होना चाहिए या नहीं ? लोगों का जवाब 卐हां卐 में सुनकर किशोर खुश दिखे। भ्रष्टाचारियों के हटाने की बात पर भी लोगों ने हां में जवाब दिया।

सत्ता में आते ही वक्फ कानून को कूड़े में फेंक देंगे

❏ **केंद्र सरकार की नीतियों और कानूनों से बिहार की जनता को नुकसान पहुंच रहा**

कटिहार(आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव के बीच आरजेडी नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने कटिहार में एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी, तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कटिहार के हालात का हवाला देते हुए कहा कि यहां पढ़ाई और दवाई की व्यवस्था ठीक नहीं है, न ही रोजगार के पर्याप्त अवसर हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार इन सभी समस्याओं को दूर करने का काम करेगी।

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार का उठा रहे मुद्दा

तेजस्वी यादव का यह बयान कटिहार के मुस्लिम बहुल इलाके में आयोजित चुनावी सभा के दौरान आया, जहां उन्होंने केंद्र की नीतियों और राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दे पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सबसे ज्यादा लालू यादव से डरती है। इसलिए यदि हम सत्ता में आते हैं तो वक्फसमेत जो भी बिल केंद्र से पास हुए हैं, उन सभी को कुड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार हमेशा सांप्रदायिक ताकतों के साथ रहे हैं और उन्हीं की वजह से आरएसएस नफरत फैलाने का काम कर रहा है। तेजस्वी यादव ने कटिहार की जनता से भी अपील की कि वे महागठबंधन को समर्थन दें ताकि राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाई गई नीतियों और कानूनों से बिहार की जनता को नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन महागठबंधन की सरकार बनने पर यह स्थिति बदल जाएगी। गौरतलब है कि इसके एक दिन पहले ही आरजेडी के एमएलसी मोहम्मद कारी सोहैब ने भी बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बने, तो केंद्र द्वारा लाए गए वक्फसमेत सभी बिल फाड़कर फेंक दिए जाएंगे।

तेज प्रताप का तेजस्वी पर सीधा हमला

बिहार की जनता तय करेगी सीएम कौन बनेगा

महुआ/वार्ता। लालू प्रसाद यादव के बेटे और बिहार की महुआ विधानसभा सीट से उम्मीदवार तेज प्रताप यादव ने अपने भाई तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा और कौन नहीं बनेगा, यह बिहार की जनता तय करेगी। उन्होंने तेजस्वी यादव की घोषणाओं पर भी सवाल उठाए।

तेज प्रताप यादव अपनी राजनीतिक कर्मभूमि महुआ में बाइक पर चुनाव प्रचार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महुआ में रोड नहीं बना है। स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। तेज प्रताप ने कहा, "जिस तरह हमने महुआ में मेडिकल कॉलेज बनवाने का काम किया। इसी तरह वे यहां सड़कों का निर्माण कराएंगे। जनता से किया गया वादा पूरा करेंगे।"

तेजस्वी यादव की घोषणा पर उन्होंने कहा कि घोषणाएं हर कोई करता है। जनता से वादा कर देना अलग है, लेकिन कुर्सी पर बैठने के बाद लोभ आ जाएगा। इसलिए जनता से वादा करें तो उन पर खरा उतरें। घोषणाओं को पूरा करने की तेज प्रताप यादव की क्षमता है और इसका उदाहरण महुआ में बना मेडिकल कॉलेज है।

जिसके पास पावर, वो मुख्यमंत्री बनेगा

महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव और उपमुख्यमंत्री उम्मीदवार मुकेश सहनी पर तेज प्रताप यादव ने जवाब दिया और कहा कि जनता परेशान है। युवाओं को रोजगार चाहिए। यहां मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम कौन बनेगा, ये जनता पर निर्भर करता है। जिसके पास पावर होगी, जनशक्ति जिसे मिलेगी, वह मुख्यमंत्री बनेगा।

मां-बाप का आशीर्वाद हमेशा साथ में : तेज प्रताप यादव

महुआ से अगर जीते हैं तो क्या माता-पिता से आशीर्वाद लेने जाएंगे? इस पर तेज प्रताप यादव ने कहा, "मां-बाप का आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ है और महुआ की जनता का भी आशीर्वाद हमारे साथ है।"

राजद प्रत्याशी पर तेज प्रताप का हमला

तेज प्रताप ने कहा कि उन्होंने महुआ में कोई काम नहीं किया। विधायक ने सिर्फजनता को ठगने का काम किया। तेज प्रताप यादव ने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव फर्जी लोगों को ही टिकट दे रहे हैं।

तेज प्रताप को मिला महागठबंधन का समर्थन

पटना/ए.। बिहार विधानसभा चुनाव में अब हर दिन नए समीकरण बनते दिख रहे हैं. इसी कड़ी में पूर्वी चंपारण की सुगौली विधानसभा सीट से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां महागठबंधन ने तेज प्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल से हाथ मिला लिया है. दरअसल वीआईपी ने तेजप्रताप के कैंडिडेट श्याम किशोर चौधरी को समर्थन देने का ऐलान किया है। श्याम किशोर चौधरी केवट-खुलवाट समाज से आते हैं और इस बार ब्लैक बोर्ड छाप चुनाव चिन्ह पर मैदान में हैं.

वीआईपी पार्टी ने अपने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों से अपील की है कि वे श्याम किशोर चौधरी को जिताने के लिए पूरी ताकत से काम करें। दरअसल कुछ दिन पहले इस सीट पर महागठबंधन को बड़ा झटका लगा था. वीआईपी के आधिकारिक उम्मीदवार शशि भूषण सिंह का नामांकन रद्द कर दिया गया था. आयोग ने दस्तावेज़ों में तकनीकी खामियां और वेरिफिकेशन में गड़बड़ी मिलने के बाद उनका नामांकन अमान्य घोषित कर दिया था. अब पार्टी ने स्थिति को संभालते हुए श्याम किशोर चौधरी पर भरोसा जताया है. माना जा रहा है कि यह फैसला महागठबंधन के वोट बैंक को एकजुट करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान में 5 दिसम्बर तक

केआईयूजी 'गौरव की दिशा में पहला कदम' है : मंडाविया

❍ *पहली बार, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग, तथा साइक्लिंग (मेडल स्पोर्ट्स) और खो-खो (डेमोंस्ट्रेशन) पांचवीं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का हिस्सा होंगे*

नई दिल्ली/आईएएनएस। पाँचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान के सात शहरों में 24 नवंबर से 5 दिसंबर, 2025 तक आयोजित होंगे। इसमें 23 मेडल स्पोर्ट्स और एक डेमोंस्ट्रेशन स्पोर्ट में प्रतियोगिताएँ होंगी।

इसी साल कुछ समय पहले में बिहार में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तरह, यूनिवर्सिटी गेम्स भी राजस्थान के सात शहरों–जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर–में आयोजित होंगे। इस 12 दिनों के यूनिवर्सिटी आयोजन में 5,000 से अधिक एथलीटों के आने की उम्मीद है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सहयोग से किया जाता है।

युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, "खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स भारत के खेल मार्ग में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। दुनिया भर में विश्वविद्यालय, चैंपियनों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और चढ्ढत हमारे युवा एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता दिखाने का मंच प्रदान करता है। इन खेलों का राजस्थान संस्करण भारत के विस्तृत खेल परिदृश्य को उजागर करेगा और वैश्विक स्तर पर राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने की आकांक्षा रखने वालों के लिए पहला कदम साबित होगा।"

इसके आगे, डॉ. मंडाविया ने कहा, "माननीय प्रधानमंत्री जी के विज़न के तहत, खेलो इंडिया पहल ने भागीदारी, प्रतिभा विकास और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने वाला एक ठोस पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है। राजस्थान में आयोजित होने वाले ये यूनिवर्सिटी गेम्स हजारों छात्रों को न केवल खेलों को पढ़ाई के समानांतर ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे साथ ही प्रतियोगिता एवं सौहार्द के माध्यम से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत भी करेंगे।"

चुनाव आयोग ने सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स, न्यूज चैनलों और डिजिटल नेटवर्क को जारी की सख्त चेतावनी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव और उपचुनावों से पहले चुनाव आयोग ने सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स, न्यूज चैनलों और डिजिटल नेटवर्क्स को सख्त चेतावनी जारी की है। आयोग ने कहा कि आगामी चुनावों के दौरान साइलेंस पीरियड और एग्जिट पोल से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। चुनाव आयोग ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा 11 नवंबर को होगा। आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) का हवाला देते हुए कहा कि मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले किसी भी प्रकार की चुनावी सामग्री या प्रचार से संबंधित प्रसारण टीवी, रेडियो या किसी अन्य माध्यम पर नहीं होना चाहिए। इस साइलेंस पीरियड के दौरान किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के पक्ष या विपक्ष में चर्चा, बहस या मतदाता को प्रभावित करने वाला कोई भी कार्यक्रम प्रसारित करना कानूनन अपराध माना जाएगा।

चुनाव आयोग की चेतावनी : – मतदान से 48 घंटे पहले प्रचार पूरी तरह प्रतिबंधित

चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 126ए के तहत एग्जिट पोल का संचालन या प्रकाशन भी पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध 6 नवंबर सुबह 7 बजे से लेकर 11 नवंबर शाम 6:30 बजे तक लागू रहेगा।

राजद को नहीं मिला ब्लैंक चेक, राहुल विपक्ष के सबसे बड़े लीडर

पटना/ए.। बिहार चुनाव की तस्वीर धीरे-धीरे स्पष्ट हो रही है। मतदाताओं के सामने मुख्य प्रश्न है कि नीतीश सरकार को कायम रखना है या विपक्षी गठबंधन को सत्ता में लाना है। सवाल उठता है कि मतदाताओं के लिए चुनावी आकलन की मुख्य कसौटी क्या है? कसौटी यही हो सकती है कि तीनों प्रमुख धाराओं के चुनाव में उद्देश्य क्या हैं और यह कि क्या उनकी संपूर्ण भूमिका उन उद्देश्यों के अनुरूप है? इन्हीं सवालों से चुनावी संभावनाओं के भावी दृश्य स्पष्ट होने लगते हैं।

23 अक्टूबर की संयुक्त प्रेस वार्ता के पहले विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेताओं की एक भी बैठक नहीं हुई। जब लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव दिल्ली में अपने मुकदमों के लिए कोर्ट में पेश होने आए तो माना जा रहा था कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं साथ उनकी बैठक होगी। खबर यह आई कि लालू यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से फोन पर बात की। यानी तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की बैठक नहीं हो सकी। पार्टियों ने स्वयं ही उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस मान रही है कि राहुल गांधी सेकुलरिज्म के सबसे बड़े चेहरे हैं। उनकी लोकप्रियता विपक्ष के सभी नेताओं से ज्यादा है। इस वजह से कांग्रेस आरजेडी को ब्लैंक चेक देने के मूड में नहीं रही और इसी कारण तेजस्वी को गठबंधन का मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने में काफी विलंब हुआ। चिराग से समस्या । दूसरी ओर बीजेपी, जेडीयू की समान सीटों वाले एनडीए के नेताओं ने बार-बार स्पष्ट किया कि वे नीतीश के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहे हैं। यहां भी सीटों पर मतभेद थे। लेकिन समस्या केवल चिराग पासवान की एलजेपी को 29 सीटें देने के कारण पैदा हुई। उनके खाते में कुछ सीटें ऐसी रहीं, जिनमें आरएलएम और हम के साथ-साथ जेडीयू भी अपना उम्मीदवार लड़ाना चाहती थी। इसीलिए नीतीश ने राजगीर और सोनबरसा में अपने उम्मीदवार को चुनाव चिह्न देकर नामांकन करवा दिया।

एकजुटता पर सवाल

विपक्षी गठबंधन के सामने सीधा लक्ष्य महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में दिखे बीजेपी के विजय अभियान को रोक कर लोकसभा चुनाव में दिए गए धक्के को फिर सतह पर लाना है। इस नाते विपक्ष को हर हाल में उम्मीदवारों, राजनीतिक मुद्दों और चुनाव अभियानों में सशक्त एकजुटता प्रदर्शित करनी चाहिए थी। क्या इनका आचरण इसके अनुरूप रहा?

बिहार की जनता को नीतीश कुमार पर भरोसा

गोरखपुर। गोरखपुर के सांसद और फिल्म स्टार रवि किशन रविवार को राप्ती नदी के तट पर बने छठ घाटों का निरीक्षण करने पहुंचे। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भी अपनी बात रखी और कहा कि इस बार भी प्रदेश में एनडीए की सरकार बनेगी। रवि किशन ने कहा कि बिहार की जनता अपने फैसले में स्पष्ट है। जनता अब फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है और कोई भी 'जंगलराज' की ओर लौटना नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी बहनों और बेटियों की सुरक्षा चाहते हैं और किसी भी तरह के अपराध या अपहरण जैसी घटनाओं को देखना नहीं चाहते। एक बार फिर बिहार में नीतीश कुमार को ही जनता चुनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने हर मां और बहन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं।

अपनी सरकार में दी थीं सिर्फ 94 हजार नौकरी

पटना । बिहार विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने राजद और लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधा है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार के लोगों ने पंद्रह साल तक लालू के परिवार को सत्ता दी। इस दौरान जमकर भ्रष्टाचार हुए और केवल 94,000 लोगों को सरकारी नौकरी मिली। सम्राट चौधरी ने कहा कि राजद नेता लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के लोग भ्रष्टाचार के लिए जाने जाते हैं। जब लालू मुख्यमंत्री बने, तो पक्षपात का चलन शुरू हुआ। इसके बाद जब वे देश के रेल मंत्री बने, तो नौकरियां पैदा करने के बजाय जमीन के सौदे शुरू हो गए। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के कार्यकाल में 18 लाख से ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरी मिली। एनडीए सरकार ने लाखों लोगों को रोजगार दिया है।

पूर्ण बहुमत की सरकार बनना तय

छठी मैया का आशीर्वाद एनडीए के साथ : पासवान

पटना (आईएएनएस)। बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। इसके साथ ही नेताओं के बीच सियासी बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है।

इस क्रम में लोक जनशक्ति (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। जन शक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव द्वारा महुआ विधानसभा क्षेत्र में क्रिकेट स्टेडियम बनाने के वादे पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि यह अच्छी बात है, अच्छा विचार है। ऐसी महत्वाकांक्षा रखना अच्छी बात है। वे मेरे छोटे भाई हैं, लेकिन मेरा मानना ??है कि इस बार उनके लिए वहां से चुनाव जीतना संभव नहीं है। राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा सीएम नीतीश कुमार पर की गई टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जिस व्यक्ति पर वे आरोप लगा रहे हैं, उसने बहुत पहले ही प्रचार शुरू कर दिया था। उन्होंने गठबंधन को लेकर सभी चिंताओं का समाधान किया और फिर हम संयुक्त गठबंधन के रूप में उभरे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि मुझे नहीं पता कि राहुल गांधी कहां हैं या क्या हुआ है। जिन लोगों ने बिहार में एसआईआर मुद्दे पर इतनी गंभीर चिंता दिखाई, उन्होंने एक नैरेटिव सेट करने की कोशिश की।

बिहार में एक्टिव होंगे राहुल गांधी, कांग्रेस ने बनाया चुनाव प्रचार का खास प्लान

पटना/ए.। कांग्रेस का बिहार में चुनाव अभियान छठ पूजा के तुरंत बाद शुरू होगा, जिसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी इंडिया ब्लॉक के लिए प्रचार करेंगे, पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव वेणुगोपाल ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित पार्टी के अन्य नेता भी राज्य में प्रचार करेंगे, जहां अगस्त में मतदाता अधिकार यात्रा ने पार्टी को बहुप्रतीक्षित गति प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि हमारा अभियान छठ पूजा के तुरंत बाद शुरू होगा।

मुझे लगता है कि राहुल गांधी 29 और 30 अक्टूबर को यहां आएंगे। प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खड़गे के दौरे भी प्रस्तावित हैं।

वेणुगोपाल, जो गांधी के करीबी सहयोगी हैं, उन कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में शामिल हैं जो पार्टी की रणनीति को दुरुस्त करने के लिए चुनावी राज्य में डेरा डाले हुए हैं। इसके अलावा वे पार्टी कार्यकर्ताओं में व्याप्त संकट को दूर करने का भी प्रयास कर रहे हैं। कई कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि टिकट बिक्री के लिए रखे गए हैं। जब राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हर चुनाव में कई लोग टिकट की चाहत रखते हैं और जब उनकी उम्मीदें टूट जाती हैं तो वे नाराज हो जाते हैं। लेकिन मैं उन सभी से अपील करूंगा कि चुनाव खत्म होने तक अपनी शिकायत जाहिर न करें। गहलोत ने आरोप लगाया था कि लेकिन अफसोस की बात है कि चुनावी बॉन्ड के जरिए जो पैसा उन्होंने कमाया था, वह उनके पास ही है। वे चुनावों के दौरान मतदाताओं को रिश्वत देने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। विपक्षी नेताओं को एक-दो करोड़ के लेन-देन के लिए ईडी और सीबीआई के नोटिस मिलते हैं, लेकिन भाजपा बेखौफहोकर लाखों खर्च करने में सक्षम है।

नीतीश कुमार पर गहलोत का प्रहार

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए गहलोत ने आरोप लगाया कि उन्होंने बहुत ज्यादा राजनीतिक उलटफेर करके अपनी प्रतिष्ठा धूमिल कर ली है। अपने राजनीतिक जीवन के अंतिम पड़ाव पर उन्हें इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस गहरे स्तर पर गिर गए हैं। एक समय उन्हें देश का प्रधानमंत्री बनने के योग्य समझा जाता था। अब बिहार की जनता उनसे थक चुकी है। वे बदलाव के लिए वोट करना चाहते हैं। उन्होंने भाजपा पर "लोगों को लूटने" का आरोप लगाया और इसके लिए चुनावी बांड का उदाहरण दिया, जिसका सबसे बड़ा लाभार्थी भाजपा ही थी, जब तक कि सर्वोच्च न्यायालय ने इसे "असंवैधानिक" घोषित नहीं कर दिया।

जीएम ने अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने दिलाई शपथ

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सतर्कता विभाग द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग के मार्गदर्शन में इस सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य संगठन एवं समाज में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की संस्कृति को और अधिक सशक्त बनाना है।

दिन की शुरुआत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय से बिलासपुर स्टेशन तक निकाली गई प्रेरक प्रभात फेरी से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक सेवा में ईमानदारी और सतर्कता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना तथा सत्यनिष्ठा के संदेश को जनचेतना के रूप में स्थापित करना था। सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी पर प्रकाश डालते हुए एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस नाटक ने एक समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सत्यनिष्ठा की अहम भूमिका को रेखांकित किया और उपस्थित सभी को अपनी व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जिम्मेदारियों में पारदर्शिता और ईमानदारी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात् दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी कार्यालयों एवं स्टेशनों पर एक साथ सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। मुख्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्य के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि ÷सत्यनिष्ठा केवल एक शब्द नहीं, बल्कि यह प्रत्येक रेलकर्मी के आचरण और कार्य संस्कृति की पहचान होनी चाहिए। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं हितधारकों ने एक स्वर में यह प्रतिज्ञा की कि वे नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए भ्रष्टाचार-मुक्त वातावरण निर्मित करने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए योगदान देंगे। सतर्कता जागरूकता सप्ताह शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण के महत्व को पुनः रेखांकित करता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे इन आदर्शों को अपने प्रत्येक कार्य में आत्मसात करते हुए ईमानदार, जिम्मेदार और पारदर्शी रेल सेवा प्रदान करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

वंदे भारत एक्सप्रेस के यात्रियों ने छठ गीतों के साथ की सुखद यात्रा

भारतीय रेल की सेमी हाई-स्पीड और आधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा ने एक बार फिर देशवासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। छठ के पावन अवसर पर नई दिल्ली और पटना के बीच चलाई जा रही अनेक विशेष गाड़ियों में एक वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है, जिसने यात्रियों को छठ पर्व की भावना में डुबो दिया। शनिवार को विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्रियों के लिए सफर का अनुभव और भी खास बन गया, जब ट्रेन में छठ के पारंपरिक गीतों की मधुर धुनें गूंज उठीं। भारतीय रेल की इस पहल ने छठ पूजा के अवसर पर पारंपरिक लोकगीतों की मनमोहक धुनें बजाकर यात्रियों को अपने घर-परिवार और संस्कृति से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। छठ पर्व पर घर लौट रहे यात्रियों का उत्साह और आनंद इस दौरान कई गुना बढ़ गया। वंदे भारत एक्सप्रेस अपनी रफ्तार के साथ-साथ अपनी आधुनिक सुविधाओं के लिए भी जानी जाती है। इसके कोच यात्रियों को एयरलाइंस जैसी सुविधा और आराम का अनुभव कराते हैं।

■ न्यूज गैलरी

छात्र की मौत मामले में कांग्रेस ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज़िला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण/शहर) द्वारा आज 27 अक्टूबर को केंद्रीय विश्वविद्यालय गुरुघासीदास के छात्र अर्सलान अंसारी की मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांण्डेय,मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व महापौर राम शरण यादव, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक, पूर्व सभापति शेख नजीरुद्दीन, शहर प्रवक्ता ऋषि पांण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू आदि थे। ज़िला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना इस लिए की गई कि राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा का लाभ युवाओं को मिल सके ,किन्तु विश्वविद्यालय शिक्षा की मंदिर न होकर एक विशेष विचार धारा के प्रचार-प्रसार की संस्था बन कर रह गई है, जिससे दूर दूर से आये छात्र मायूस हो रहे है, अव्यवस्था का आलम ये है कि विश्वविद्यालय लगातार विवादों से घिरा रहता है, जो छात्र प्रबंधन के खिलाफ या अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाता है उसे बाहर का रास्ता दिखाने में प्रबंधन क्षणिक भी देरी नही करता ,जिस परिसर में धर्मांतरण जैसी घटना हो गई ,पर प्रबंधन पर कोई कार्यवाही नही की जाती।

परिजनों ने कहा- आत्महत्या नहीं, प्रबंधन की लापरवाही से गई जान

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के तालाब में मिली छात्र की लाश, 3 दिनों से था लापता

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के तालाब में 23 अक्टूबर को एक युवक की लाश मिली थी। मृतक की पहचान यूनिवर्सिटी के स्वामी विवेकानंद हॉस्टल में रहने वाले छात्र अर्सलान अंसारी के रूप में हुई है। वह बिहार के छपरा जिले के कादीपुर गांव का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक, अर्सलान अंसारी 21 अक्टूबर से लापता था। वह क्रस्फ फिजिक्स थर्ड ईयर का स्टूडेंट था। रविवार को अर्सलान के पिता अर्शद अयूब बिहार से बिलासपुर पहुंचे और कपड़ों के आधार पर बेटे की पहचान की। उन्होंने अपने बेटे की मौत के लिए यूनिवर्सिटी प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है।

पिता का आरोप है कि यूनिवर्सिटी के अधिकारियों की लापरवाही के कारण ही उनके बेटे की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बेटे के गायब होने की शिकायत और जानकारी देने के बावजूद किसी ने समय पर ध्यान नहीं दिया। पिता ने यह भी कहा कि उनका बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता। इधर, सिम्स में शव का पीएम करने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों ने सिर पर चोट के निशान होने की बात कही है। इससे छात्र की हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। दरअसल, शुक्रवार की रात यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने हॉस्टल का सीसीटीवी और रजिस्टर चेक किया। इसके बाद पता चला कि हॉस्टल से एक छात्र 21 अक्टूबर से गायब है। 23 अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर में यूटीडी के पास तालाब में एक युवक का शव मिला। शिनाख्त न होने के कारण पुलिस ने शव को सिम्स की मरच्यूरी में रखवा दिया था। हालांकि, छात्र की पुरानी फोटो और टी-शर्ट देखकर अंदाजा लगा रहे थे कि शव बीएससी थर्ड ईयर के गायब छात्र का हो सकता है। उनका यह भी कहना था कि छात्र के पिता से बात हुई है।

18 अक्टूबर के बाद से नहीं हुई थी बातः पिता

इधर शनिवार को लापता छात्र अर्सलान अंसारी के पिता बिहार से बिलासपुर पहुंचे और उन्होंने बेटे के कपड़ों से पहचान की। उन्होंने बताया कि बेटा बीएससी फिजिक्स, पांचवें सेमेस्टर का छात्र था और स्वामी विवेकानंद हॉस्टल के कमरे नंबर 45 में रहता था। 18 अक्टूबर के बाद से बेटे से बात नहीं हो पाई थी। 24 अक्टूबर को प्रशासनिक वार्डन को कॉल किया तो उन्होंने कहा कि देखकर बताऊंगा, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया।

फंदे पर लटकती मिली युवक की लाश

■ छठ पर्व की तैयारी के लिए निकले थे डॉक्टर दंपती

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में डॉक्टर दंपती के जवान बेटे ने रविवार देर रात फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय माता-पिता घर पर नहीं थे। लौटने पर वो अपने बेटे का शव देखकर हैरान रह गए। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक रोगी था। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। बृहस्पति बाजार स्थित चंद्रा पार्क निवासी डॉ. आशुतोष तिवारी और उनकी पत्नी डॉ. आरती पांडेय दोनों सिम्स में पदस्थ हैं। रविवार की शाम दोनों पति-पत्नी छठ पूजा की तैयारी के लिए खरीदारी करने घर से बाहर गए थे। इस दौरान घर उनका बेटा आयुष्मान तिवारी 19 वर्ष घर पर था। आयुष्मान की मानसिक स्थिति कमजोर थी। डॉक्टर पति-पत्नी रात करीब 10.30 बजे वापस घर पहुंचे। इस दौरान उनके

बेटे का शव कमरे में पड़ा मिला। पंखे पर रस्सी का आधा हिस्सा और गले में आधा हिस्सा बंधा हुआ था। आयुष्मान की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने इस घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुम्मत राम साहू ने बताया कि आयुष्मान की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका इलाज चल रहा था। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची भक्तिः सूर्या

■ अखंड नवधा रामायण के चौथे दिन श्रीराम की आरती कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की

सीपत/नवप्रदेश। सीपत के तेली धीवर मोहल्ले में जारी अखंड नवधा रामायण पाठ के चौथे दिवस पर श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या शामिल हुए। उन्होंने विधिवत भगवान श्रीराम की आरती कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की मंगल कामना की। इस अवसर पर भाजपा नेता बांके बिहारी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। श्री सूर्या ने कहा कि भगवान श्रीराम की कथा केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए है। श्रीराम ने मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का जो उदाहरण दिया, वह हर मानव के लिए आदर्श है। अगर हम श्रीराम के पथ पर चलें तो परिवार, समाज और राष्ट्र – तीनों का कल्याण सुनिश्चित होगा। उन्होंने आगे कहा कि आज समाज में अच्छाई और मर्यादा की सबसे अधिक आवश्यकता है। जब हर व्यक्ति श्रीराम जैसे आदर्श अपनाएगा, तभी सच्चे अर्थों में रामराज्य की कल्पना साकार होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला मंडल, युवा समूह और ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे। वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा और भक्ति संगीत की मधुर धुनों से पूरा क्षेत्र राममय हो गया।

समाज में संस्कृति व आस्था का संगम बड़ी पूंजी

सूर्या ने कहा कि समाज में संस्कृति और आस्था का यह संगम हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हम तकनीक और विकास के दौर में हैं, लेकिन अगर संस्कृति से कट गए, तो जीवन अधूरा है। श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें धर्म, नीति और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों और श्रद्धालुओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक हैं।

रेलवे स्कूल में स्काउट गाइड रैलीवीर आजाद ग्रुप बना ओवरऑल चैंपियन

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्काउट्स एवं गाइड्स संघ की 20वीं वार्षिक जिला रैली का समापन रेलवे स्कूल क्रमांक-1 में उत्साहपूर्वक हुआ। तीन दिवसीय शिविर में बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडल के 390 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल मुख्य अतिथि रहे। विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिसमें वीर आज़ाद ग्रुप ने ओवरऑल चैंपियनशिप, जबकि एमएलबी ओपन ग्रुप ने गाइड व गेट मेकिंग में बाजी मारी।

खनिजों का अवैध खनन व परिवहन करते 8 वाहन जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एंव उप संचालक खनिज प्रशासन के मार्गदर्शन मे जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमला द्वारा सिरगिट्टी,सरवानी, काठा कोनी, कपसिया कला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जहाँ पिरय्या क्षेत्र से 01 ट्रेक्टर ट्राली,01 हाइवा व 01 जे सी बी मिट्टी का अवैध उत्खनन व परिवहन करते पाये जाने पर जब्त कर थाना सिरगिट्टी व जाँच चौकी लावर की अभिरक्षा मे रखा गया है।कपसिया कला क्षेत्र से 04 ट्रैक्टर ट्राली व 01 जे सी बी मुरुम का अवैध खनन व परिवहन करते पाये जाने पर जब्त कर थाना कोटा की अभिरक्षा मे रखा गया है। इस प्रकार कुल 08 वाहनों को अवैध खनन व परिवहन करते पाये जाने पर खनिज नियमों के तहत बरामद किया गया है। खनिजों के अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा निगरानी और लगातार कार्रवाई जारी है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक की पहल पर खूंटाघाट से बढ़ा जलस्तर

किसानों के खेतों तक पहुंचा सिंचाई का पानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। खूंटाघाट जलाशय से छोड़े जा रहे पानी के कम बहाव के कारण किसानों में चिंता का माहौल बना हुआ था। छोटे नहरों से निस्तारी करने वाले किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था, जिससे धान की फसल सूखने की कगार पर थी। गांव-गांव के किसान इस समस्या को लेकर सरपंचों के माध्यम से विभाग में आवेदन देने की बात करते रहे। किसानों की इस परेशानी की जानकारी मिलते ही भारतीय जनता पार्टी सीपत मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा तुरंत सक्रिय हो गए। उन्होंने किसानों की समस्या को

गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों से सीधा टेलीफोनिक संवाद कर नहर में छोड़े जाने वाले पानी के स्तर को बढ़ाने के निर्देश दिए।

मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि किसानों की मेहनत व्यर्थ न जाए, इसके लिए तत्काल कार्रवाई की गई है। अब खुटाघाट जलाशय से नहर में अधिक मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। सभी किसान अगले दो-चार दिनों में अपने खेतों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था कर लें, क्योंकि नहर 30 अक्टूबर तक बंद कर दी जाएगी। इधर, पानी के बढ़े बहाव से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। कई किसानों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर पहल से हमारी फसल बच गई। अगर यही हाल कुछ दिन और रहता तो फसल सूख जाती। इस पहल से यह स्पष्ट होता है कि स्थानीय नेतृत्व किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील और तत्पर है। प्रशासनिक सहयोग से अब सीपत क्षेत्र के अधिकांश गांवों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचने लगा है, जिससे फसल की हरियाली फिर लौटने लगी है।

रेलवे फाटक 30 से बंद, ओवरब्रिज बनेगा नया सुरक्षित मार्ग

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन ने सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मनेन्द्रगढ़ स्टेशन यार्ड स्थित मानव सहित समपार फाटक संख्या बीसी-02 (नगर पालिका परिषद फाटक) को स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अनुसार यह फाटक 30 अक्टूबर से सड़क यातायात के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग के रूप में पास में निर्मित नया रोड ओवरब्रिज उसी दिन से पूरी तरह चालू कर दिया जाएगा। इस निर्णय से क्षेत्रवासियों को ट्रेनों के आवागमन के दौरान लगने वाले जाम और प्रतीक्षा से राहत मिलेगी। नया ओवरब्रिज न केवल सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करेगा, बल्कि नगर के भीतर यातायात प्रवाह में भी सुधार लाएगा।

जागरुकता — एनटीपीसी सीपत में शपथ ग्रहण के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों पर आधारित कार्यसंस्कृति को सशक्त बनाने लिया संकल्प

बिलासपुर/सीपत/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत में 27 अक्टूबर को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ शपथ ग्रहण समारोह के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय तथा महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) सुरोजीत सिन्हा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ दिलाई।

उल्लेखनीय है कि 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित सभी महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार के उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों पर आधारित कार्यसंस्कृति को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। सप्ताह के दौरान सतर्कता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें कर्मचारियों के परिवार की महिलाओं के लिए निबंध प्रतियोगिता, कर्मचारियों के लिए क्विज़ प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता तथा बच्चों में सतर्कता एवं ईमानदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से बाल भारती स्कूल के विद्यार्थियों के लिए वाल पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। एनटीपीसी सीपत में यह सतर्कता जागरूकता सप्ताह सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं जनहित के मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में एक सामूहिक प्रयास के रूप में मनाया जा रहा है।

सुविचार

रहने दो हर किसी को उसके हाल पर। कांच के बिखरे टुकड़े घायल कर देते हैं उसे समेटने वाले को। - अज्ञात

बिहार में राजद की मुश्किलें बढ़ीं

बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन का नेतृत्व करने वाले राष्ट्रीय जनता दल की मुश्किले बढ़ गई हैं। उसका एमवाई समीकरण गड़बड़ाने का खतरा पैदा हो गया है। गौरतलब है कि मुस्लिम और यादव वोट बैंक के चलते ही राष्ट्रीय जनता दल बिहार की सबसे बड़ी पार्टी बना रहा है और लालू प्रसाद यादव तथा उनकी धर्मपत्नि राबड़ी देवी एमवाई समीकरण के चलते ही मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए थे। किन्तु इस बार राष्ट्रीय जनता दल से मुस्लिम वोटों के छिटकने की संभावना बलवति हो गई है। यदि राजद के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लग गई तो उसके लिए बिहार की सत्ता पर काबिज होना असंभव हो जाएगा। दरअसल जब महागठबंधन की ओर से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया और वीआईपी पार्टी के मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री का चेहरा बनाया गया तभी से असदुद्दीन ओवैसी और प्रशांत किशोर ने राजद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उन्होंने किसी मुस्लिम को उपमुख्यमंत्री का चेहरा घोषित न करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल पर यह कहकर निशाना साधना शुरू कर दिया है कि राष्ट्रीय जनता दल में मुस्लिम नेताओं को सिर्फ दरी बिछाने के लिए ही जगह दी गई है लेकिन इस बार अपनी उपेक्षा से नाराज मुस्लिम वोटर राजद की दरी उठा देंगे। उनका कहना है कि सिर्फ 2 प्रतिशत वोट बैंक वाले मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया गया है जबकि बिहार में मुस्लिमों की आबादी 18 प्रतिशत है और वे बिहार की लगभग पचास सीटों पर निर्णनायक भूमिका निभाते हैं। अब असद्दुदीन ओवैसी और प्रशांत किशोर इसी मुद्दे को जोर शोर से उठा रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने तो पिछले विधानसभा चुनाव में पांच सीटें जीती थी यह बात अलग है कि बाद में उनकी पार्टी के विधायकों को राष्ट्रीय जनता दल ने प्रलोभन देकर राजद में शामिल कर लिया था। ओवैसी इस बात को नहीं भूले हैं और इस बार तो वे बिहार में पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरे हैं और उन्हें मुस्लिम मतदातओं का भरपूर समर्थन मिल भी रहा है। वहीं प्रशांत किशोर ने भी लगभग 70 सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारें हैं और वे यह साबित करना चाह रहे हैं कि उनकी जनसुराज पार्टी ही सही मायनों में मुस्लिमों की हित चिंतक है। जाहिर है राष्ट्रीय जनता दल को अब अपने परंपरागत मुस्लिम वोट बैंक के दरकने की चिंता सता रही है और डेमेज कंट्रोल के लिए तेजस्वी यादव ने यह घोषणा की है कि यदि बिहार में उनके नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी तो वे बिहार में वक्फ कानून को लागू नहीं होने देंगे और इस कानून को कूडेदान में फेंक देंगे। उनकी इस घोषणा से मुस्लिम मतदाता कितने प्रभावित होते हैं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

रोहित शर्मा ने रचा नया कीर्तिमान

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया एकदिवसीय मैच की श्रृंखला भले ही 2-1 उसे हार गई हो लेकिन इस सीरीज में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने एक नया कीर्तिमान रच दिया है। तीसरे वंडे में रोहित शर्मा ने शतक जड़कर टीम इंडिया को जीत दिलानें में अग्रणी भूमिका निभाई है। यह उनका वंडे में पचासवां शतक रहा है। उनकी इस शानदार पारी के लिए उन्हें न सिर्फ मैन ऑफ द मैच का बल्कि मैन ऑफ द सीरीज का भी पुरस्कार मिला है। रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जैसा प्रर्दशन किया है उसे देखकर यही कहा जा सकता है कि उनमें अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वंडे सीरीज में टीम इंडिया के लिए जब खिलाड़ियों का चयन किया गया था तो रोहित शर्मा से कप्तानी छीन ली गई थी और उनकी जगह शुभमन गिल को टीम इंडिया की बागडोर सोंपी गई थी। तब भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों में बीसीसीआई के इस फैसले का भारी विरोध किया था। कई पूर्व क्रिकेट खिलाड़ियों ने रोहित शर्मा से कप्तानी छीने जाने पर आपत्ति दर्ज कराई थी और यह मांग की थी कि आगामी वर्ल्ड तक रोहित शर्मा को ही वंडे क्रिकेट टीम की कमान देनी चाहिए जो अब तक टीम इंडिया के सबसे सफल कप्तानों में से एक रहे हैं। बहरहाल रोहित शर्मा ने बीसीसीआई के इस फैसले को विनम्रता स्वीकार किया है और एक खिलाड़ी के रूप मे ऑस्ट्रेलिया में बेहतरीन प्रर्दशन कर खुद को साबित करके दिखा दिया।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ मैं कहता हूँ तुम्हें और किसी साधना की जरूरत नहीं, तुम पहुँच चुके हो जहाँ तुम्हें पहुँचना है क्योंकि जब-जब कोई दूसरा कारण होगा तो सारी जिंदगी इस प्रयत्न में मरते रहोगे कि जब तक वह ठीक नहीं होगा तो मेरा रोना ठीक नहीं होगा। मेरा बेटा, मेरी पत्नी, मेरा, मैंकृ स्थिति अब तुम्हारे हाथ में कुछ नहीं; तुम दरिद्र हो अब, तुम गुलाम हो अब ! तुम्हारा रोना भी तुम्हारे हाथ नहीं है, लोग तय करते हैं कि तुम कितनी देर रोओगे ? अरे !! यह जीना भी क्या जीना है??

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1846 पायनियर्स सिएरा नेवादा में बर्फ़ीला तूफ़ान से 42 लोग मरे। 1859 स्पेन ने अफ्रीकी देश मोरक्को के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1863 जिनेवा में हुए कांग्रेस के तहत अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति का गठन किया गया। 1868 थॉमस एडीसन अपना पहला पेटेंट इलेक्ट्रिक वोट रिकॉर्डर बनाया। 1886 फ्रांस ने दोस्ती के प्रतीक के रूप में अमेरिका को स्टैचु ऑफलिबर्टी भेंट किया। 1904 पनामा और उरुग्वे ने राजनयिक संबंध स्थापित किये। 1913 जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा की स्थापना हुई। 1915 रिचर्ड स्ट्रॉस ने बर्लिन में अपनी टोनपोम एन अल्पाइन सिम्फनी का पहला प्रदर्शन किया। 1918 हंगरी और आस्ट्रिया के अलग होने के बाद चेकोस्लोवाकिया स्वतंत्र हुआ। 1918 चेकोस्लोवाकिया ने ऑस्ट्रिया-हंगरी से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।1918 पश्चिमी गैलिसिया में एक नई पोलिस सरकार की घोषणा हुई। 1919 अमेरिकी कांग्रेस ने संयुक्त राज्य में निषेधाज्ञा को मजबूत करते हुए राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन के वीटो पर वोल्स्टेड अधिनियम पारित किया।

पीयूष गोयल

नए व्यापार समझौते से भारत के लिए बड़ा बाजार खुला

टीईपीए अपने मूल में स्थिरता को समाहित करता है, समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाले व्यापार को बढ़ावा देता है, गरीबी से लड़ता है और हमारे पर्यावरण की रक्षा करता है। पेरिस समझौते और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के मूल सिद्धांतों की पुष्टि करते हुए, यह जलवायु संबंधी कार्रवाई, लैंगिक समानता तथा जैव विविधता संरक्षण से संबंधित सहयोग को बढ़ावा देता है और उचित वेतन, सुरक्षित रोजगार एवं एक हरी-भरी धरती सुनिश्चित करता है। हरित प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान एवं सहयोग के जरिए, यह श्रमिकों का उत्थान करता है, असमानता को कम करता है और हमारे बच्चों के लिए एक समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करता है। मोदी के भारत में जन्मे बच्चे को घर पर भी उतने ही अवसर मिलते हैं, जितने कि आल्प्स की पहाड़ियों वाली भूमि, आग एवं बर्फवाली भूमि या फिर मध्यरात्रि के सूर्य वाली भूमि में! भारत की नियति में अलगाव नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदारी है। जिस तरह पुरानी सभ्यता वाले हमारे राष्ट्र के प्राचीन नाविकों ने साहस के साथ अज्ञात जलमार्गों पर यात्रा की थी, ठीक उसी तरह आज के 140 करोड़ भारतीय द्व आत्मविश्वास एवं दृढ़निश्चय के साथ और एकजुट होकर - आगे बढ़ रहे हैं। लक्ष्य है - अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करना, शिक्षा एवं डिजिटल क्रांति के जरिए सशक्त बनना और एक टिकाऊ भविष्य का निर्माण करना। हम सबको मिलकर वाणिज्य के क्षेत्र में भारत को एक ऐसे अग्रणी देश के रूप में पुनर्स्थापित करना है, जहां व्यापार एवं प्रौद्योगिकी मानवता की सेवा करें और नवाचार एवं समावेशन कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें।

भारत ने समृद्धि का एक और दरवाजा खोल दिया है। उसने प्रति व्यक्ति 100,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक आय वाले यूरोपीय देशों के एक धनी समूह के साथ एक नए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे भारतीय किसानों, मछुआरों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक आकर्षक बाजार में पहुंचने का रास्ता खुल गया है और प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 मिशन को पर्याप्त गति मिलेगी। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफ्टीए) - स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन - के साथ हुआ व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) ऐतिहासिक है। यह समझौता 1 अक्टूबर को शुभ नवरात्रि के दौरान लागू हुआ। ईएफ्टीए के सदस्य देशों ने 15 वर्षों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश का संकल्प लिया है - जो दुनिया में किसी भी व्यापार समझौते में जतायी गई पहली ऐसी प्रतिबद्धता है। इस समझौते के जरिए, ईएफ्टीए के सदस्य देशों की सरकारें भारत में निवेश को बढ़ावा देंगी, कम से कम दस लाख रोजगारसृजित करेंगी और प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' मिशन को गति प्रदान करेंगी। विकसित भारत हेतु व्यापार की रणनीतिः मोदी सरकार ने अतीत की झिझक को छोड़कर मुक्त व्यापार समझौतों (एफ्टीए) को अपनाया है। ये समझौते हमारे उत्पादों और सेवाओं को प्रीमियम एवं विकसित बाजारों में पहुंचाते हैं। ये समझौते न सिर्फ नए दरवाजे खोलते हैं, बल्कि हमारे उद्योगों को सशक्त बनाते तथा हमें आगे बढ़ने में मदद करने वाले प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता का संचार भी करते हैं। भारत ने जहां जुलाई 2025 में यूनाइटेड किंगडम के साथ एक ऐतिहासिक समझौता किया, वहीं यूरोपीय संघ के साथ बातचीत भी अच्छी तरह आगे बढ़ी है। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक प्रयासों से ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ दोनों पक्षों के लिए लाभदायक समझौते हुए। प्रतिस्पर्धा के बीच आगे बढ़ते हुए वैश्विक मंचों पर अपनी छाप छोड़ने के आत्मविश्वास से भरा हुआ, भारतीय उद्योग जगत आज बुलंदियों पर खड़ा है। यूपीए शासन के दौरान किए गए जल्दबाजी भरे सौदों के उलट, गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए मोदी-युग के हर मुक्त व्यापार समझौते का उद्योग जगत के विभिन्न हितधारकों ने खुले दिल से स्वागत किया है। यूपीए शासन के सौदे बिना किसी जानकारी के और अक्सर उन प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ किए गए थे, जिन्हें हमारे बाजारों तक पहुंच तो मिली, लेकिन उन्होंने अपने दरवाजे पर्याप्त रूप से नहीं खोले।

भारत को आकर्षक बनाना - यह बदलाव 11 वर्ष पहले शुरू हुआ था, जब प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी अर्थव्यवस्था को ÷नाजुक पांच÷ के तमगे से उबारकर इसे व्यापार एवं पूंजी के लिए एक आकर्षण का केन्द्र बनाया। मोदी सरकार ने बुनियादी सुधारों के जरिए विरासत में मिली समस्याओं, गतिरोध, उच्च मुद्रास्फीति, भ्रष्टाचार और अक्षमताओं को दूर किया। अकेले उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने मार्च 2025 तक कुल 1.76 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है, जिससे 12 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति एवं राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति ने लागत में कमी की है और बुनियादी ढांचे को सुव्यवस्थित किया है। हमारी डिजिटल रीढ़ - जन-धन, यूपीआई और ट्रेड कनेक्ट - ने अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है और छह वर्षों में कुल 12,000 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 65,000 करोड़ लेनदेन को संभव बनाया है। इससे वंचित वर्ग अब वित्तीय मुख्यधारा में आ गया है।

निवेश और रोजगार सृजन - अब, ईएफ्टीए के 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश से दस लाख प्रत्यक्ष और अनगिनत अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का वादा किया गया है। यह निवेश पिछले 25 वर्षों में इन देशों से प्राप्त मात्र 11.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रत्यक्षविदेशी निवेश (एफ्डीआई) से कहीं अधिक बड़ा है। वर्ष 2024-25 में भारत का कुलएफ्डीआई 81 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के साथ, जोकि 14 प्रतिशत की वृद्धि है, वास्तविक प्रवाह जतायी गई प्रतिबद्धताओं को पीछे छोड़ सकता है। इसका श्रेय दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था में मौजूद अवसरों और मजबूत बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानूनों को जाता है, जिनका प्रभावी ढंग से पालन किया जाता है। टीईपीए प्रवर्तन एवं सुव्यवस्थित सुरक्षा उपायों के मामले में बेहतर सहयोग के जरिए आईपीआर को मजबूत करता है, नवोन्मेषकों को सशक्त बनाता है और ठोस नियामक संबंधी निश्चितता के बीच उच्च-तकनीक से संबंधित पूंजी को आकर्षित करता है। किसान और मछुआरे - प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ्डीआई) के अलावा, वस्त्र तथा रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आएगी। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। ईएफ्टीए के समृद्ध उपभोक्ता हमारे कृषि उत्पादों, चाय और कॉफी के लिए लालायित रहते हैं। भारत ने जहां डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को संरक्षण दिया है, वहीं चावल, ग्वार गम, दालें, अंगूर, आम, सब्जियां, बाजरा और काजू के व्यापार को अवसर प्रदान किए हैं। बिस्कुट, कन्फेक्शनरी, चॉकलेट और सॉस जैसे प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर शुल्क में कटौती से यह सौदा और भी बेहतर हो गया है। मछुआरे इस बात से खुश हैं कि निर्बाध मानक सहयोग के जरिए फ्रोजन झींगा, प्रॉन्स और स्क्विड का निर्यात बढ़ेगा। आकांक्षी भारतीयः टीईपीए द्वारा नर्सिंग, अकाउंटेंसी और आर्किटेक्चर के क्षेत्र में पारस्परिक मान्यता से संबंधित समझौतों का मार्ग प्रशस्त होने से इन सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भारतीय पेशेवरों के लिए ईएफ्टीए में प्रवेश आसान हो जाएगा। सक्रिय नियामक वार्ताओं के जरिए तकनीकी बाधाओं के कम होने से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), व्यवसाय, सांस्कृतिक, मनोरंजन, शिक्षा और दृश्य-श्रव्य सेवाओं के लिए द्वार खुलेंगे। बाधाओं की समाप्तिः टीईपीए टैरिफसे आगे बढ़कर खाद्य सुरक्षा, पशु एवं पादप स्वास्थ्य, उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं उपभोक्ता संरक्षण के संबंध में निष्पक्ष व पारदर्शी नियम तैयार करता है। स्पष्ट सूचना साझाकरण, सत्यापन, आयात संबंधी जांच एवं प्रमाणन इन्हें व्यापार से संबंधित मकड़जाल बनने से रोकते हैं, भारतीय वस्तुओं के लिए ईएफ्टीए तक पहुंचने का मार्ग सुगम बनाते हैं और साथ ही उद्योग जगत को घरेलू मानकों को ऊंचा उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। हमारे किसान और उत्पादक सुरक्षित निर्यात, कीट-मुक्त उत्पाद, वैश्विक स्तर के मानकों के अनुरूप उत्पाद तैयार करेंगे, जिससे घरेलू गुणवत्ता भी बढ़ेगी।

बेहतर जांच और अनुपालन का अर्थ है प्रत्येक भारतीय परिवार के लिए स्वास्थ्यवर्धक भोजन और विश्वसनीय उत्पाद। बेहतर भविष्यः ये समझौते निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं और आम नागरिकों के बीच उत्साह जगाते हैं, जो गहरे आर्थिक संबंधों के जरिए उच्च-गुणवत्ता वाले वैश्विक उत्पादों का आनंद लेते हैं।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं।)

मुकेश असीमित

एआई का झोला-छाप क्लिनिक

इलाज सुझावः "सोने से पहले पंखे की स्पीड कम करें, वरना हवा में सोने से गिरने का ख़तरा है।" उदाहरण 4 मरीज़ः "पेट में मइठा सा चलैज" चैट जी पि टी का शब्दशः अथर्ः "पेट में मिठाई चल रही है।" इलाज सुझावः "शायद पेट में जलेबी घूम रही है, कृपया तुरंत हाजमोला खाएँ और मिठाई का सेवन सीमित करें।" बस मेरा तो यही कहना है ,ज्यादा भावुक होने की जरूरत नहीं , 'जहाँ काम आवे सुई वहां तलवार' का प्रयोग पहले ही गुनीजनों ने वर्जित किया है।

तकनीक गड़बड़झाला का एक झोल सामने आया है द्य अखबार में विज्ञापनों के मायाजाल में फंसी इस खबर पर नजर पडी द्य अख़बार में सुख़ी बनी है - "ए आई नीम हकीमी..चैट जी पि टी से परामर्श लेकर खाने का नमक बदला ,खतरे में आई जान "

'नीम हकीम खतरे जान' अब महज़ नीम और हकीम के बीच का मामला नहीं रहा, क्योंकि चैट जी पि टी भी बाकायदा झोला-छाप डॉक्टरों की बिरादरी में शामिल हो चुका है। मरीजों का इलाज करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। वो दिन दूर नहीं जब मोहल्लों की दीवारों पर रंगीन पोस्टर चिपके मिलेंगे- "दाद, खाज, खुजली, भगन्दर, पायरिया ,पीलिया,पथरी ,बवासीर, नपुंसकता, नामर्दी-चैट जी पि टी से पक्का इलाज, गारंटी सहित!"

अख़बार खोलते ही पंपलेट झड़ पड़ेंगे-"आपके शहर में ही खुला है चैट जी पि टी के क्लिनिक की टापरी द्य पहुँचे हुए वैद्य जी का 1000 बरस पुराना नुस्ख़ा-नकलचियों से सावधान रहें।" और फिर चमकता-बोल्ड इश्तेहार-

"ग़रीब-गुरबा की पहुँच में चैट जी पि टी - खोया प्यार लौटाने से लेकर, किसी भी लड़के को वश में करने, पड़ोसी पर टोटका करने, भूत-प्रेत-चुड़ैल उतारने, ऊपरी आत्मा-ऊपरी हवा भगाने, जादू-टोना, झाड़-फूंक, मन्त्र-मशान सिद्धि तक सब बताएगा।"

मगर जनाब, नीम-हकीम बनना बच्चों का खेल नहीं। इसके लिए बरसों की साधना चाहिए। सबसे पहले तो मरीज़ों की "दुख-दर्द" वाली ज़बान सीखनी होगी। एक अदृश्य, अलिखित शब्दकोश है आंचलिक मेडिकल भाषा का-उसे पढ़ना-समझना अनिवार्य है।

और मरीज़ से जानकारी निकालना? यह तो तलवार की धार पर नाचने जैसा है। वो सीधे यह नहीं कहेगा कि "गले में दर्द है" या "दस्त लग गए हैं"। पहले बताएगा-

"मेरी भैंस पड़ोसी ने खोल लीज या उस पर टोन-टोटका कर दियाज या छोरा इलाज नहीं करवा रहाज पड़ोसी ने खेत जोत दिया" ये सब प्रस्तावना है द्य उसके दुखों के महाकाव्य की गाथा खोलने से पहले मंगलाचरण अनिवार्य है। अगर आप सुनने बैठे हैं तो उसकी सारी पारिवारिक, पड़ोसन-प्रधान, जातीय और खेतिहर गाथा सुननी पड़ेगी-वो बातें भी, जो उसने अपने सगे ससुराल तक से नहीं कहीं होंगी।

अब चैट जी पि टी भावुक होकर इन गैर-चिकित्सकीय समस्याओं में उलझ जाएगा, और जब इन पर अपना एआई-ज्ञान झोंककर कहेगा-"अब आगे और कोई समस्या?"-तब मरीज का असली बयान आएगा- "जी, उडो-उडो सो रहे ज पेट में मइठा सा चलैज आँटो सो पड़ गयोज गोड़े बोल गओं। तो, पहले से तैयारी रखनी होगी। इन देसी मुहावरों, इशारों और उलझी लक्षणावली को सिस्टम में फीड करना अनिवार्य है। तभी तो चैट जी पि टी असली मरीज़ी की थाह पाकर, झोला-छाप डॉक्टरों की सोहबत में अपनी दुकान जमा पाएगा।

कुछ ऐसा ही हाल इस मरीज़ के साथ भी हुआ। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ-ये "benefit of doubt" वाला मामला है, इस पर कोई मुक़दमा भी नहीं चल सकता, ठीक वैसे ही जैसे नीम-हकीम पर केस नहीं चलता। क्योंकि, आपको पता ही है, पागल कुत्ते ने आपको काटा है मित्र जो आप किसी नीम-हकीम के दरवाज़े पर जाकर माथा टिकाये ,कौनसा आपको पीले चावल बांटकर न्योता दिया कि 'आओ भाईसाब मेरे यहाँ ऐसी तैसी करवाओ ।÷ अब हुआ यूँ कि मरीज़ ने जो बोला, चैट जी पि टी ने उसका शब्दशः अर्थ निकालकर "इलाज" बता दिया-

उदाहरण 1

मरीज़ः "गोड़े बोल गओं"

चैट जी पि टी का शब्दशः अथर्ः ÷घोड़े बोलने लगे हैं।÷

इलाज सुझावः "कृपया अपने घोड़ों को शांत करने के लिए कान में रुई लगाएँ, और घोड़ों के अस्तबल में शोर-रोधी पर्दे लगवाएँ।"

उदाहरण 2

मरीज़ः "पेट में आँटो पड़ गयो"

चैट जी पि टी का शब्दशः अथर्ः "आंतें गिर गई हैं।"

इलाज सुझावः "तुरंत आंतों को वापस लगाने के लिए बढ़िया क्वालिटी का 'फेवीक्विक' इस्तेमाल करें, और पेट पर टाइट बेल्ट बाँध लें।"

उदाहरण 3

मरीज़ः "उडो-उडो सो रहूं"

चैट जी पि टी का शब्दशः अथर्ः "मैं उड़ते-उड़ते सो रहा हूँ।"

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

साँस, धड़कन

साँस, धड़कन, हवा ले गइल। घाव दे के दवा ले गइल।। झूठ सपना देखा के बहुत। बेवफा सभ वफा ले गइल।। लोर अँखियन में दे के उहे। जिंदगी के मजा ले गइल।। बोल के झूठ ऊ रात - दिन। रोज हमसे दुआ ले गइल।। भेजलस ना खबर आज ले। माँग के जे पता ले गइल।। प्यार लौटा गइल जे हमार। दर्द के काफिला ले गइल।। नाहीं मंजिल मिलल आज ले। काहे ऊ हौसला ले गइल।। खास 'ऐनुल' रहे जे हमार। दुख के बादल उड़ा ले गइल।। - **ऐनुल बरौलवी**

मैं शब्द बुनती

मैं शब्द बुनती रही तुम अर्थ उधेड़ते रहे पूरा न हो पाया रिश्तों का स्वेटर तुम ऐसे क्यो हो? मैं रेत पर घर बनाती रही तुम लहरें बुलाते रहे बन न पाया प्यार का घर तुम ऐसे क्यों हो? मैं सूरज की गर्मी से मन के गीलेपन को सुखाती रही तुम बादलों को बुलाते रहे तुम ऐसे क्यों हो? मैं ज़िंदगी को पीती रही तुम अँधेरों से डराते रहे पार न हो पायी मन की सुरंग तुम ऐसे क्यों हो?

- अनिता कपूर

मनहर घनाक्षरी छन्दस प्रदत्त भाव विषय

मनहर घनाक्षरी छन्दस प्रदत्त भाव विषय विशेष योग छंद ज्ञान लीजिये। ओज शौर्य कीर्तिवान सु प्रज्ञा प्रधान ज्ञान साहित्य संगम मध्य भाव ध्यान दीजिये।। चतुर विधान काव्य कविता में हास्य भाव अलंकार रसराज घोल पान कीजिये द्यशब्द अर्थ बोध शोध भोग रोग द्वार खोल कामना प्रसंग सार मन्त्र मान पीजिये। - **राजकिशोर मिश्र**

आ गए देखो मुझे सुनाने वाले,

आ गए देखो मुझे सुनाने वाले, जरा सी फिसलन भुनाने वाले।। भीड़ में भी जल रहा है दिल मेरा, मिलते कहां हैं आग बुझाने वाले।। रोये होंगे वो मेरी हालत पे जरूर, अशर्फियाँ छोड़ गए झोला चुराने वाले।। दिलदार मेरा रुठ गया है जबसे, दिखते नहीं हैं दिल लुटाने वाले।। कोशिशों में दम नही था शायद, मिट गए गिरीश को मिटाने वाले।। - **गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

नंदिता है मेरी रुह की जान मन

नंदिता है मेरी रुह की जान मन की मन से जब कहने लगी फिर एक कविता साज़ बनी मन की मन से जब उकेरने लगी फिर एक नयी कविता आवाज़ बनी.. समय का सच मुझे जब भी सच के साथ समय पर मिला...मन की मन से जब सुनने लगी फिर एक कविता आगाज़ बनी... कि मेरी रुह की अंदाज़ है नंदिता...!! - **नंदिता तनुजा**

मेरी यादों में तू रहता है मेरे ख़्वाबों

मेरी यादों में तू रहता है मेरे ख़्वाबों में तू रहता है मेरी सांसों में तेरी ही महक रहती है मेरे पहलू में तेरा ही साया रहता है मेरी सोच मेरी रूह में बस तू ही तू बसता है मेरे सीने में बस एक तेरा ही नाम धड़कता है मुझमे बस तू ही तू बसता है....- **डेज़ी जयसवाल**

तुम्हारे घर पर रहे रोशनी

तुम्हारे घर पर रहे रोशनी। हमारे घर भी रहे उजाले।। हमारी चौखट दिया जले और। तुम्हारे दर पे रहे सितारे।। हर दिवाली दुआ यही है। की आगे जब भी जन्म कहीं ले।। हर एक जन्म 'दोस्त' रहो हमारे। और हर एक जन्म हम रहेंगे तुम्हारे।। दिपदान उत्सव, शुभ दिपावाली। - **कमलकांत डोंगरे**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन भी आपको विविध उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा।सार्वजनिक क्षेत्र से सम्मान तो अवश्य मिलेगा।

वृषः आज भी दिन के पहले भाग में सेहत में नरमी रहेगी किसी गंभीर रोग अथवा चोट आशंका चिंता का विषय बनेगी शल्य चिकित्सा होने की सम्भवना है।

मिथुनः आज के दिन प्रातः काल से ही मन मे यात्रा की योजना बनेगी लेकिन अंत समय मे किसी न किसी कारण से टालनी पड़ेगी।

कर्कः आज दिन के आधे भाग में सुख शांति कामनापूर्ति तथा आधे भाग में शोक संताप हानि से मन दुविधा में रहेगा।

सिंहः आज के दिन आपको घर एवं कार्य क्षेत्र के कार्य एक साथ आने पर असहजता होगी। सेहत में थोड़ा बहुत उतार चढ़ाव लगा रहने पर भी बाधक नही बनेगा।

कन्याः आज दिन के पूर्वार्ध में आपको परिजनों से खरी खोटी सुनने को मिलेंगी आपका ध्यान भी इधर उधर की बातों में ज्यादा रहेगा।

तुलाः आज का दिन बीते दिनों की तुलना में राहत भरा रहेगा लेकिन मन मे बेचैनी अधिक रहेगी निराशा में जल्दबाजी दिखाएंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपको मिला जुला फल देगा। दिन के आरंभ में जिस कार्य मे हानि का भय रहेगा मध्यान बाद उन्ही से लाभ होता देख अपना निर्णय बदलना पड़ेगा।

धनुः आज के दिन दोपहर तक आपकी दिनचार्य धीमी रहेगी कार्य व्यवसाय की मुश्किलों का कहीं से कोई हल ना मिलने के कारण सोच में डूबे रहेंगे।

मकरः आज दिन के पहले भाग में कल वाली समस्या यथावत रहेगी लाभ कमाने के अवसर मिलेंगे। सेहत ठीक रहेगी।

कुंभः आज भी दिन के आधे भाग तक लाभ के छोटे मोटे अवसर मिलते रहेंगे।

मीनः आज के दिन आपको सभी सुख सुविधा मिलने पर भी असंतोष की भावना से ग्रस्त रहेंगे।

सूर्योदय : 06:37, सूर्यास्त : 05:44, चन्द्रोदय : 11:35, चन्द्रास्त : 21:34, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : कार्तिक, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी (पूर्ण रात्रि), नक्षत्र : पूर्वाषाढ, योग : सुकर्मा, प्रथम करण : कौलव (19:05 तक), द्वितीय करण : तैतिल (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : धनु, मंगल : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) माउंट एरेबस किस महाद्वीप में स्थित है?

2) भारत की पहली सुपरकैपेसिटर विनिर्माण सुविधा का उद्घाटन कहाँ किया गया?

3) किस शिपयार्ड ने विक्रांत नामक भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत बनाया?

4) दीपोत्सव 2024 के दौरान 2.5 मिलियन से अधिक दीये जलाकर किस शहर ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया?

5) उर्मिला चौधरी, जिन्होंने हाल ही में ग्लोबल एंटी-रेसिज्म चैंपियनशिप अवार्ड 2024 जीता, किस देश से संबंधित हैं?

उत्तरमाला- (1) अंटार्कटिका (2) कन्नूर, केरल (3) कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (4) अयोध्या (5) नेपाल

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -210

पीएम दौरे से पहले राज्यपाल डेका ने जनजातीय संग्रहालय का लिया जायजा

■ राज्योत्सव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे संग्रहालय का लोकार्पण

रायपुर / नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज अटल नगर नवा रायपुर में आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में शहीद वीर नारायण सिंह जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी स्मारक सह-संग्रहालय का जायजा लिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव के अवसर पर देश के इस पहले डिजिटल संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। राज्यपाल श्री डेका ने लोकार्पण के तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया।

राज्यपाल श्री डेका ने परिसर में स्थापित आदिवासी संग्रहालय का भी अवलोकन किया जहां प्रदेश के विभिन्न जनजातियों की संस्कृति, परंपराओं, रहन-सहन, आभूषण, उनकी आजीविका के साधन सहित उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जीवंत रूप से प्रदर्शित किया गया है। राज्यपाल ने संग्रहालय की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजातियों की परंपरा, संस्कृति, असम राज्य के जनजातियों से मिलती जुलती है। राज्यपाल श्री डेका ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर महुवा के पौधे लगाए। राज्यपाल को छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम के आदिवासी जननायकों पर आधारित आदि विद्रोह पुस्तक की प्रति एवं जनजातीय संस्कृति पर आधारित पेंटिंग भेंट की गई।इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर.प्रसन्ना, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, जनजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की संचालक श्रीमती हिना अनिमेष नेताम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

संग्रहालय में आकर जनजातीय विद्रोह को जीवंत महसूस कर सकेंगे

राज्यपाल ने डिजिटल संग्रहालय के अवलोकन के दौरान एआई तकनीक से कियोस्क पर क्लिक कर अपनी जनजातीय फोटो भी निकलवाई साथ ही एआई तकनीक से प्रधानमंत्री के साथ फोटो भी खिंचवाए। अवलोकन के दौरान के अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने दोनों संग्रहालयों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्मारक सह-संग्रहालय छत्तीसगढ़ के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर गहराई से अध्ययन व रिसर्च के बाद वीएफएक्स तकनीक और प्रोजेक्शन वर्क के साथ तैयार किया जा रहा है। दर्शक संग्रहालय में आकर जनजातीय विद्रोह को जीवंत महसूस कर सकेंगे।

संक्षिप्त खबरें

सूने मकान से नकदी सहित हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस लाइन स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 30 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गणेश कुमार ध्रुव 46 वर्ष मकान नंबर 33 पुलिस लाइन का रहने वाला है। प्रार्थी ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 30 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। चंदखुरी फार्म मंदिरहसौद स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 4 हजार रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी घनश्याम वर्मा 35 वर्ष चंदखुरी फार्म मंदिरहसौद का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 4 हजार रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

वेगनआर कार की टक्कर से एक्टिवा सवार अधेड़ की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। आमापारा स्वीपर कालोनी के पास एक तेज रफ्तार वेगनआर कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार अधेड़ को ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वेगनआर कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक लक्ष्मीकांत तिवारी 60 वर्ष विकाश विहार कालोनी रायपुरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 3087 से कहीं जा रहा था, तभी आमापारा स्वीपर कालोनी के पास वेगनआर क्रमांक सीजी 04 एचआर 4401 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दिया। जिससे एक्टिवा सवार लक्ष्मीकांत की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कार चालक को हिरासत में लिया है।

चाकू लहराकर आतंक फैलाते 8 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। देवेन्द्र नगर और धरसींवा थाना पुलिस ने चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस ने त्रिमूर्तिनगर के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी आनंद छूरा 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी चंद्रशेखर पाल 18 वर्ष, गौरव उर्फ अमन साहू 18 वर्ष, पियूष रजक 18 वर्ष, समीर साहू 20 वर्ष, अर्जून साहू 18 वर्ष, सुशांत नामदेव 18 वर्ष और अर्जून यादव 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

समुद्री तूफान मोंथा-उत्तरी छग में होगी अच्छी वर्षा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में हो रही बेमौसम हो रही वर्षा के कारण अब किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे दिखाई पड़ रही है ऐसे समय में जब धान की बालियां निकल रही है और कई जगह जल्द पकने वाली फसलों की कटाई शुरू हो गई है तब हल्की वर्षा होने के कारण उसके और विलंब होने की संभावना है। मौसम विभाग के डॉक्टर चंद्रा ने बताया कि समुद्री तूफान मोथा का असर उत्तरी छग में रहेगा। कल 28 अक्टूबर से निरंतर वर्षा होगी। मौसम विभाग के अनुसार समुद्री तट पर इस समय तीन सिस्टम बना हुआ है जो कि उत्तरी दक्षिणी पश्चिमी क्षेत्र में बन गया है। जिसके कारण मोथा नामक एक तूफान सक्रिय हो गया है जो कि अब रिजर्व हो गया है। उत्तरी छग में इसके प्रभाव से अच्छी वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया जा रहा है। तेज हवा के कारण आंध्र प्रदेश के रॉयल सीमा तथा ओडिशा के तट पर खतरा बताया जाता है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक अवदाब दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के पास स्थित है। इसके इसके उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर गहरा अवदाब के रूप में 26 अक्टूबर को और चक्रवात के रूप में 27 अक्टूबर के सुबह परिवर्तित होने की संभावना है।

राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर राज्योत्सव में

विभागीय स्टॉलों में प्रदर्शित होगी 25 वर्षों की विकास गाथा : अरुण साव

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर नवा रायपुर में करेंगे रोड शो

■ बस्तर ओलंपिक के शुभारंभ तिथि में स्थानीय परिस्थितियों के कारण परिवर्तन होगा : उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर नवा रायपुर स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में सरकार विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। यह अवसर प्रदेश के गौरव और उपलब्धियों का प्रतीक है।

श्री साव ने कहा कि, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की दूरदृष्टि से बना छत्तीसगढ़ आज विकास, समृद्धि और जनकल्याण के मार्ग पर अग्रसर है। पिछले 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और अधोसंरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इन्हीं 25 वर्षों की विकास यात्रा और राज्य निर्माण की गाथा को राज्योत्सव स्थल पर विभागीय स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि राजधानी नवा रायपुर में 5 दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन होगा, जबकि सभी जिला मुख्यालयों में 3 दिवसीय राज्योत्सव मनाया जाएगा। इस बार राज्य स्थापना का यह आयोजन अधिक व्यापक और ऐतिहासिक स्वरूप में किया जा रहा है।

श्री साव ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आगमन की भी तैयारी की जा रही है। प्रधानमंत्री जी के स्वागत में नवा रायपुर में रोड शो आयोजित होगा, इन मार्गों पर 12 आकर्षक स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। इन द्वारों पर छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, लोक परंपरा और विकास योजनाओं की झलक देखने को मिलेगी। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री जी के आगमन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने की पूरी तैयारी कर ली है।

बस्तर ओलंपिक की प्रारंभ तिथि में बदलाव

श्री साव ने बताया कि, बस्तर ओलंपिक के आयोजन की तिथि पूर्व निर्धारित थी, लेकिन इस बीच स्कूलों की छुट्टी चल रही है और सभी जिलों में राज्योत्सव का आयोजन होना है। इन परिस्थितियों के कारण विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक की प्रारंभ तिथि में बदलाव होगा।

अवैध कब्जा साफ सफाई सहित अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष ने बनाई रणनीति

■ पार्षदों का जवाब देने के लिए महापौर ने एमआईसी प्रमुखों को दिये दिशा निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 29 अक्टूबर को तय की गई है। विपक्ष ने महापौर को साफ सफाई स्ट्रीट लाइट तथा अवैध कब्जे को लेकर घेरने की योजना बनाई है। इधर सत्तारूढ़ एवं विपक्ष के दलों ने भी इसके लिए कई प्रश्न लगाये हैं। सत्तारूढ़ दल ने भी विपक्षी एवं सत्तापक्ष के पार्षदों के जवाब देने के लिए कमर कस ली है।

महापौर मीनल चौबे ने महापौर निवास कार्यालय में नगर पालिक निगम रायपुर के सचिवालय द्वारा रायपुर नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार 29 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित नगर निगम सामान्य सभा सभागार में आहुत रायपुर नगर निगम सामान्य सभा की बैठक के सम्बन्ध में एमआईसी सदस्य सरिता आकाश दुबे, सुमन अशोक पाण्डेय, गायत्री सुनील चंद्राकर, डॉ. अनामिका सिंह, सर्वश्री मनोज वर्मा, अवतार भारती बागल, दीपक जायसवाल, संतोष सीमा साहू, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, भोलाराम साहू, खेम कुमार सेन सहित नगर निगम के सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेकर सामान्य सभा की बैठक में चर्चा और विचार - विमर्श हेतु निर्धारित सभी एजेंडों और एक घण्टे के प्रश्नकाल की कार्यवाही हेतु पुख्ता प्रशासनिक तैयारियां तत्काल पूर्ण करवाने के निर्देश दिए हैं. महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम रायपुर के सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों सहित रायपुर नगर पालिक निगम सत्ता पक्ष के सभी वार्ड पार्षदों को शत - प्रतिशत अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए नगर विकास पर चर्चा और विचार - विमर्श हेतु नगर निगम सामान्य सभा की बैठक में रखे गए नगर विकास से सम्बंधित सभी एजेंड़ों पर नगर हित में खुलकर सकारात्मक चर्चा कर अपने विचार रखने का सुझाव दिया है ।

स्पा सेंटर संचालक से लाखों रुपए की लूट, पुलिस जांच में जुटी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक वेलनेस स्पा सेंटर के संचालक से 20 से 25 बदमाशों ने सवा लाख रुपए की लूट कर ली। आरोप है कि बदमाश खुद को एक राजनीतिक संगठन से जुड़ा बताकर संचालक से प्रोटेक्शन मनी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।राजेंद्र नगर स्थित वेलनेस स्पा सेंटर के संचालक सन्नी मनवानी ने शिकायत में बताया कि रात करीब 8 बजे 20-25 युवक स्पा सेंटर में घुस आए। उन्होंने अपने आप को कथित रूप से शिवसेना से जुड़ा बताया और सुरक्षा के नाम पर पैसे देने का दबाव बनाया। इसी दौरान एक युवक ने दराज खोलकर 20 हजार रुपए नकद निकाल लिए। इसके बाद आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने सन्नी को जबरन कार में बैठा लिया, जबकि अन्य बदमाशों ने स्पा के मैनेजर को अंदर ही बंधक बना लिया। सन्नी के मुताबिक, बदमाश उसे शहर के अलग-अलग इलाकों में घुमाते रहे और फिर शैलेंद्र नगर के एक एटीएम से उसके खाते से जबरन 50 हजार रुपए निकलवाए। इसके बाद वे कचना इलाके के एक पेट्रोल पंप पर ले गए और वहां भी उसके कार्ड से 50 हजार रुपए डेबिट कराए। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि एटीएम से एक दिन में 20 हजार की सीमा के बावजूद बदमाशों ने कैसे 50 हजार रुपए निकाल लिए। फिलहाल, पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम बदमाशों की पहचान में जुटी है और मामले की जांच तेज कर दी गई है।

छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पुन: स्थापित

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के वीआईपी चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को तोड़े जाने की घटना के बाद सोमवार को नई प्रतिमा पुनः स्थापित कर दी गई है। इस घटना के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जो प्रारंभिक जांच में मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। घटना रविवार को तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी चौक में हुई थी, जहां अज्ञात व्यक्ति ने महतारी की प्रतिमा को उखाड़ दिया था। इस घटना से स्थानीय लोगों और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना में गहरा आक्रोश फैल गया था। उन्होंने तत्काल विरोध प्रदर्शन करते हुए दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज की और जांच शुरू की थी।

छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने की निंदनीय घटना पर कांग्रेस का आक्रोश

■ नई मूर्ति लगाने और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन : कन्हैया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की अस्मिता और संस्कृति के प्रतीक छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को अराजक तत्वों द्वारा तोड़े जाने की घटना के विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जिला कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के नाम ज्ञापन सौंपा।

कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि ÷छत्तीसगढ़ महतारी हमारे गौरव और पहचान की प्रतीक हैं । उनकी मूर्ति का अपमान पूरे प्रदेश की भावना पर चोट है। यह कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि प्रदेश की अस्मिता पर हमला है। प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों को गिरफ्तार करना चाहिए और तत्काल नई मूर्ति स्थापित की जानी चाहिये । ज्ञापन में छत्तीसगढ़ महतारी की नई मूर्ति तत्काल पूर्व स्थान पर स्थापित करने ,मूर्ति तोड़ने वाले उपद्रवी तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने ,ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासनिक सतर्कता और निगरानी बढ़ाने मांग की गई...।

कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान सहन नहीं करेगी। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस जन आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरेंगे।

मोदी के दौरे पर करोड़ों फूंकने वाली सरकार गरीबों का इलाज नहीं करवा पा रही

■ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की पत्रकारों से चर्चा

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे पर फाइव स्टार सुविधाएं जुटाने के लिए तामझाम में करोड़ों रुपए फूंक रही साय सरकार राज्य के गरीबों को सरकार अस्पताल में ईलाज और मुफ्त जांच तक नहीं करवा पा रही है। मुफ्त जांच की जो सुविधाएं पूर्ववर्ती सरकार ने सरकारी अस्पतालो में शुरू किया था साय सरकार ने बंद कर दिया है। गरीबों के इलाज का प्रदेश का सबसे बड़ा सहारा है मेडिकल कालेज हॉस्पिटल रायपुर लेकिन सरकार की लापरवाही और अकर्मण्यता के कारण मेकाहारा में पिछले कुछ दिनों से मरीजों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा। मेकाहारा में एमआरआई और सीटी स्कैन जांच के लिए मरीजों से वसूली जा रही मोटी फीस, प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल अंबेडकर मे आयुष्मान कार्ड से नहीं हो रही जाँच, MRI, CT स्कैन के लिए ग़रीब मरीजों से लिए जा रहे ढाई हज़ार से पाँच हज़ार रुपए, मेकाहारा में जाँच के लिए वसूली जा रही निजी लैब से ज्यादा फीस, आयुष्मान कार्ड से जाँच के लिए मरीज का भर्ती होना जरूरी, ओपीडी में जो मरीज आ रहे उनका जांच बंद कर दिया प्राइवेट अस्पताल भेज रहे या जांच के लिए शुल्क लिया जा रहा। प्रदेश के सरकारी अस्पताल भगवान भरोसे है, दवाईयां, इंजेक्शन नहीं। अस्पतालों में महीने भर से दवाइयां नहीं है, इंजेक्शन नहीं है, प्राथमिक और जीवन रक्षक दवाइयां तक अस्पतालों में उपलब्ध नहीं है। टिटनेस, दर्द निवारक, एंटी रैबीज जैसे इंजेक्शन सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, हमर अस्पतालों में उपलब्ध नहीं है। प्रदेश के हालात का जायजा इसी से लगाया जा सकता है कि राजधानी रायपुर में 16 अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर है किसी में भी दवाईयां, इंजेक्शन नहीं उपलब्ध है। यह हालात बताते है कि सरकार की प्राथमिकता में लोगों का स्वास्थ्य है ही नहीं। सरकार उत्सव मनाने में व्यस्त है।

राज्योत्सव में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाए

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्योत्सव तथा राज्य स्थापना के 25 वें वर्ष पर सरकार अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम राजधानी और जिलों में आयोजित करने जा रही है। ऐसी सूचना है कि सरकार इन कार्यक्रमों के लिए बालीवुड और बाहरी कलाकारों को आमंत्रित कर चुकी है। हमारी मांग है कि राजधानी आयोजित के मुख्य कार्यक्रमों तथा जिलों के कार्यक्रमों में राज्य के स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही कलाकारों के भुगतान में भी दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए, जिस हिसाब से राज्य के बाहर के एवं फिल्मी कलाकारों को मानदेय का भुगतान हो वैसा ही हमारे कलाकारों को भी किया जाना चाहिए।

पीएम आवास के मामले में भाजपा सरकार लापरवाह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 18 लाख आवास देने का वादा कर सत्ता में आयी भाजपा चुनाव जीतने के बाद लोगों को आवास देने के मामले में भी लापरवाह बनी हुई है। इसका प्रमाण इसी से मिल जाता है कि प्रधानमंत्री शहरी आवास में केंद्र ने छत्तीसगढ़ के कोटे में 50 हजार आवास स्वीकृत किये थे तथा राज्य सरकार को पात्र हितग्राहियों के नाम भेजने को कहा लेकिन साय सरकार ने तय सीमा तक केवल 11 हजार ही हितग्राहियों का नाम केंद्र को भेजा जो कुल टार्गेट का मात्र 23 प्रतिशत है। यह बताता है कि भाजपा सरकार गरीबों को आवास नहीं देना चाहती है।

न्यूज गैलरी

उन्मुक्त खेल मैदान में 30 व 31 अक्टूबर को बस्तर ओलपिंक 2025 का होगा भव्य आयोजन

अंतागढ़ / नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने हेतु बस्तर ओलपिंक 2025 आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी मार्गदर्शिका अनुसार विकासखण्ड स्तरीय खेलो का आयोजन 30 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 को उन्मुक्त खेल मैदान अंतागढ़ में किया जायेगा। खेलकुद प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने के लिए संजय ठाकुर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड अंतागढ़ को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। तिथिवार निम्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसमें 30 अक्टूबर को जुनियर वर्ग (महिला/पुरुष) आयु 14-18 वर्ष के लिए कबड्डी, 100 मी. दौड़, 200 मी. दौड़, 400 मी. दौड़, रिले रेस, ऊँची कुद, लम्बी कुद, बॉलीवाल दूसरी दिन 31 अक्टुबर को सीनियर वर्ग (महिला/पुरूष) आयु 18 से अधिक उम्र के लिए कबड्डी, 100 मी. दौड़, 400 मी. दौड़, रिले रेस, शाटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, ऊँची कुद, लम्बी कुद, खो-खो, बॉलीवाल, बैडमिंटन, फूटबॉल, तिरंदाजी, कराते, जूनियर वर्ग (महिला/पुरुष) आयु 14-18 वर्ष के लिए शाटपुट, डिसकस थ्रो, तिरंदाजी, फुटबॉल, बैडमिंटन, खो-खो, जैवलिन थ्रो आदि खेल होंगे।

फोटोयुक्त मतदाता सूची के मुद्रण हेतु निविदाएँ आमंत्रित, 30 अक्टूबर तक जमा कर सकते है आवेदन

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र 01 भरतपुर-सोनहत और 02 मनेन्द्रगढ़ में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु इच्छुक मुद्रकों एवं फर्मों से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की गई हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 को अपराह्न 1 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके पश्चात प्राप्त अथवा अपूर्ण निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अर्थात् 30 अक्टूबर 2025 को सायं 3 बजे गठित समिति द्वारा निविदाकर्ताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा। निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से मात्र 100 रुपये के चालान (शीर्ष मांग संख्या 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाएँ 02-निर्वाचन शुल्क एवं 800 अन्य रसीदें) के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक आवेदक चालान जमा कर 30 अक्टूबर 2025 तक कार्यालयीन समय में अपराह्न 12 बजे तक निविदा प्रपत्र ले सकते हैं या जिले की वेबसाइट httpsÑ//manendragarh-chirmiri-bharatpur.cg.gov.in/notice/ से निशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इच्छुक फर्मों को समय सीमा का पालन करते हुए निविदा जमा करने की अपील की है।

दुकान का ताला तोड़कर की 20 हजार रुपए चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम खट्टा में अज्ञात चोर ने किराना दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से 20 हजार रुपए पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 305, 331(4) के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खट्टा निवासी अरविन्द दीवान ने थाने में शिकायत की है कि उसकी ग्राम खट्टा में अरविंद किराना व जनरल स्टोर्स है। गत 24 अक्टूबर की रात करीब 7.30 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। दूसरे दिन जब वापस दुकान पहुंचा, तो दुकान का ताला टूटा हुआ था, दुकान के गल्ले से 20 हजार रुपए नकद व कुछ किराना सामान गायब था।

ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा पीएम मोदी ने दिया: अशोक साहू

■ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का भव्य स्वागत

कांकेर / नवप्रदेश। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू का प्रदेश अध्यक्ष बनने के पश्चात आज प्रथम नगर आगमन हुआ। कांकेर आगमन पर भाजपा पिछड़ा वर्ग के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अशोक साहू का आतिशबाजी व तिलक वंदन कर भव्य स्वागत किया।

भाजपा कार्यलय कमल सदन आगमन से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने अमर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।

भाजपा कार्यलय कमल सदन कांकेर में छग मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, छग हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के खिलावन साहू, तामेश्वर साहू, भूपेंद्र शंकर, हेमराज सोनी, किशोर देवांगन मंचस्थ रहे।भाजपा कार्यलय में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा व भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि आपके स्वागत से अभिभूत हु भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो छोटे-छोटे कार्यकताओ का सम्मान करना जानती है।उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र के अधिकांश कार्यकर्ताओं से पूर्व से ही परिचित हूं।संगठन में लंबे समय से कार्य करने के कारण मुझे यह दायित्व मिला है ओबीसी वर्ग की किसी ने चिंता की है तो वो भाजपा पार्टी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया है।छग में भी भाजपा सरकार ओबीसी समाज की चिंता करती है ओबीसी वर्ग के कल्याण के लिये पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग व पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया गया है । जो ओबीसी समाज भाजपा से दूर है उन्हें भाजपा के पास लाने की आवश्यकता है। सरकार की योजनाओं का लाभ ओबीसी समाज को दिलाने हेतु प्रयास करें । मोर्चा के कार्यो का प्रचार प्रसार करें।भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने अशोक साहू का कांकेर में स्वागत करते हुए कहा भाजपा अपने कार्यकताओ का सम्मान करना जानती है ।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा संगठन का सबसे महत्वपूर्ण मोर्चा है।छग में ओबीसी वर्ग की बहुलता होने के कारण इस मोर्चा की महत्ता और बढ़ जाती है।ओबीसी मोर्चा चुनाव को सीधे प्रभावित करती है।विधायक आशा राम नेताम ने कहा कि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष का स्वागत है पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा संगठन की रीढ़ की हड्डी के समान है संगठन के कार्यो को सम्पन्न करने व चुनाव में जीत में पिछड़ा वर्ग मोर्चा का विशेष योगदान रहा है छग में पिछड़ा वर्ग समाज की जनसंख्या आधे से भी अधिक है भाजपा संगठन को पिछड़ा वर्ग समाज के कार्यक्रमो में सक्रिय भागीदारी निभाने की आवश्यकता है।पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अपने मोर्चा द्वारा किये गए कार्यो का वृत्त प्रस्तुत किया। उन्होंने अशोक साहू का स्वागत करते हुए कहा कि ओबीसी मोर्चा के माध्यम से ओबीसी वर्ग की समस्या के समाधान का प्रयास करेंगे।कार्यक्रम का संचालन राजेश कलिहारी ने व आभार प्रदर्शन उत्तम जैन ने किया।इस अवसर पर राजीव लोचन सिंह सुषमा गंजिर निपेन्द्र पटेल दिनेश रजक गिरधर यादव राम चरण कोर्राम दीपक खटवानी,ईश्वर कावड़े, रमशीला साहू शकुंतला जैन, मीरा सलाम अंजू नेगी डॉ ईश्वर सिन्हा, उमा शंकर जैन नारायण पोटाई अनूप शर्मा धनेंद्र ठाकुर पीयूष वलेचा जीतू मरकाम भुनेश्वर पटेल, बिसन लाल पटेल आदि उपस्थित थे।

जनगणना के पहले भवन नंबरीकरण का अधिकारियों ने लिया जायजा

महासमुंद/नवप्रदेश। आगामी जनगणना की तैयारी के तहत जिले में जनगणना प्री-टेस्ट (पूर्व परीक्षण) कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत तहसील महासमुंद के झलप अंचल के 24 ग्रामों का चयन परीक्षण क्षेत्र के रूप में किया गया है। वर्तमान में इन ग्रामों में प्रारंभिक तैयारी के तहत भवन नंबरीकरण किया जा रहा है, जिससे आगामी जनगणना की प्रक्रिया को व्यवस्थित और सटीक बनाया जा सके। रविवार को भवन नंबरीकरण कार्य का निरीक्षण जनगणना कार्य निदेशालय, रायपुर से आए अधिकारियों संतोष मेढे और बैद्यनाथ कुमार ने किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामों में घर-घर जाकर चल रहे नंबरीकरण की प्रगति का जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता और सटीकता की जांच की। निरीक्षण के दौरान निदेशालय के अधिकारियों ने स्थल पर कार्यरत टीम को आगामी जनगणना कार्य को सुचारू, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन जनगणना की एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से प्रत्येक घर, संस्था और भवन की सटीक पहचान सुनिश्चित की जाती है। यह जानकारी आगे चलकर परिवार गणना व सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आधार बनेगी। इस मौके पर महासमुंद तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, हल्का पटवारी देवेंद्र इंगोले सहित अन्य राजस्व अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

आंकड़ों की सटीकता और गोपनीयता बहुत जरूरी

अधिकारियों ने क्षेत्रीय कर्मचारियों से कहा कि वे नंबरीकरण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करें और आंकड़ों की सटीकता और गोपनीयता का विशेष ध्यान रखें। जनगणना प्री-टेस्ट का उद्देश्य मुख्य जनगणना से पूर्व फील्ड प्रक्रिया, उपकरणों और डाटा संग्रह पद्धति की व्यवहारिकता का परीक्षण करना है। ताकि वास्तविक जनगणना के समय कार्य त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण हो सके।

कायस्थ महासभा की महिलाओं ने दीवाली मिलन के साथ की चित्रगुप्त की पूजा

खैरागढ़/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ एवं जिला कायस्थ समाज के संयुक्त तत्वावधान में गोपीनाथ मंदिर, किल्लापारा में कायस्थ समाज के आराध्य देव चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं डॉ. रश्मि खरे, दीप्ति श्रीवास्तव, अमिता, शीतल, साक्षी बख्शी, नुपूर श्रीवास्तव, गरिमा, पूनम, लक्ष्मी, सुनीता बख्शी, सविता, जयती विश्वास, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, शिखा, संगीता, नम्रता, मधुलिका, शैल सहित अजय श्रीवास्तव, कैलाश श्रीवास्तव, अमिताभ बख्शी, कौशल श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, नितेश बख्शी, प्रदीप श्रीवास्तव, संदीप आलोक, सौरभ, अमित एवं रविराज श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। समाज द्वारा पूजा-अर्चना का कार्य दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी मंगलानंद झा द्वारा विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। कायस्थ समाज द्वारा पं झा को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

कांकेर / नवप्रदेश। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा उजागर किए गए मतदाता सूची में हेरा फेरी एवं वोट चोरी के आरोप में देश भर में चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को नरहरपुर हाट बाजार में कांग्रेसियों द्वारा शिविर लगाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान मे वरिष्ठ आदिवासी कांग्रेस नेता सरजू शोरी ने कहा कि हम भारत के नागरिक मतदाता सूची में हेरफेर और मताधिकार से वंचित करने की प्रथा को समाप्त करने कि मांग करते है। हमारा लोकतंत्र हर वोट की शक्ति पर टिका है आज यह नीव ही खतरे में है अलग-अलग विधानसभाओं में मतदाता सूचियों में लाखों प्रविष्टियां अधूरी हैं जिनमें सही तस्वीरें नहीं हैं। कई प्रविष्टियाँ डुप्लीकेट पाई जाती हैं और लाखों नाम सूचियों से गायब हैं समुदाय को चुन चुन कर निशाना बनाया जा रहा है और धोखाधड़ी की प्रथाओं का इस्तेमाल असली मतदाताओं को दबाने के लिए किया जा रहा है। जिसका हम हस्ताक्षर अभियान चलाकर पुरजोर विरोध कर रहे हैं। सोरी ने कहा कि आज कांकेर की जनता बिजली बिल वृद्धि से काफी परेशान और हताश हो चुकी है। जनता इस हस्ताक्षर अभियान में बढ़ चढ़कर भाग ले रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी की मार्गदर्शन में साप्ताहिक बाजार दुधवा में वोट चोर गददी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक प्रभारी सरजू शोरी वरिष्ठ कांग्रेसी पुरुषोत्तम पाटील शिवनारायण कुलदीपभीखम शोरी मैनु शोरी मुकेश राय ,प्रताप आदि उपस्थित रहे।

उधारी की रकम लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मार-पीट

पीट, दोनों पक्षों पर अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम बूटीपाली में रुपए के लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई। बसना पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को ग्राम बूटीपाली निवासी हेमकुमार साहू (28) ने बताया कि पीपरभौना निवासी अजय साहू व ग्राम गाड़ापाली निवासी करन मनहर बीच-बीच में घर आकर उधार पैसा मांगने के नाम पर गाली-गलौज की जाती थी। 24 अक्टूबर को भी लगभग साढ़े पांच बजे पत्नी रूधा साहू ने फोन कर बताया कि अजय साहू व करन मनहर उनके घर आकर गाली-गलौज कर रहे हैं। तब घर पहुंचा तो अजय साहू ने उसे देखते ही गिरेबान पकड़कर गाली-गलौज कर मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।वहीं ग्राम पीपरभौना, थाना सरसीवां निवासी अजय कुमार साहू (28) ने पुलिस को बताया बूटीपाली निवासी हेमकुमार साहू के जेसीबी को वह किराये पर चला रहा था। किराये के लेन-देन में गड़बड़ी होने पर सरपंच के समक्ष 5 सितंबर को हिसाब-किताब किया, जिसमें हेमकुमार उनका 58 हजार रुपए का देनदार है। उन्होंने उक्त रकम दो माह के अंदर वापस करने का वादा किया था। लेकिन दो साल बीत बाद भी वापस नहीं किया। जब उसने 24 अक्टूबर की सुबह करीब 8-9 बजे हेमकुमार से रूपए मांगा, तब उसने शाम को घर आकर रुपए ले जाना कहा, जिस पर वह दोस्त करन मनहर के साथ हेमकुमार के घर के सामने करीब साढ़े 5 बजे सड़क पर खड़ा था, तब हेमकुमार साहू, मनहरण साहू, जीतराम साहू, संजय साहू आए और रुपए मांगने आया है कहकर गालियां देते हुए मारपीट की। जब करन मनहर बीच बचाव करने लगा तो उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

महांती समाज के दीपावली मिलन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

महासमुंद/नवप्रदेश। छग करण महांती समाज, मां तारिणी महिला मंच एवं महांती युवा मंच के सदस्यों ने भाई दूज पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया। सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम इष्ट देव चित्रगुप्त की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। विदित हो कायस्थों के इष्टदेव चित्रगुप्त की पूजा पूरे देश में कार्तिक शुक्ल पक्ष दूज को की जाती है व भाई दूज मनाया जाता है।कार्यक्रम के अगले चरण में समाज की बहनों ने अपने-अपने भाइयों की कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधा। तत्पश्चात समाज के नन्हें बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। माही पटनायक ने मनमोहक ओड़ीसी नृत्य प्रस्तुत किया। परी महांती ने रिमिक्स गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। दीपावली के संदर्भ में क्विज कार्यक्रम किया गया। जिसमें दीपावली से संबंधित कहानी व मान्यताओं की जानकारी प्राप्त हुई, नए-नए मनोरंजक खेलों का आयोजन हुआ। चंदन सरकार, रजत महांती, संजय महांती, रश्मि महांती, प्रकाश महांती ने गीतों की प्रस्तुति दी। भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समाज के पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठजनों ने सम्मान किया। प्रमुख रूप से किशोर चंद महांती, प्रतापचंद महांती, राज किशोर महांती, मनोहर महांती, समाज के अध्यक्ष संजय महांती, महिला अध्यक्ष शस्मिता पटनायक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास महांती ने किया।

कम धान खरीदना पड़े इसलिए देर से खरीदी कर रहीं: विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की मांग शासन से की है। उन्होंने कहा कि अर्ली वैरायटी के फसलों की कटाई शुरू हो चुकी है। कई किसानों के पास उपज रखने की व्यवस्था नहीं है। घरों, आंगन व गलियों में धान रखकर रखवाली करने विवश हैं और बारिश का खतरा भी मंडरा रहा है। ऐसे में किसानों को फसल की सुरक्षा को लेकर चिंतित होना पड़ रहा है। दूसरी ओर किसान फसलों को औने-पौने दाम पर दुकानों में व बिचौलियों को बेच रहे हैं। 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने पर अर्ली वैरायटी के फसलों की अच्छी कीमत किसानों को मिल सकेगी।

पेज 1 का शेष

छग सहित 12 राज्यों में ...

एक्सरसाइज (पुरानी और वर्तमान लिस्ट का मिलान) प्रक्रिया पहले कराई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के निर्देश मिलने के बाद राज्य निर्वाचन आयुक्त आगे की प्रक्रिया करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने सभी...

ने चिंता जताई कि इससे गुमनाम शिकायतें आ सकती हैं, जो प्रक्रिया को बाधित करेंगी।

एक पत्रकार की नियुक्ति

भूषण ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार कुछ समर्थित लोगों को बिना आवेदन के नियुक्त कर रही है, जैसे एक पत्रकार की नियुक्ति, जिनका इस क्षेत्र में कोई अनुभव नहीं था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उन्हें ऐसी नियुक्तियों की जानकारी नहीं है। भूषण ने कोर्ट के पुराने निर्देश का हवाला दिया, जिसमें गैर-आवेदकों के नाम पर विचार न करने का हलफनामा मांगा गया था।

ऑपरेशन सिंदूर ने अंतरराष्ट्रीय...

तो यह सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक, हर संस्थान और हर इंडस्ट्री की साझी जिम्मेदारी बन जाती है। यह बात आज, ऑपरेशन सिंदूर के बाद और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

देश के विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत किया

उन्होंने बताया, एसआईडीएम को शुरू हुए 9 साल हो गए। 9 वर्षों में ही एसआईडीएम ने इतना शानदार काम किया है कि इससे उम्मीदें बढ़ गई हैं। आप लोगों ने जिस तरह देश के विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में काम किया है, उसके लिए आपकी जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। यदि हमारी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स हमारी रक्षा के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, तो आप सब, यानी हमारी इंडस्ट्री, भी रक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। आत्मनिर्भरता का जो विचार है, वह हमारी सरकार के लिए सिर्फ एक नारा भर नहीं है, बल्कि भारत की ही पुरानी परंपरा का आधुनिक रूप है।

निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी

राजनाथ सिंह के मुताबिक निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी का ही परिणाम है कि भारत का रक्षा निर्यात, जो दस वर्ष पहले 1,000 करोड़ रुपये से भी कम था, आज वह बढ़कर रिकॉर्ड 23,500 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार भी अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। रक्षामंत्री ने कहा कि हमने घरेलू वेंडर्स को प्रोमोट करने के हरसंभव प्रयास किए हैं।

उच्चतम न्यायालय ने सभी ...

निशाना बनाकर किये जा रहे व्यापक डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों की खबरों के बाद शुरू किया गया था।

सभी राज्यों का पक्ष सुनने के बाद होगा आदेश

न्यायमूर्ति बागची ने समस्या की व्यापकता के बारे में आगाह किया, समस्या मामलों की संख्या है। हमने पोंजी मामलों में ऐसा देखा है। उस समय सीबीआई पर दबाव बहुत ज़्यादा था। क्या आप एक विशेष जाँच के लिए तैयार हैं? और यही वह अतिरिक्त व्यय है जिसकी आपको आवश्यकता हो सकती है। पीठ ने एक समन्वित राष्ट्रीय समाधान प्रणाली की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए कहा कि वह एक समान जाँच के पक्ष में है, लेकिन उसने सभी राज्यों का पक्ष जाने बगैर तत्काल कोई आदेश पारित नहीं किया।

धोखेबाजों ने फ़ोन और वीडियो कॉल का किया इस्तेमाल

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करते हुए कहा, ÷हम आज कोई निर्देश जारी नहीं कर रहे हैं। हम एक समान जाँच सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को नोटिस जारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि यह मामला एक बुजुर्ग दंपति के पत्र से शुरू हुआ, जिन्होंने बताया था कि 1 से 16 सितंबर के बीच सीबीआई, खुफिया ब्यूरो और न्यायपालिका के अधिकारी बनकर घोटालेबाजों ने उनसे 1.5 करोड़ रुपये की ठगी की। धोखेबाजों ने फ़ोन और वीडियो कॉल का इस्तेमाल किया। उन्होंने गिरफ़्तारी की धमकी देकर पीड़ितों को धन हस्तांतरित करने के लिए धमकाने के लिए उच्चतम न्यायालय के जाली आदेश भी दिखाए। इसके बाद, अंबाला में साइबर अपराध शाखा ने इस मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की। इसी तरह देश भर में ऐसे ही के अपराधों के एक संगठित गठजोड़ का खुलासा हुआ है।

न्यायालय ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया

मीडिया रिपोर्टों में यह भी संकेत दिया गया था कि इसी तरह के घोटाले कई अन्य राज्यों में भी हुए हैं, जिसके बाद न्यायालय ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। न्यायालय ने 17 अक्टूबर को केंद्र सरकार और सीबीआई से जवाब मांगा था और भारत के अटॉर्नी जनरल से भी सहायता का अनुरोध किया था। न्यायालय ने हरियाणा साइबर अपराध पुलिस, अंबाला को एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, जिसमें केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच समन्वित प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया गया था।

साइबर अपराध ...

सीबीआई इन मामलों में गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रभाग से सहायता ले रही है।

मलेशिया में एस जयशंकर ...

रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। लक्सन ने इस साल मार्च में भारत का दौरा किया था, जिसमें दोनों देश एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) पर बातचीत शुरू करने पर सहमत हुए थे। उनके साथ एक उच्च-स्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी था। उन्होंने मुंबई में भारतीय बिजनेस लीडर्स से मुलाकात की।इस यात्रा के दौरान, पीएम लक्सन ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने रक्षा और समुद्री संबंधों में अधिक सहयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। एक संयुक्त बयान में, नेताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने सभी देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

राहुल-तेजस्वी की 29 ...

के रूप में प्रोजेक्ट करवाया है। हमारे गठबंधन में पहले से मुख्यमंत्री का चेहरा तय है।

न्यूज गैलरी

भटगांव में गोवर्धन पूजा के दौरान युवक के साथ मारपीट

दुर्ग। जेवरा-सिरसा चौकी क्षेत्र के ग्राम भटगांव में गोवर्धन पूजा के दौरान एक युवक से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफकेस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम भटगांव निवासी साहिल यादव (18 वर्ष) पिता हीरालाल यादव ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। 23 अक्टूबर की दोपहर करीब 2 बजे वह अपने मवेशी के साथ गोवर्धन परिक्रमा कर रहा था। तभी गांव के ही रहने वाले रामानुज यादव, छोटू यादव और शुभम यादव रास्ते में खड़े दिखाई दिए। साहिल ने उनसे साइड हटने के लिए कहा, तो तीनों ने एक राय होकर उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। शिकायत में बताया गया है कि मारपीट के दौरान शुभम यादव ने हाथ में रखे डंडे से साहिल के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट लग गई। युवक के शोर मचाने पर लोगों ने बचाया।

सेक्टर-6 ए मार्केट में गद्दे की दुकान में लगी आग

भिलाई। रविवार दोपहर सेक्टर-6 ए मार्केट में स्थित गद्दे और पर्दों की दुकान में अचानक आग लगने से इलाके में अफ्रा-तफ्री मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। विशाल जैन के गद्दा और पर्दों की दुकान पर दोपहर करीब 1:40 बजे आग लगी थी। सूचना मिलते ही अग्निशमन कार्यालय दुर्ग से तीन और बीएसपी से दो दमकल टीम मौके पर रवाना हुईं। धुएं से भरे दुकान में फायर कर्मियों ने बहादुरी दिखाते हुए भीतर घुसकर आग पर काबू पाया। करीब चार गाड़ी पानी डालकर लपटों को बुझाया गया। आग आसपास की दुकानों तक न फैले, इसके लिए टीम ने सामने, पीछे और ऊपर से लगातार मोर्चा संभाला। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में यह पूरा अभियान चलाया गया।

भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

दुर्ग। साइंस कॉलेज के आईक्यूएसी और अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ दुर्ग विवि परिक्षेत्र की ओर से 30 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की भारतीय ज्ञान परंपराः सृजन और संरक्षण की अंतर यात्रा राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। आयोजन रूसा 2.0 के अंतर्गत किया जा रहा है। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संगठन मंत्री एबीआरएसएम महेंद्र कपूर, आईआईटी निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश, कुलपति हेमचंद विवि प्रो. संजय तिवारी, मुख्य वक्ता पं. रविशंकर शुक्ल विवि शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष डॉ. सीडी अगासे, छग साहित्य अकादमी अध्यक्ष शशांक शर्मा, अभा वनवासी कल्याण आश्रम छग के प्रांत संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप होंगे।

लौह पुरुष पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च, समाज का हर वर्ग एकता का संदेश देने करेगा पदयात्रा

■ **पटेल चौक में स्थापित लौह पुरुष की प्रतिमा का जल्द बदलेगा स्थानः सांसद विजय बघेल**

दुर्ग/नवप्रदेश। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय (माय भारत) द्वारा यूनिटी मार्च का देशव्यापी अभियान छेड़ा गया है। यह अभियान सरदार वल्लभ भाई पटेल की विरासत को सम्मान देने और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक देश के प्रत्येक जिलों में पदयात्रा के अलावा निबंध, वाद-विवाद, वार्ता, व्याख्यान, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, यंग लीडर, स्वच्छता अभियान, योग एवं स्वास्थ्य सत्र राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम तय किए गए है। जिसके अंतर्गत दुर्ग जिला, भिलाई शहर और बेमेतरा जिला में यूनिटी मार्च निकाली जाएगी।

दुर्ग जिला में यह यूनिटी मार्च 12 नवंबर को पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ होगी, जो दुर्ग-भिलाई के प्रमुख मार्गों से होते हुए पाटन पहुंचेगी। जहां ग्राम सेलूद चौक पर यूनिटी मार्च का समापन होगा।

भिलाई शहर में 14 नवंबर को तीन दर्शन मंदिर पावरहॉउस चौक से यूनिटी मार्च की शुरुआत होगी। जिसका उवरापारा भिलाई-03 में समापन होगा। बेमेतरा जिला में भी

यूनिटी मार्च निकाली जाएगी। जिसके लिए फिहाल अभी तिथि की घोषणा नहीं की गई है। यूनिटी मार्च के लिए तिथि 1-2 दिन के भीतर तय कर ली जाएगी। यूनिटी मार्च में जनप्रतिनिधिगण, खिलाड़ी, शिक्षाविद्, साहित्यकार, चिकित्सक, सेवानिवृत्त प्रशासनिक कर्मचारी एवं सैन्य अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सदस्यों के अलावा सभी वर्ग से लोग शामिल होंगे। जिला स्तर पर यूनिटी मार्च की कलेक्टर मॉनिटरिंग करेंगे। जिला स्तर के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर भी यूनिटी मार्च निकाली जाएगी। जिसके लिए प्रत्येक जिले से 5 लोग चयनित किए जाएंगे। ये लोग 26 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच यूनिटी मार्च का हिस्सा बनेंगे और सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म स्थली नाडियाद,गुजरात तक पदयात्रा कर पहुंचेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित यूनिटी मार्च में दुर्ग जिले के लोग नागपुर से शामिल होंगे। जहां से वे सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मस्थली के लिए मार्च करेंगे। यह यूनिटी मार्च राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। इसमें किसी भी राजनीतिक पार्टी का झंडा नहीं होगा, केवल भारत का तिरंगा झंडा लहराएगा। जिसके माध्यम से यूनिटी मार्च में राष्ट्रीय एकता व प्रेम का संदेश दिया जाएगा। यह बातें दुर्ग सांसद विजय बघेल ने रविवार को सर्किट हॉउस में मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, साजा विधायक ईश्वर साहू, प्रदेश भाजपा मंत्री जितेन्द्र वर्मा, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, महामंत्री विनोद अरोरा, उपाध्यक्ष अशोक राठी, मनोज सोनी, कार्यालय मंत्री आसिफखान, महापौर अलका बाघमार, भिलाई भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, प्रेमलाल साहू, विजेन्द्र सिंह, दुर्ग निगम एमआईसी सदस्य नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, भाजपा नेता विनोद चंद्राकर, दुर्ग जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद रहे। मीडिया से चर्चा में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 150वीं जयंती है। देश की आजादी में उनके योगदान और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरदार पटेल की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम तय किए गए है। जिसके अंतर्गत देशभर में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी की जा रही है।

छठ महापर्व की शुरूआत, खरना के बाद निर्जला व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

घाटों को आकर्षक झालरों, रंग-बिरंगी लाइटों और तोरण द्वारों से सजाया गया

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में चार दिन चलने वाले महापर्व छठ पूजा की शुरुआत नहाय-खाय के साथ हो गई। घाटों पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में व्रत की तैयारी कर रही हैं। वहीं नगर निगम और प्रशासन की ओर से घाटों की सजावट और सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। घाटों को आकर्षक झालरों, रंग-बिरंगी लाइटों और तोरण द्वारों से सजाया गया है। इस बार भिलाई में 25 से ज्यादा तालाबों और दुर्ग में 10 से ज्यादा तालाबों पर छठ पूजा आयोजित की जाएगी।

छठ महापर्व का पहला दिन 'नहाय-खाय' कहलाता है। शनिवार को व्रती महिलाओं ने स्नान कर पवित्रता बनाए रखी और व्रत की शुरुआत की। इस दिन परंपरा अनुसार लौकी की सब्जी, चना दाल और सेंधा नमक से बना शुद्ध भोजन लिया गया। भोजन पूरी तरह बिना लहसुन-प्याज के बनाया गया और मिट्टी के चूल्हे पर पकाया गया, ताकि पवित्रता बनी रहे।

36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू

रविवार को छठ का दूसरा दिन खरना है, जिसे पर्व का सबसे महत्वपूर्ण चरण माना जाता है। आज व्रती महिलाएं पूरे दिन निर्जला उपवास रखेंगी। सूर्यास्त के बाद भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर गुड़ की खीर और गेहूं के आटे की रोटी का प्रसाद तैयार किया जाएगा। इस प्रसाद को ग्रहण करने के बाद 36 घंटे के कठोर निर्जला व्रत की शुरुआत होगी, जो अनुशासन, आत्मसंयम और आस्था का प्रतीक माना जाता है।

आज डूबते सूर्य को अर्घ्य

सोमवार को छठ का तीसरा दिन होगा, जब श्रद्धालु परिवारों के साथ घाटों पर पहुंचकर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इस अवसर पर सूप में ठेकुआ, फल, नारियल और अन्य प्रसाद सजाकर भगवान सूर्य को समर्पित किया जाएगा। घाटों पर दीपों की रोशनी और छठ गीतों की गूंज से वातावरण दिव्यता से भर उठेगा। महिलाएं पारंपरिक गीत गाकर भगवान सूर्य से अपने परिवार की खुशहाली की कामना करेंगी।

28 को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर होगा समापन

28 अक्टूबर की सुबह व्रती महिलाएं उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर अपने व्रत का समापन करेंगी। यह क्षण छठ महापर्व का सबसे पवित्र और भावनात्मक पल माना जाता है। उषा अर्घ्य के समय घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

छठ घाटों पर प्रशासन की तैयारी

दुर्ग के प्रमुख छठ घाटों शिवनाथ नदी तट, पद्मनाभपुर तालाब, रविशंकर स्टेडियम तालाब और अन्य स्थानों पर सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और सफाई के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नगर निगम की टीमें घाटों पर तैनात हैं। श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग, पेयजल व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इधर भिलाई में सेक्टर-2 तालाब, बैकुंठ धाम, शीतला तालाब, हाउसिंग बोर्ड, छावनी तालाब, रामनगर मुक्तिधाम में आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

गोवंश को 50 से ज्यादा बार चाकू मारने वाला गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। गोवर्धन पूजा के दिन गोवंश पर चाकू से 50 से ज्यादा वार कर घायल कर दिया गया था, जिसकी शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नशे के हालत में गोवंश पर हमला किया था। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी का नाम नंद कुमार भारती है। वह संतोषी पारा कैम्प-2 की रहने वाला है। 23 अक्टूबर को उसने नशे में गोवंश पर चाकू से हमला किया था। उसे शासकीय पशु अस्पताल में ले जाया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। लेकिन शनिवार को उसकी मौत हो गई। दरअसल, भारत साहू ने थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि मोहल्ले में एक शख्स ने गोवंश को चाकू मारकर घायल कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने धारा 325 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। इस बीच संदेह के आधार पर कई लोगों से पूछताछ की गई। नंद कुमार भारती की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने जुर्म स्वीकार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को 25 अक्टूबर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं इस घटना के बाद से इलाके में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति दोबारा हरकत न करे।

मातर महोत्सव में कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

भिलाई/नवप्रदेश। ग्राम अंजोरा, पीसेगांव, चिंगरी में मातर महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया साथ ही रात में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों ने मंत्रमुग्ध प्रस्तुति से समां बांधा। अंजोरा में कंचन जोशी, पीसेगांव में लोक अनुहार चिंगरी मे लोकतिहार ने अनुपम प्रस्तुति प्रदान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुआ और मां लक्ष्मी

भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर, विधायक चंद्राकर ने प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की।

विधायक चंद्राकर ने बताया कि कार्तिक शुक्ल द्वितीय तिथि को छत्तीसगढ़ में जगह जगह मातर तिहार उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन सुबह के समय यादव समाज के लोग नाचते एवं जोश भरे अंदाज में उमंग के साथ उछल उछल कर प्रेरक दोहा पारते हुए मातर ठौर पहुंचते है, जहां पर खोड़हर गड़कर इसकी पूजा की जाती है। साथ ही गौधन को सोहई बांधकर खोड़हर के चारो ओर घुमाया जाता है इसे छत्तीसगढ़ी में दांड़ खेलाना कहते है। इस दौरान यादव समाज के लोग अखाड़ा कला के माध्यम से अपने शौर्य का प्रदर्शन भी करते है। दांड़ खेलाने पश्चात यादव समाज के लोग ठाकुर जोहारने चले जाते है। शाम को अपने घरों में अपने कुल देवी देवता की पूजा कर यादव समाज के लोग दोहा पारते निकलते है जिसे छत्तीसगढ़ी में काछन निकलना कहते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच संतोष सारथी, जस सम्राट, पुरण साहू, पूर्व सरपंच दिनेश देशमुख, यादव समाज प्रमुख जयप्रकाश देशमुख पप्पू निषाद संतोष निषाद आशु निषाद उपस्थित थे।

मालिक के घर नौकर ने की चोरी, आरोपी गया जेल

भिलाई/नवप्रदेश। प्रगति नगर, रिसाली निवासी मुकेश सराफ के घर से उनके ही नौकर इंद्रजीत महतो ने अलमारी के लॉकर से 10 हजार रुपए नगद चुरा लिए। लॉकर में 45 हजार रखे थे। उसमें से 10 हजार नौकर ने निकाले और बाकी पैसा छोड़ दिया। इसके अलावा घर के अन्य सामान की चोरी करने के बाद उसे कबाड़ी में बेच देता था। मामला नेवई थाना क्षेत्र का है। शिकायतकर्ता मुकेश सराफ (55) थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की घर की अलमारी के लॉकर में 45,000 रुपए रखे थे और काम से बाहर चले गए। दोपहर में जब उनकी पत्नी अरुणा सराफ ने अलमारी खोली तो देखा कि लॉकर में सिर्फ35,000 रुपए ही बचे हैं। 10,000 रुपए नगद गायब थे। पत्नी ने फौरन मुकेश सराफ को कॉल कर जानकारी दी। घर के सभी से पूछताछ की गई तो किसी को भी पैसों के बारे में कुछ पता नहीं था। तब मुकेश ने शंका जताई कि चोरी उनके नौकर इंद्रजीत महतो ने की है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर नेवई पुलिस ने आरोपी इंद्रजीत महतो (30) को तलब किया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने जुर्म स्वीकार किया। इतना ही नहीं उसने यह भी बताया कि उसने मालिक की दुकान से कुछ पार्ट्स भी चोरी कर कबाड़ी के पास बेच दिए थे। पुलिस ने आरोपी के पास से बचा हुए 1,000 रुपए की रकम बरामद की और दुकान से चोरी किए गए कुछ पार्ट्स की जानकारी जुटाई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

भिलाई/नवप्रदेश। सितंबर 2025 माह में भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से कुल 76 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 10 कार्यपालक व 66 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। सितंबर माह में सेवानिवृत्त हुए 10 कार्यपालकों में जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के प्रमुख एवं कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. रविंद्रनाथ एम. और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. सौरव मुखर्जी भी शामिल हैं। महाप्रबंधक स्तर तक के कार्यपालकों की विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया और उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, राकेश कुमार भी उपस्थित रहे।

समारोह में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों से आत्मीय संवाद कर संयंत्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उनके अनुभव और सुझाव आमंत्रित किए, जिन पर निदेशक प्रभारी और कार्यपालक निदेशकों ने विस्तार से चर्चा की।

राज्योत्सव के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपा दायित्व

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन में जिला मुख्यालय दुर्ग में 2 से 4 नवंबर 2025 तक तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन पुराना गंज मंडी गंजपारा परिसर दुर्ग में किया जा रहा है। राज्योत्सव के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्य कार्यक्रम संचालन समिति का गठन किया गया है। उपयुक्त समिति में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन एवं वीरेंद्र सिंह शामिल है। अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह को संपूर्ण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा अनुविभागीय अधिकारी हरवंश मिरी एवं दंडाधिकारी उत्तम ध्रुव को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं। जिसके अंतर्गत कलेक्टर से अनुमोदन प्राप्त कर आमंत्रण पत्र की छपाई एवं वितरण हेतु जिपं सीईओ दुबे, मंत्रिगण/सदस्यीय सचिव एवं गणमान्य अतिथियों को आमंत्रण पत्र वितरण हेतु अनुविभागीय अधिकारी हरवंश मिरी, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता और अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु को दायित्व दिया गया है। इसी क्रम में प्रतिदिन कार्य स्थल की साफ सफाई, डस्टबिन व्यवस्था तथा फूड स्टॉल आबंटन का दायित्व आयुक्त सुमित अग्रवाल को मंच, स्टॉल, बैरिकेटिंग, सोफा, कुर्सी, माइक लाइटिंग आदि की संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व कार्यपालन अभियंता आशीष भट्टाचार्य, कार्यपालिका अभियंता आशुतोष सारस्वत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन अभियंता जे.के. मेश्राम और लोक निर्माण विभाग (ईएंडएम) के कार्यपालन अभियंता आर.एल. गायकवाड को मिली। सांस्कृतिक दलों कलाकारों का चयन, सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने एवं मंच व्यवस्था हेतु आयुक्त मोनिका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा, डीईओ अरविंद मिश्रा और सहायक आयुक्त राजेश श्रीवास को कार्यस्थल पर वाहन पार्किंग पहुंच एवं निगम स्थल पर यातायात व्यवस्था का दायित्व यातायात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋचा मिश्रा को दिया।

बीएसपी... मूल्यों से परिपूर्ण जीवन एथिक्स क्लब का मूल मंत्र है : बीएसपी निदेशक प्रभारी महापात्र

सतर्कता जागरूकता सप्ताह अंतर्गत एथिक्स क्लब कार्यक्रम का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के सतर्कता एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल से बीएसपी स्कूल के बच्चों में नैतिक मूल्यों को विकसित करने के कार्यक्रम के तहत्‌ए सुनीति उद्यान सेक्टर.8 में एथिक्स क्लब (नैतिकता क्लब) निर्माण किया गया है। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र के मुख्य आतिथ्य में एवं कार्यपालक निदेशकों की उपस्थिति में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत एथिक्स क्लब में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स)

राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक माइंस कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक रावघाट अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एम एंड एचएस डॉ विनिता द्विवेदी सहित मुख्य महाप्रबंधक सतर्कता एवं एसीवीओ सुनील सिंघल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने शालेय छात्रों द्वारा नैतिकता, अखंडता, देशप्रेम, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, सद्भावना आदि संदेशों पर चित्रित पोस्टरों का समीक्षा की और विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई वॉल मैगज़ीन की रचनात्मकता की सराहना की। निदेशक प्रभारी महापात्र द्वारा एथिक्स क्लब ध्वज वंदन के साथ ही एथिक्स क्लब के सदस्य बच्चों यंग चैंपियंस ऑफएथिक्स ने नीतिगान का गायन किया और नैतिकता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात एथिक्स क्लब के सदस्य बच्चों द्वारा विभिन्न 12 नैतिक मूल्यों पर विचार व्यक्त करते हुए नैतिकता के 12 स्मारकों- अखंडता, देशभक्ति, सहिष्णुता, धर्मनिरपेक्षता, सादगी, ईमानदारी, प्रेम, करुणा, ज़िम्मेदारी, सम्मान, अहिंसा और एकता के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों और अतिथियों के बीच नैतिक मूल्यों पर आधारित एक रोचक और संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी विशेष अतिथियों ने अपने अनुभव और वर्तमान परिप्रेक्ष्य से तथ्य बच्चों के साथ साझा किये। एथिक्स क्लब एक स्वैच्छिक सामुदायिक मंच के रूप में कार्य करता है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक और चारित्रिक मूल्यों का विकास करना है। यह एनएसएस, एनसीसी तथा स्काउट्स एंड गाइड्स जैसी सह.पाठ्यक्रम गतिविधियों के समान है। इंटरैक्टिव गतिविधियों और खेलों के माध्यम से छात्र.छात्राएं ये मूल्य सहज रूप से आत्मसात करते हैं, जिससे वे अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नैतिक आचरण और सत्यनिष्ठा का प्रदर्शन करने में सक्षम बनते हैं। मूल्यों से परिपूर्ण जीवन एथिक्स क्लब का मूल मंत्र है जो प्रत्येक सदस्य को नैतिक आदर्शों का प्रतीक बनने और समाज में मूल्य प्रेरक व नैतिकता के प्रचारक के रूप में सकारात्मक की प्रेरणा देता है।

गोवर्धन पूजा में शामिल हुई महापौर अलका

दुर्ग/नवप्रदेश। यादव संघ मित्र कल्याण मंडल जिला दुर्ग के प्रधान कार्यालय श्री गहिरा गुरु धाम, यादव सांस्कृतिक भवन में गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्ग की महापौर अलका बाघमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने यादव समाज के सदस्यों के साथ गौ माता को खिचड़ी खिलाकर पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत श्री गोवर्धनधारी भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर विधिवत पूजा कर प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर अलका ने कहा कि छत्तीसगढ़ की देवारी तब तक अधूरी है जब तक राउतों के दोहा और बाजा नहीं बजे। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन धारण सहकारिता का अद्वितीय उदाहरण है और यादव

समाज भी उसी सहकारिता के मार्ग पर अग्रसर है। आप सभी सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर सशक्त बनें। यादव संघ मित्र कल्याण मंडल जिला अध्यक्ष कमलेश यादव ने यादव सांस्कृतिक भवन में महिला एवं पुरुष शौचालय निर्माण और शुद्ध पेयजल व्यवस्था के लिए 5 लाख की मांग महापौर के समक्ष रखी। यादव समाज के सदस्यों ने महापौर अलका का पारंपरिक अहीर पगड़ी, खुरमी, तेदुसार फुलेता और 'जय श्रीकृष्ण' अंकित पिताम्बरी गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में समाज के गहिरा गुरु राजेश यादव, अध्यक्ष कमलेश यादव, उपाध्यक्ष हर्ष हिंद यादव, सचिव उमराव यादव, कोषाध्यक्ष ललित यादव, वरिष्ठ समाजसेवी ब्रह्मदत्त यादव बृजेश कुमार यादव, पार्षद मनोज सोनी, चंद्रशेखर चंद्राकर, श्री कृष्ण भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट अध्यक्ष करूणा यादव आदि उपस्थित थे।

यातायात होगा सुगम, शहर के भीतर पूरी स्टेट हाइवे होगी फोरलेन

■ सोनेसरार वार्ड से बस स्टैण्ड तक की डेढ़ किमी सड़क के फोरलेन का प्रस्ताव सरकार को भेजेगा विभाग

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर मे सोनेसरार वार्ड से बसस्टैण्ड तक की डेढ़ किमी सडक् भी अब फोरलेन होगी । इस सडक् के फोरलेन बनने से शहर से होकर गुजरने वाली राजनांदगांव कवर्धा स्टेट हाइवे पूरी तरह फोरलेन हो जाएगी । इससे शहर के भीतर यातायात व्यवस्था सुगम होगी तो दूसरी ओर आवाजाही के लिए शहर के अंदर कही भी जाम जैसी स्थिति का सामना नही करना पड़ेगा । राजनांदगांव से खैरागढ़ के सोनेसरार वार्ड तक फोरलेन सडक् चौड़ीकरण की कार्यवाही शुरू हो गई है । शहर के अंदर बस स्टैण्ड से पिपरिया तक तीन किमी सडक् के फोरलेन बनाए जाने का कार्य प्रदेश सरकार द्वारा बजट मे शामिल किए जाने के बाद लोनिवि इसका प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजने मे जूटा है । दोनो ओर फोरलेन सडक् निर्माण के बाद बस स्टैण्ड से सोनेसरार वार्ड तक की डेढ़ किमी सडक् ही चौड़ीकरण के लिए बच रही थी । ऐसे मे बसस्टेण्ड से पिपरिया तक तीन किमी लंबी बनने वाली फोरलेन सउक् के प्रस्ताव के साथ अब लोनिवि सोनेसरार वार्ड से बस स्टैण्ड तक की डेढ़ किमी सडक् के फोरलेन का प्रस्ताव भी साथ मे बनाकर सरकार को भेजने की तैयारी मे जूटी है । ताकि पूरे शहर मे एक साथ सडक् चौड़ीकरण कार्य पूर्ण कराया जा सके । सरकार से उक्त प्रस्ताव को जल्द स्वीकृति मिली तो साल भर मे शहर के भीतर की स्टैट हाइवे पूरी तरह फोरलेन सडक् मे तब्दील हो जाएगी ।

सोनेसरार से बस स्टैण्ड तक की सडक् मे टूटेंगे मकान दुकान,

सोनेसरार से बसस्टैण्ड तक की डेढ़ किमी सउक् मे चौड़ीकरण के चलते जद मे ज्यादातर मकान और दुकाने आ रही है इसके चलते पहले इसके चौड़ीकरण को छोड़ दिया गया था । लेकिन अब इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है । 11 साल पहले इस मार्ग मे चौड़ीक रण के चलते सौ से अधिक दुकानों मकानों को तोड़ा गया था । अब चौड़ीकरण प्रस्ताव तैयार करने के चलते एक बार फिर मकानो और दुकानों के फोरलेन की जद मे आने के चलते तोडफ़ोड़ की जाएगी । हालंकि इस बार लोनिवि चौड़ीकरण और फोरलेन के दायरे मे आने वाले मकानो दुकानो के मुआवजे का प्रस्ताव भी साथ मे बनाकर भेजेगी ताकि मकान और दुकान टूटने पर संबंधितों को उचित मुआवजा दिया जा सके ।

शहर के भीतर तीन किमी की सड़क होगी फोरलेन

सोनेसरार से बस स्टैण्उ और बस स्टैण्ड से पिपरिया तक पूरी स्टेट हाइवे के फोरलेन निर्माण होने पर शहर के मध्य से गुजरने वाली स्टेट हाइवे पूरी तरह फोरलेन हो जाएगी। शहर के भीतर इसका दायरा लगभग तीन किमी तक है ऐसे मे पूरी सडक् के चौड़ी होने से जिला मुख्यालय मे आवाजाही सुगम होगी तो जगह जगह लगने वाले जाम से पूरी तरह निजात भी मिल सकेगी । लगातार बढ़ते यातायात के दबाव के चलते शहर के भीतर सुगम यातायात व्यवस्था फिलहाल सबसे बड़ी परेशानी बन गई है। ईतवारीबाजार का धमधा मोड़, किलापारा मोड़, अमलीपारा मोड़ टैम्पोचौक जैसे इलाके यातायात व्यवस्था को बूरी तरह प्रभावित कर रहे है । फोरलेन प्रक्रिया पूर्ण होने से यातायात व्यवस्था मे बेहतर सुधार आएगा।

> "बस स्टैण्ड से पिपरिया तक तीन किमी फोरलेन सउक् निर्माण प्रक्रिया के साथ अब विभाग द्वारा सोनेसरार से बस स्टैण्ड तक डेढ़ किमी की सडक् का प्रस्ताव भी फोरलेन का तैयार कर सरकार को भेजने की तैयारी है इससे शहर की मुख्य सडक् पूरी तरह फोरलेन हो जाएगी । इसका प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है ।
>
> **स्मारिका तिवारी उपअभियंता लोनिवि खैरागढ़**

न्यूज गैलरी

भ्रष्टाचार के आरोप पर श्रम निरीक्षक निलंबित

रायपुर । छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग अंतर्गत कार्यालय श्रम पदाधिकारी बलौदाबाजार में कार्यरत श्रम निरीक्षक श्री रामचरन कौशिक को भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। श्रम निरीक्षक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अवैध उगाही के आरोप लगाए गए थे। श्रम आयुक्त, छत्तीसगढ़ द्वारा 24 अक्टूबर को एक जांच समिति गठित की गई। समिति की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पाया गया कि श्रम निरीक्षक कौशिक द्वारा कार्यक्षेत्र में भ्रमण के दौरान कथित रूप से अवैध वसूली और अनियमितताएँ की गई हैं। इसी के आधार पर उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री कौशिक को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय श्रमायुक्त कार्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर निर्धारित किया गया है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और जिला पदाधिकारियों को आदेश की सूचना प्रेषित कर अनुपालन कराने निर्देशित किया गया है। श्रमायुक्त कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी तथा जांच आगे भी जारी रहेगी।

खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष का हुआ स्वागत

महासमुंदमहासमुंद/नवप्रदेश। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय का ओड़िशा प्रवास से वापसी के दौरान यहां सर्किट हाऊस में आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी और भाजपा युवा नेता गौरव राठी ने उनसे मुलाकात की और उनका स्वागत किया। भेंट के दौरान नेताओं ने खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय से खादी और ग्रामोद्योग से संबंधित योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। श्री पाण्डेय ने इस दौरान महासमुंद में खादी और ग्रामोद्योग के विकास की संभावनाओं पर भी अपने विचार साझा किए।

यादव ठेठवार समाज ने हर्षोल्लास से मनाया मातर पर्व

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव रोड स्थित गौरा चौरा में यादव ठेठवार समाज द्वारा आयोजित मातर पर्व में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने शामिल होकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मातर पर्व की बधाई देते हुए कहा कि दीपावली पर्व के पांचवे दिन भाईदूज को यह पर्व छत्तीसगढ़ के हर गांव-शहर में मनाया जाता है। यह हम सबका पारंपरिक पर्व है। माताएं सुआ नृत्य करतीं हैं वहीं यादव समाज के लोग घर-घर पहुंचकर छत्तीसगढ़ की लोक राउत नाचा से नागरिकों का स्वागत करते हैं। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने भगवान श्री कृष्ण से छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद क्षेत्र में सुख-समृद्धि, यश की कामना की। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि वार्ड 14 की जनता सौभाग्यशाली हैं इसलिए यहां यह कार्यक्रम हो रहा है। इस दौरान प्रमुख रूप से पार्षदगण माखन पटेल, राजू चंद्राकर, संदीप घोष, शरद मराठा उपस्थित थे। इसके अलावा यादव समाज के प्रमुख दिनू यादव, पलाश यादव, कृपाराम यादव, जगदीश यादव, खिलावन यादव, भरत यादव, नारद यादव, पुनीत यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

समूह की महिलाओं ने पकड़ी शराब, कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भोकलूडीह के महिला समूह ने एक महिला के पास से महुआ शराब बरामद की है। घटना की सूचना मिलने पर सांकरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम भोकलूडीह महिला समूह की अध्यक्ष तिलोतमा साहू व सदस्यों ने गांव में कार्तिक मोती साहू से महुआ शराब पकड़ा है। पुलिस ने तिलोतमा साहू की रिपोर्ट पर भोकलूडीह निवासी कार्तिकमोती साहू (53)के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। आरोपी महिला से 7 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब जब्त किया है।

50 हजार के साइबर अपराधी को पकड़ने पर खुला 50 करोड़ की ठगी का मामला

■ 8 आरोपी गिरफ्तार

■ लेपटाप, ए टी एम, मोबाइल सहित पासबुक जप्त

खैरागढ़/नवप्रदेश। साइबर फ्राड मामले में संगीत विवि की छात्रा से आन लाइन 64 हजार की ठगी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ करने मुंबई गई खैरागढ़ पुलिस ने मुंबई के डोंबीवली इलाके से आठ आरोपियों को 5 लेपटाप, 14 मोबाइल, 51 बैंक खाते, ए टी एम के साथ गिरफ्तार कर 50 करोड़ रु से अधिक के साइबर फ्राड का खुलासा किया है! राजनांदगांव आई जी अभिषेक शांडिल्य ने एस पी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी देते बताया कि संगीत विवि की छात्रा वसुधा सिन्हा ने मामले की रिपोर्ट थाने मे दर्ज कराते बताया था कि 22 अगस्त को इस्टॉग्राम में चिकनकारी शॉपिंग साईट का विज्ञापन देखकर ऑनलाईन साड़ी खरीदने हेतु उक्त साईट से संपर्क कर साड़ी का ऑर्डर दिया था ऑर्डर करने उपरांत प्रार्थिया को साड़ी का ऑनर्लान पेमेंट करने हेतु क्युआर कोड भेजा गया । ऑर्डर कंफर्म करने हेतु प्रार्थिया के साथ धोखाधड़ी करते हुये विभिन्न किश्तों में कुल 64100/रू. का ठगी कर लिया गया। प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 318(4) बीएनएस एवं 66(डी) आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये साइबर फ्रॉड के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु साइबर सेल खैरागढ़ एवं थाना खैरागढ़ की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच मे पुलिस को साइबर गिरोह द्वारा सोशल मीडिया साइट इंस्ट्राग्राम पर फर्जी तरीके से चिकनकारी साड़ी शॉपिंग साईट का विज्ञापन डालकर सस्ते दामों में साड़ी बेचने का लालच देकर लोगो से साड़ी ऑर्डर कराकर ऑनलाईन पेमेंट लेने तथा अपने जाल में फँसाकर तथा लोगो को डराकर रूपये वापस कराने हेतु प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर रूपये ट्रांसफर कराकर ठगी की जानकारी सामने आई । प्रकरण की विवेचना पर विशेष टीम गठित कर साइबर फ्रॉड करने वाले चिकनकारी शॉपिंग साईट के इंस्टॉग्राम पेज को ट्रेस करने आईपी एड्रेस को ट्रेस किया जो आईपी एड्रेस में उपयोग मोबाईल नंबर महाराष्ट्र डोम्बिविल्ली में लोकेट होना पाया गया।

सात दिन कैंप, डिलीवरी बाय बन किया गिरफ्तार

मुंबई पहुँची पुलिस को वहां फ्लैटों की संख्या ज्यादा होने तथा आरोपियों द्वारा फर्जी सिम एवं बैंक खातों का उपयोग करने से सही नाम पते की जानकारी नही मिलने से आरोपियों को ट्रेस करने काफी दिक्कतें आ रही थी। लगातार ट्रेस करने पुलिस टीम दीपावली के समय लगातार 7 दिनो तक इलाके में कैंप कर उक्त फ्लैट के आसपास रैकी कर एवं डिलीवरी ब्वॉय बनकर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया । लगातार प्रयास करने के बाद आरोपियों को फ्लैट जेड विंग के 16 वें फ्लोर के एक कमरें एवं फ्लैट प्रिमिया के 07वें फ्लोर के एक कमरें में होना पता चला। दोनों जगह सतर्कता के साथ टीम द्वारा रेड कार्यवाही में दोनों कमरो से कुल 08 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। धरपकड़ के दौरान सभी आरोपी लैपटॉप , मोबाईल फोन से साइबर फ्रॉड करने में सक्रिय थे ।

आठ आरोपियो की गिरफ्तारी, सामान जप्त

प्रकरण में आरोपी गौतम परमानंद पंजाबी पिता परमानंद पंजाबी उम्र 23 वर्ष पचोरा सिंधी कॉलोनी थाना पचोरा जिला जलगांव महाराष्ट्र, पवन पिता बबन सुरूसे 25 वर्ष मनारखेड़ थाना बालापुर जिला अकोला महाराष्ट्र। विनायक पिता रामेष्वर मोरे 24 वर्ष वार्ड नंबर 12 डबकी रोड अकोला जिला अकोला महाराष्ट्र। अमित पिता रामेष्वर मोरे 25 वर्ष वार्ड नंबर 12 डबकी रोड अकोला जिला अकोला महाराष्ट्र।

रामचन्द्र पिता जनार्दन चौके 21 वर्ष निवासी मनारखेड़ थाना बालापुर जिला अकोला महाराष्ट्र। अमोल पिता संतोष दिवनाने 24 वर्ष बालापुर थाना बालापुर जिला अकोला महाराष्ट्र। अभिषेक पिता संतोष डंबडे 24 वर्ष बालापुर थाना बालापुर जिला अकोला महाराष्ट्र। मनोज मुखिया पिता नंदु मुखिया 29 वर्ष हैदीवली भैरव स्थान जिला मधुबनी बिहार के कब्जे से 05 नग लैपटॉप, 14 नग एन्ड्राईड फोन, 51 नग बैंक पास बुक, 51 नग, एटीएम कार्ड, 15 नग चेक बुक, 25 नग सिम कार्ड जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर खैरागढ़ लाया गया।

जिले के आठ पीएमश्री स्कूलो में संगीत शिक्षको की पदस्थापना

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के आठ पीएम श्री शासकीय स्कूलो में अब संगीत की पढ़ाई भी सूचारू रूप से शुरू होगी । सरकार से मिले निर्देशो के बाद जिले के आठ पीएम श्री स्कूलो मे संगीत शिक्षको की भर्ती प्रक्रिया दीवाली पर्व के पूर्व ही शिक्षा विभाग द्वारा पूरी कर ली गई है । चयनित संगीत शिक्षको को संबंधित स्कूलो मे पदस्थापना भी कराई जा चुकी है । दीवाली अवकाश के बाद आज से खुल रहे पीएम श्री स्कूलो मे संगीत विषय की पढ़ाई अब नियमित रूप से होगी । संगीत शिक्षक भर्ती प्रक्रिया स्कूलो मे शुरू होने से संगीत विवि के छात्रो की आस भी बढ़ गई है । हालंकि अब तक केवल पीएमश्री स्कूलो मे ही संगीत शिक्षको की भर्ती हूई है । प्रदेश सरकार के स्कूलो मे भी इसकी भर्ती होने की उम्मीद बढ़ गई है । जिले के आठ पीएम श्री स्कूलो मे संगीत शिक्षक अब छात्रो को विषयवार पढ़ाई के बाद संगीत की प्रारंभिक , भौतिक और विषय संबंधी शिक्षा देंगें। इसमे जिले के खैरागढ़, छूईखदान , गंडई सहित साल्हेवारा इलाके के पीएमश्री प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायरसेंकेडरी स्कूल शामिल है । जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने बताया कि आदेश के बाद सितंबर मे संगीत शिक्षको की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दीवाली पूर्व प्रक्रिया पूरी कर चयनित संगीत शिक्षको की नियुक्ति आदेश जारी किए गए थे । सभी पीएमश्री स्कूलो मे संगीत शिक्षको की नियुक्ति प्रक्रि या पूरी की जा चुकी है ।

अब इन स्कूलो मे संगीत की शिक्षा भी छात्रों को मिलेगी । और नियमित रूप से संगीत विषय की पढ़ाई होगी । संगीत शिक्षको की नियुक्ति आदेश अनुसार मार्च तक पूर्णत अस्थाई रूप मे की गई है ।

दीवार खड़ी करने से मना करने पर भतीजा ने पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने मारपीट के मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को ग्राम तोषगांव निवासी विजय प्रधान ने बताया कि वह घर की बाड़ी की ओर नाली बना रहा है। उन्हें भतीजा पुष्पकांत प्रधान मना करता है। साथ ही दीवार खड़ी कर रहा है।24 अक्टूबर की शाम करीब 04.30 बजे दीवार खड़ी करने से मना किया, तो पुष्पकांत प्रधान ने गाली गलौज कर ईंट से पैर में मार दिया व जान से मारने की धमकी दी।

तीर्थ यात्रा के लिए 323 श्रद्धालु रवाना, विधायक ने दिखाई झंडी

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आज जिले के पांचों विकासखंडों से कुल 323 श्रद्धालु 18 बसों के माध्यम से पांच दिवसीय तीर्थयात्रा के लिए रवाना हुए। तीर्थ यात्री पवित्र तीर्थस्थल प्रयागराज, हनुमानगढ़ एवं काशी विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। इन तीर्थ यात्रियों को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ध्वज दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा शुरू की गई थी, किंतु पूर्ववर्ती सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल में यह योजना बंद रही।

मध्यान भोजन रसोईयों संघ का 4 सूत्रीय मांगों को लेकर 3 नवंबर को देगी धरना

धरना-प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपेंगी ज्ञापन

महासमुंद/नवप्रदेश। चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक बार फिर छत्तीसगढ़ मध्याह्न भोजन रसोईया संघ के आह्वान पर जिले के शासकीय स्कूलों में मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईयां तीन नवंबर को हड़ताल पर जाने वाली हैं। इस दिन पटवारी कार्यालय के सामने जिले की रसोईयां एकत्रित होकर धरना-प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगी।

रसोईया संघ की प्रदेश अध्यक्ष नीलू ओगरे ने बताया कि गत विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 50 प्रतिशत मानदेय दिए जाने का वायदा किया था। पर तीन साल बीतने जा रहा है पर अभी तक मोदी की गारंटी पर सरकार ने अमल नहीं किया है। इसके अलावा स्कूल से छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोईयों को काम से निकालना बंद किया जाए, ड्रेस कोड दिया जाए और रसोइयों को समय पर वेतन (5 तारीख को) दिए जाने की मांग है। उन्होंने बताया कि इन चार सूत्रीय मांगों के लिए कई बार धरना-प्रदर्शन व हड़ताल किया गया है।

हाल ही में जिला मुख्यालय के प्रवास पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से भी मुलाकात कर रसोईया संघ ने ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी करने का अनुरोध किया था। इसके अलावा स्थानीय विधायक व सांसद को भी मांग पत्र सौंपा गया है। पर, हमारी मांगों पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि जिले में 1750 प्राथमिक स्कूलें हैं जहां 3694 रसोईयां काम करती हैं।

जिले के समितियों में शिविर का आयोजन कर एग्रीस्टैक पोर्टल में शेष किसानों का किया जा रहा पंजीयन

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने समिति स्तर पर शिविर का हो रहा आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए किसानों का पंजीयन का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी सहकारी समितियों में शिविर का आयोजन कर शेष सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिविर में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के ऐसे किसान जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत है किंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए है, समिति स्तरीय शिविरो में ऐसे सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जा रहा है। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत है किंतु उनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है शिविरों में ऐसे सभी कृषकों की जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में अद्यतन भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में राजस्व, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है। जिससे कि जिले के सभी कृषकों को वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही जिले का कोई भी पात्र कृषक धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने से वंचित न रहे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दीपावली मिलन उत्सव संपन्न

जालबांधा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खैरागढ़ खंड द्वारा दीपावली स्नेह मिलन उत्सव का आयोजन जालबांधा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मनोहर चंदेल, राजनांदगांव विभाग पर्यावरण प्रमुख रहे। कार्यक्रम में कौशल वर्मा,मनोज वर्मा,मोतीलाल यादव रविन्द्र ,प्रदीप सिंह, प्रणोति जैन सहित विभिन्न संगठनों कार्यकर्ता और स्वयंसेवक जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, दीनदयाल सिन्हा ,राजेंद्र वर्मा, जयप्रकाश साहू, की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता मनोहर चंदेल ने दीपावली के अवसर पर शुभकामनाएँ देते कहा कि दीपावली स्नेह, प्रेम और भाईचारे का पर्व है।

न्यूज गैलरी

छग के खिलाड़ियों ने दीपावली मिलन समारोह मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। क्रिकेट अकादमी सन राईस क्रिकेट सोसायटी के क्रिकेट खिलाड़ी, आज दीपावली मिलन समारोह अकादमी में रखा गया जिसमें खिलाड़ियों व कोच ने भगवान गणेश जी की व क्रिकेट सामग्री की पूजा अर्चना कर आशिर्वाद मांगे। इस अवसर पर सिद्धार्थ बजुरिया, महेश साहू, हरीश यादव, इंदर रात्रें, शिवांश साहू, वेदांत शुक्ला, श्रीकांत तिवारी, अर्थव सोनी, अक्षर उपाध्याय, तेजस्वी यादव, देवकी यादव, अश्विन पाण्डेय, दिव्यांश सोनवानी, चीनू वैष्णव, कोच जलेश यादव उपस्थित थे। हमारे यहां बालिकाओं, दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से निशुल्क वही दूसरे खिलाड़ियों को कम शुल्क में अभ्यास कराया जाता है। हमारे यहां पूरे बारह महीने अभ्यास कराया जाता है इसी के कारण हमारे यहां के खिलाड़ी जल्द आगे बढ़ते जा रहे हैं। 15 वर्ष से संचालित यह ऐसा क्रिकेट अकादमी है जो सभी लोगों के आशिर्वाद आर्थिक सहायता सहयोग से चलता है। उपरोक्त जानकारी सन राईस क्रिकेट सोसायटी छत्तीसगढ़ के संचालक व कोच जलेश यादव ने दी।

जन्मदिन के दिन छात्रा ने पीया कीटनाशक, हुई मौत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय छात्रा ने जन्मदिन के दिन कीटनाशक पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन दिन बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली यह छात्रा उदयपुर इलाके की रहने वाली थी। 22 अक्टूबर को उसका जन्मदिन था। दिन में जब परिवार के सदस्य घर पर ही थे, दोपहर के समय छात्रा ने कमरे में कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजन उसे तत्काल अंबिकापुर के मिशन अस्पताल ले गए और भर्ती कराया।

फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता बनी लवईडीह टीम

अंबिकापुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सखौली नवापारा में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ। कार्यक्रम में विधायक प्रबोध मिंज और युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का ग्रामीणों और आयोजन समिति द्वारा गाजे-बाजे, माल्यार्पण और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया।

राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025 की तैयारियां पूर्ण

सरगुजा में फिर सजेगा खेलों का महाकुंभ

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। खेल प्रतिभाओं की भूमि सरगुजा एक बार फिर राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025 की मेज़बानी के लिए पूरी तरह तैयार है। आगामी 28 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होने वाली 25वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली हैं।

इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य के पाँचों संभाग कृ दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर कृ की टीमें हिस्सा लेंगी। जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री विलास भोस्कर की अध्यक्षता में प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, खेल अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन की गुणवत्ता पूर्व वर्षों की भाँति उत्कृष्ट, अनुशासित और प्रेरणादायक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन, परिवहन, चिकित्सीय सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि प्रतिभागी पूरी ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि सरगुजा की मेहमाननवाज़ी और संगठन क्षमता पूरे प्रदेश में उदाहरण बनेगी।

भव्य उद्घाटन समारोह 28 अक्टूबर को मल्टीपर्पज स्कूल मैदान, अंबिकापुर में आयोजित होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री राजेश अग्रवाल तथा सांसद चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं समापन समारोह में प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा ने जानकारी दी कि सभी खेल मैदानों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत, उपकरण व्यवस्था और सजावट का कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के लिए आवास स्थलों को सुसज्जित किया गया है तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मार्चपास्ट का रिहर्सल अंतिम चरण में है। सरगुजा की धरती खेल प्रतिभाओं से भरी हुई है।

यह आयोजन हमारे युवाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है, और यही इस महोत्सव का मूल उद्देश्य है। सरगुजा प्रशासन, शिक्षा विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग संयुक्त रूप से इस आयोजन को भव्य, सुरक्षित और प्रेरणादायक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नगर निगम द्वारा मैदान और स्वागत स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल टीमों की तैनाती के साथ एम्बुलेंस सेवाएँ भी सुनिश्चित की हैं।खेल महाकुंभ के इस पर्व में राज्यभर से आने वाले सैकड़ों खिलाड़ी, कोच, अधिकारी एवं खेलप्रेमी सरगुजा की सांस्कृतिक और खेलीय धरोहर के साक्षी बनेंगे। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं के प्रदर्शन का मंच बनेगा, बल्कि सरगुजा के गौरव और खेल संस्कृति के उत्थान का प्रतीक भी सिद्ध होगा।

प्रतियोगिता में निम्न खेलों का आयोजन किया जाएगा

*फुटबॉल (बालिका - 19 वर्ष)
*बैडमिंटन (बालक एवं बालिका - 14, 17, 19 वर्ष)
* क्रिकेट (बालक - 14 वर्ष)
* बास्केटबॉल (बालक एवं बालिका - 14, 17, 19 वर्ष)

विकास कार्यों के लिए नहीं मिल रही राशि अधिकारियों को दे चुके कई बार आवेदन

छह माह से ठप विकास कार्यों पर ग्रामीणों की नाराजगी, पंच-सरपंच सीधे मंत्री के पास पहुँचे

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के ग्राम पंचायतों में पिछले छह माह से विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिससे पंच-सरपंचों और सचिवों को ग्रामीणों की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण लगातार पूछ रहे हैं कि गांवों में सड़कों, नालियों और सामुदायिक भवनों जैसे कार्य आखिर कब शुरू होंगे, लेकिन पंचायतों के पास काम करने के लिए राशि ही नहीं है। विभागीय स्तर पर धनराशि स्वीकृत नहीं होने से यह स्थिति बनी हुई है। जिले की लगभग 350 ग्राम पंचायतें और 711 गांव इस समस्या से जूझ रहे हैं। नए निर्वाचित सरपंचों ने बताया कि वे पिछले छह महीनों से विभागीय अधिकारियों को आवेदन दे रहे हैं, मगर किसी भी आवेदन पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। आवेदनों को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है, जिससे गांवों में विकास की गति पूरी तरह रुक गई है।नाराज पंच-सरपंचों ने अब सीधे विभागीय मंत्री के पास पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज करानी शुरू कर दी हैं। बताया जाता है कि हाल ही में मंत्री विजय शर्मा के पास सैकड़ों आवेदन पहुंचे हैं, जिनमें गांवों की सड़कों, नालियों और भवन निर्माण जैसे कार्यों के लिए धन स्वीकृति की मांग की गई है। मंत्री के कार्यालय और भाजपा सहयोग केंद्र में भी इन आवेदनों का अंबार लग गया है।कई सरपंचों ने बताया कि उन्होंने पांच महीने से अधिक समय पहले ही प्रस्ताव और आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए थे, लेकिन अधिकारियों के टालमटोल रवैये के कारण कोई प्रगति नहीं हुई। उनका कहना है कि पंचायत प्रतिनिधियों की मेहनत और गांवों की उम्मीदें विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही राशि स्वीकृत नहीं की गई तो गांवों में जनसुविधाओं की स्थिति और बिगड़ जाएगी। वहीं, सरपंचों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन का रुख अपनाएंगे। अब सबकी नजरें मंत्री के निर्णय पर टिकी हैं कि वे कब तक इन आवेदनों पर ठोस कदम उठाते हैं और गांवों में विकास कार्यों को फिर से शुरू करवाते हैं।

पहुंच मार्ग तक जर्जर, मांगलिक कार्यों के लिए भवन तक नहीं

पहुंच मार्ग तक जर्जर, मांगलिक कार्यों के लिए भवन तक नहीं कई ग्राम पंचायतों में मुख्य मार्ग से ग्राम तक पहुंचने का मार्ग काफी जर्जर हो चुके हैं। ऐसे में लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में तो लोगों को कीचड़ से होकर आना-जाना करना पड़ता है। इसी तरह गांवों में सामुदायिक भवन नहीं होने से मांगलिक कार्य संपन्न कराने में भी लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं को देखते हुए सरपंचों ने ग्राम सभा में निर्णय पारित विकास कार्यों की सूची बनाकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को राशि स्वीकृत करने के लिए आवेदन दिए।

अंबिकापुर में छठ महापर्व पर हजारों श्रद्धालु करेंगे सूर्योपासना

सरगुजा/नवप्रदेश। छठ महापर्व के तीसरे दिन अंबिकापुर के शंकरघाट, खर्राघाट समेत अन्य छठ घाटों पर हजारों की संख्या में लोग सूर्योपासना करेंगे।फिर नदी के किनारे एक साथ हजारों की संख्या में लोग सूर्योपासना करेंगे। छठ के लिए घाटों में आकर्षक सजावट की गई है। छठ महापर्व की शुरुआत व्रती महिलाओं ने नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुरुआत की। घरों में ही नहाय खाय की रस्म पूरी की गई। महापर्व के दूसरे दिन घाट बंधान के साथ खीर भोज का आयोजन किया गया। इसके साथ ही 36 घंटे के कठिन व्रत की शुरुआत हो गई है। घाटों में पूजन के लिए खंड तैयार किए गए हैं, जिनमें व्रती परिवार पूजन करेंगे। नगर के शंकर घाट और घुनघुट्टा नदी के किनारे खर्रा घाट पर एक साथ हजारों की संख्या में एक साथ लोग सूर्योपासना करेंगे। खर्रा घाट में दो हजार से अधिक परिवारों के लिए पूजन खंड बनाए गए हैं। खंड आरक्षित दिए गए हैं।शंकरघाट में भी दो हजार से अधिक परिवार एक साथ सूर्योपासना करेंगे। शहर के मध्य में स्थित शिवसागर तालाब में सैकड़ों परिवार एक साथ सूर्योपासना करेंगे। इसके साथ ही अन्य मेंड्रा में घुनघुट्टा नदी और अन्य तालाबों और बांधों में छठ पर सूर्योपासना की तैयारी की गई है। सभी घाटों में आकर्षक सजावट की गई है। छठ घाटों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शहर और आसपास के 14 छठ घाटों में पुलिस अधिकारियों के साथ 400 से अधिक जवान छठ घाटों में तैनात किए गए हैं। इसके अलावा सिविल ड्रेस में भी जवान तैनात रहेंगे। छठ घाटों पर गोताखोर भी तैनात किए गए हैं। इसके अलावे पेट्रोलिंग पार्टी भी तैनात की गई है।

जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सांसद, विधायकों और जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की उपस्थिति तथा कलेक्टर एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के अध्यक्ष विलास भोसकर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, नगर निगम अम्बिकापुर की महापौर मंजूषा भगत, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल सहित शासी परिषद के सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री विनय अग्रवाल ने विभिन्न एजेंडा वार कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ी एवं सरगुजिहा बोली में प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास (क्डथ्) के तहत उपलब्ध निधि के उपयोग का अनुपात 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं दिव्यांगजन कल्याण, कौशल विकास, आजीविका सृजन, स्वच्छता, आवास, कृषि एवं पशुपालन शामिल हैं। अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र में 30 प्रतिशत राशि का उपयोग भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा तथा वाटरशेड विकास जैसे कार्यों में किया जा सकेगा। बैठक में उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पेयजल, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा आदि के अंतर्गत स्वीकृत, पूर्ण और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। शासन के निर्देशों और परिषद के सदस्यों की सहमति से नए कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। सांसद चिंतामणि महाराज, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने बैठक में जिले के सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, भौतिक अधोसंरचना और सिंचाई से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाए, ताकि विकास का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचे।

डूबते सूर्य को अर्ध्य दिए महिलाएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में चार दिवसीय छठ पूजा के तीसरे दिन आज शाम व्रत रखने वाली महिलायें डूबते सूर्य को अर्ध्य देगी। जिसके लिए नगर में इस वर्ष विशेष रूप से छठ घाट बनाकर साफ्सफाई कर विशेष तैयारी की गई है। मूलतः बिहार का पर्व छठ पूजा शहर में निवासरत बिहारियों, ब्राम्हण समुदाय के द्वारा विगत कई वर्षो से किया जा रहा है। इस वर्ष पुलपारा के पास छठ घाट में नगर पालिका द्वारा विशेष साफ्सफाई कर विशेष तैयारियां की गई है। छठ पर्व का धार्मिक दृष्टि से विशेष महात्व होता है जीवन में खुशहाली बनाये रखने और मनोकामना पूर्ति के लिए छत्तीस घंटो तक निर्जला व्रत रखकर कठिन तपस्या की जाती है।

एसपी का तबादला, न्याय की उम्मीद में युवक ने किया गंगाजल से छिड़काव

मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)/नवप्रदेश। जिले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के तबादले के बाद एक युवक ने न्याय की उम्मीद में अनोखा कदम उठाते हुए एसपी कार्यालय परिसर में गंगाजल का छिड़काव कर पूजा-अर्चना की। यह अनोखी घटना रविवार को चैनपुर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया। जानकारी के अनुसार, चैनपुर निवासी रघुनाथ सिंह गोंड ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि वे अपने पुश्तैनी जमीन के विवाद में लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। रघुनाथ सिंह का आरोप है कि उनके पूर्वजों की भूमि पर शहर के दो प्रभावशाली व्यक्तियों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने इस मामले की शिकायत कई बार पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पूर्व एसपी के कार्यकाल में भी उनकी समस्या जस की तस बनी रही, जिसके चलते उन्होंने अब नए एसपी से न्याय की उम्मीद जताई है।रघुनाथ सिंह ने बताया कि यह विवाद कोई नया नहीं है। वर्ष 2022 में भी उन्होंने इसी मामले को लेकर तहसील कार्यालय के समीप तीन दिनों तक आमरण अनशन किया था। बावजूद इसके, प्रशासन और पुलिस विभाग ने उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। इस बार उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से गंगाजल छिड़क कर यह संदेश देने की कोशिश की है कि वे भ्रष्टाचार और अन्याय से कार्यालय को ÷पवित्र÷ करना चाहते हैं ताकि नए एसपी के आगमन के साथ जिले में न्याय की नई शुरुआत हो सके। इस पूरे प्रकरण पर सामाजिक कार्यकर्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट रमाशंकर गुप्ता ने कहा कि रघुनाथ सिंह की भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेखों में कथित रूप से छेड़छाड़ की गई है। यह मामला न्यायालय में अभियुक्त पत्र प्रस्तुत करने योग्य है, लेकिन अब तक पुलिस ने कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

सर्व ब्राह्मण परिषद मुंगेली द्वारा दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। सर्व ब्राह्मण परिषद द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन इंदिरा केशव विप्र भवन, में किया गया। भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर एवं जिले के अनेक सम्माननीय विप्रजन, समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग तथा महिलाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अतिथियों ने दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज एवं एकादशी की शुभकामनाएँ देते हुए समाज में एकता, संस्कार एवं सहयोग की भावना को सशक्त बनाने का आह्वान किया। ब्राह्मण समाज को शिक्षा, संस्कार व संगठन के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपने गौरवशाली संस्कारों से जुड़ी रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं भजन के माध्यम से वातावरण आनंदमय बना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी विप्रजनों ने सामूहिक भोजन प्रसादी ग्रहण की। समारोह को सफल बनाने में परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन परिषद के पदाधिकारियों द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सर्व ब्राह्मण परिषद के प्रतिनिधियों ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष अवधे शुक्ला, शैलेष पाठक, पवन पाण्डेय, अरूण पाठक, आशीष मिश्रा, संजय तिवारी, योगराज उपाध्यक्ष, प्रेमांशु उपाध्यक्ष, चन्द्रशेखर उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, दिलीप चतुर्वेदी, ब्रजेश्वर पाण्डेय, ओमप्रकाश दीक्षित, रविशंकर शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

बैठक ग्रामीणों ने कहा- शर्त के हिसाब से हम लोग 8-10 साल में ही रिटायर की स्थिति में पहुंच जाएंगे

एसईसीएल प्रबंधन अधिकारी व परसोडीकला ग्रामीणों के बीच समझौते को लेकर बैठक संपन्न

लखनपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल प्रबंधन एवं ग्राम परसोडी कला निवासीयो के बीच खदान के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर चल रहे विवाद को समाप्त करने के मकसद से लखनपुर थाना परिसर में तहसीलदार अंकिता पटेल के अगुवाई में परसोडी कला के ग्रामीणों तथा एस ई सी एल प्रबंधन के अधिकारीयों के दरमियान आपसी समझौते भूमि अधिग्रहित को लेकर बैठक आहूत की गई।

इस बैठक में अमेरा खुली खदान विस्तार से मुतालिक मुआवजा, नौकरी सहित अन्य विषयों पर गहनता से आपसी चर्चा की गई । बैठक में ग्रामीणों के ओर से नीलकंठ राजवाड़े एवं चितरंजन ने पक्ष रखते हुए कहां कि मुआवजे के साथ हम प्रभावित लोगों को खदान में नौकरी भी चाहिए ,अस्तु एसईसीएल प्रबंधन प्रभावित परिवार के सदस्यों को नौकरी पर रखे। अमेरा खुली खदान के मैनेजर राघवेंद्र पांडेय ने कहा- जिन ग्रामीणों ने मुआवजा नहीं लिया है वह मुआवजा ले ले। नियमानुसार प्रति दो एकड़ में प्रभावित परिवार के एक व्यक्ति को खदान में नौकरी दिये जाने प्रावधान रखी गई है। बशर्ते सन 2001 से जो व्यक्ति 18 वर्ष पूर्ण कर लिया है सिर्फ उन्ही को नौकरी दिये जाएंगे। और बाकी अभी जिनकी उम्र 18 वर्ष से

अधिक हो रहा है उनको एसईसीएल प्रबंधन में नौकरी नहीं दी जाएगी। तब ग्रामीणों ने कहा कि शर्त के हिसाब से हम लोग तो 8-10 साल ही नौकरी कर पाएंगे इसके बाद रिटायर की स्थिति में पहुंच जाएंगे। एसईसीएल प्रबंधन एरिया मैनेजर राघवेंद्र पांडेय ने उपस्थित ग्रामीणों से आग्रह किया कि सभी लोग सहमति बनाकर मुवावजा लें जिन्होंने मुआवजा नहीं लिया हैं अन्यथा आप लोगों को नुकसान होगा। क्योंकि आज से 8-10 साल पीछे की स्थिति में आप लोग मुआवजा लेकर नौकरी करते रहते तो उन पैसों के हकदार रहते । आप लोग मुवावजा नहीं लिया हैं तो आप लोगों को ही आर्थिक क्षति हुई है। इसे समझते हुए आप सब लोग सहमति बनाकर अपने बचे मुआवजा राशि उठाइए और प्रावधानों के मुताबिक हर दो एकड़ में एक व्यक्ति का नौकरी मिलना निर्धारित है जॉइनिंग कर अपनी नौकरी किजिए। यह बैठक 2:00 बजे से आरंभ होकर 3:30 बजे डेढ़ घंटे बाद समाप्त हुई।

पीएम के विरूद्ध सोशल मीडिया में टिप्पणी, सहायक शिक्षक निलंबित

बलरामपुर/नवप्रदेश। विकासखंड बलरामपुर के शासकीय प्राथमिक शाला मक्याठी के सहायक शिक्षक ईश्वरी प्रसाद टंडन के द्वारा प्रधानमंत्री, भारत सरकार के विरूद्ध उनके नाम से अपने फेसबुक पेज पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अशोभनीय टीप्पणी की गई। जो कि छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी अधिकारी-कर्मचारी के सोशल मीडिया के उपयोग संबंधी मार्गदर्शी निर्देश का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। ईश्वरी प्रसाद का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के नियम-03 का स्पष्ट उल्लंघन है। शासकीय कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण छग् सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत् जिला शिक्षा अधिकारी मनीराम यादव द्वारा ईश्वरी प्रसाद टंडन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री ईश्वरी प्रसाद का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुसमी नियत किया गया है।

'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' जिले की 152 पंचायतों में पहुंची सरकारी सेवाएं

गांवों में तकनीक की नई सुबह, कोटा ब्लॉक के सीमावर्ती केंदा सहित कई गांवों में दिखा बदलाव का प्रभाव

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पंचायती राज दिवस 2025 के अवसर पर प्रारंभ की गई योजना 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' ने गांवों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सुविधा, समय की बचत और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय जोड़ा है। यह पहल राज्य में डिजिटल शासन के विज़न को गांव-गांव तक ले जाने का एक सफल उदाहरण बन चुकी है।

इस योजना के तहत जिले की 152 ग्राम पंचायतों में एक साथ ये केंद्र स्थापित किए गए, जिनका उद्देश्य था ''सरकारी सेवाओं को गांव में ही सुलभ बनाना''। आज भी ऐसे लोग है जो डिजिटल सुविधाओं से वंचित है। प्रदेश में अंतिम नागरिक तक सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरूआत की गई। यह एक ऐसा केंद्र है जो गांव और छोटे कस्बों में लोगों को डिजिटल सुविधाएं देने का काम कर रहा है। इन केंद्रों में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति, आय, निवास के लिए आवेदन, पैसे निकालना एवं जमा करना, पेंशन और योजनाओं की राशि भी आसानी से मिल जाती है। बैंकिंग, बिजली और पानी का बिल जमा करना, सरकारी योजनाओं सहित बहुत सारी सुविधाएं मिल रही है। कोटा ब्लॉक के दूरस्थ गांव केंदा में यह परिवर्तन प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। ग्रामीणों ने इस केंद्र को सहजता से अपनाया है, और मात्र 5 महीनों में यहां 2 करोड़ रुपये से अधिक का डिजिटल ट्रांजेक्शन दर्ज हुआ है। पहले एक प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 20 किलोमीटर बेलगहना जाना पड़ता था। अब ये काम गांव में ही हो जाता है। सिलपहरी से आई दीदी पूर्णिमा मानिकपुरी ने बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गयी यह सुविधा हम ग्रामीणों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। पहले हम अपने छोटे से काम के लिए भी 20 किमी दूर बेलगहना जाते थे। हमारे समय और पैसे भी बहुत खर्च होते थे। हमने कभी सोचा भी नहीं था कि कभी ऐसी सुविधा भी मिलेगी कि इतनी आसानी से सारे जरूरी काम हो जाएंगे।

जिले में सेवा और सशक्तिकरण की तस्वीर

152 पंचायतों में एमओयू पूर्ण। 60,730 से अधिक ट्रांजेक्शन। 17.72 करोड़ रूपए से अधिक की राशि। यह योजना छत्तीसगढ़ सरकार की ग्रामीण सशक्तिकरण और सुशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। तकनीक को गांवों तक पहुंचाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि विकास की धारा गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। यह पहल गांवों को तकनीक से जोड़कर उन्हें सक्षम और आत्मनिर्भर बना रही है। बड़गंवा से रूद्र प्रताप सिंह आधार कार्ड अपडेट करवाने आए थे। उन्होंने बताया कि आधार अपडेट, जन्म प्रमाण पत्र, बैंकिंग जैसे सारे काम आसानी से हो जाते है। दुर्गा कैवर्त महतारी वंदन योजना की राशि निकालने आई थी। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, ई श्रम कार्ड, राशन कार्ड अपडेट जैसे सारे काम अटल डिजिटल सुविधा केंद्र में हो जाते है। सरकार की इस पहल से हमारे समय और पैसे दोनों की बचत हुई है।

गांव की चौपाल से डिजिटल खिड़की तक

पहले जहां जाति प्रमाण पत्र, पेंशन, आय प्रमाण पत्र, बिजली बिल या बैंकिंग जैसे कार्यों के लिए ग्रामीणों को ब्लॉक या जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती थी, वहीं अब ये सभी सेवाएं गांव के अटल डिजिटल सुविधा केंद्र पर ही उपलब्ध हैं। इससे न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि लोगों की रोज़ाना की कमाई और श्रम पर भी असर नहीं पड़ता।

न्यूज गैलरी

दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी 31 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। 31 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक दो दिवसीय जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी ''बिलासापेक्स-2025'' का आयोजन राघवेन्द्र राव सभा भवन, कंपनी गार्डन के पास सवेरे 10 बजे से किया जाएगा। प्रदर्शनी में डाक संभाग के सभी डाक टिकट संग्रहकर्ता भाग लेंगे। उक्त प्रदर्शनी के माध्यम से डाक टिकट के क्रमशः विकास एवं समग्र इतिहास की झलक, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक घटनाक्रम इत्यादि की जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही साथ शालेय छात्र-छात्राओं को प्रदर्शनी में महापुरूषों, खेल, ज्ञान-विज्ञान, प्रकृति, पर्यावरण, वन्य जीव-जन्तु, विभिन्न देश-विदेशों की कला संस्कृति आदि की रोचक जानकारी प्राप्त होगी। उक्त रोचक व ज्ञानवर्धक डाक टिकट प्रदर्शनी का अवलोकन विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत लाभदायक होगा। विभाग द्वारा प्रदर्शनी स्थल पर ही माई स्टेम्प योजना की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी फोटो डाक टिकट के साथ छपवा सकता है। माई स्टेम्प योजना के डाक टिकट विभिन्न प्रकार के शीटों में उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति अपना स्वयं का फोटो एवं परिचय पत्र के साथ आवेदन पत्र भर कर निर्धारित शुल्क 300 रूपए अदा कर उक्त डाक टिकट की सुविधा प्राप्त कर सकते है।

भीषण गर्मी में वार्डवासियों को मिलेगी राहत

पेयजल संकट से मिलेगी निजात, जोरापारा क्षेत्र में हुआ पहला बोर : श्याम साहू

बिलासपुर/नवप्रदेश। वार्ड नंबर 63 अरविंद नगर में पार्षद व एमआईसी चेयरमेन श्याम साहू द्वारा विगत दिनों कराए गए बोर से वार्डवासियों सहित आसपास के लोगों को राहत मिलेगी।

पार्षद श्री साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि जोरापारा क्षेत्र में यह पहला बोर है। अभी तक यहां रहने वाले वार्डवासियों को अशोक नगर मुख्य पानी टंकी से पानी की सुविधा मिल रही है, लेकिन इस बार गर्मियों में जिस तरह से भीषण जलसंकट की स्थिति पैदा हुई उसे देखते हुए आने वाले गर्मियों में वार्डवासियों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े इसके लिए जोरापारा क्षेत्र में पहला बोर किया गया है। इसके बाद सतबहनिया मंदिर में बोर किया गया। गर्मी के पहले क्षेत्र में चार से पांच बोर किए जाएंगे। बोर कनेक्शन को नल कनेक्शन के मुख्य पाइप लाइन के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे वार्डवासियों को टंकी से पानी और आवश्यकता होने पर बोर से भी पानी उपलब्ध हो जाएगा। पार्षद श्री साहू ने बताया कि इस बोर से लगभग जोरापारा क्षेत्र के हजार रहवासियों को लाभ मिलेगा। चार से पांच बोर हो जाने पर पानी की समस्या क्षेत्र में नहीं रहेगी। इसी तरह क्षेत्र में जलभराव की समस्या भी गंभीर है। इसके लिए नाला निर्माण शुरु हो चुका है। आने वाले बारिश के पहले नाला निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है, जिससे बारिश में जलभराव की समस्या से रहवासियों को आराम मिले। फंड की कमी की वजह से बीच में कु छ दिन काम में रुकावट हुई थी, लेकिन महापौर निधि, एसईसीएल मद के सहयोग से यह नाला निर्माण भी जल्द पूरा होगा। पार्षद श्री साहू ने कहा कि सिर्फ जोरापारा क्षेत्र ही नहीं निगम द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि आने वाले गर्मी से पहले जल संकट की स्थिति दूर की जा सके और शहर के जिन जगहों में जलभराव की स्थिति गंभीर होती है उसके लिए भी व्यवस्था बना लिया जाए।

सफाई संबंधित समस्याओं का किया जा रहा निराकरण

पार्षद व सफाई चेयरमेन श्याम साहू ने बताया कि छठ पर्व के मद्देनजर शहर के कुछ जगहों पर अभी सफाई व्यवस्था थोड़ी सुस्त हो गई थी, क्योंकि सारी मशीनें घाट और आसपास के सफाई में लगी हुई थी। छठ पर्व शुरु होते ही शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो रही है। लगातार विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहा हूं। जिन भी क्षेत्रों से सफाई संबंधित दिक्कतें आ रही हैं उसका तुरंत निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है।

क्रेडिट कार्ड के नाम पर 1.69 लाख की ऑनलाइन ठगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना सरकंडा क्षेत्र के सिटी पार्क कॉलोनी मोपका निवासी के.एल. नरसिम्हा राव के साथ क्रेडिट कार्ड दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर को दोपहर लगभग 12:30 बजे उनके व्हाट्सएप नंबर पर 2 अज्ञात व्यक्ति के द्वारा क्रेडिट कार्ड आवेदन के लिए एक ऐप भेजा गया। प्रार्थी ने उसे पंजाब नेशनल बैंक का ऐप समझकर उसमें अपना पैन कार्ड और अन्य व्यक्तिगत विवरण दर्ज कर दिए। इसके बाद उनके मोबाइल का पूरा डाटा हैक हो गया। हैकर्स ने उनके बैंक खाते से नेट बैंकिंग के माध्यम से 1,51,000 बंधन बैंक, हुगली की पूजा विश्वास नामक खाता धारक के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके अलावा यूपीआई के जरिए अलग-अलग किश्तों में 18,350 की राशि और ट्रांसफर की गई। इस प्रकार कुल 1,69,350 की ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई। प्रार्थी ने तुरंत नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद 25,377 की राशि को होल्ड कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ धारा 318(4)-बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। ऑनलाइन ठगी के इस मामले ने एक बार फिर सावधानी बरतने की जरूरत को रेखांकित किया है कि किसी भी अज्ञात लिंक या ऐप में बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें।

पीएम छत्तीसगढ़ प्रवास में बिलासपुर एयरपोर्ट के लिए जमीन वापसी और 500 करोड़ अनुदान की घोषणा करें

■ **हवाई सुविधा जन आंदोलन के 6 साल पूरे होने पर धरना प्रदर्शन और रैली**

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति में हवाई सुविधा महा धरना जन आंदोलन के 6 साल पूरे होने के अवसर पर बिलासा दाई मठ पर धरना और वहां से नेहरू चौक तक रैली निकाल कर प्रदर्शन का आयोजन किया। प्रदर्शन के बाद कलेक्टर बिलासपुर के मार्फत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि वह अपने 1 नवंबर को होने वाले छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 290 एकड़ जमीन वापसी और 500 करोड अनुदान की घोषणा करके यह साबित करें कि छत्तीसगढ़ राज्य में बिलासपुर क्षेत्र का भी उतना ही महत्व है। छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए रायपुर दुर्ग भिलाई क्लस्टर के बाहर भी विकास कार्य होना आवश्यक है और एक 4सी एयरपोर्ट शिक्षा स्वास्थ्य उद्योग पर्यटन सभी क्षेत्रों में विकास के द्वार खोलेगा। आज तय कार्यक्रम के अनुसार हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के द्वारा आयोजित वहां धरना आंदोलन जूना बिलासपुर पचरी घाट स्थित बिलासा दाई केवट के मठ में किया गया और बड़ी संख्या में विभिन्न जन संगठनों और समाज के लोगों ने इसमें भागीदारी की। विशेष रूप से जिला निषाद समाज महिला निषाद समाज, जिला अधिवक्ता संघ, बिलासपुर जिला सिंधी समाज, सिख समाज, सत्व ब्राह्मण समाज, बिलासपुर दक्षिण पूर्व रेलवे मजदूर कांग्रेस, बोदरी नगर पंचायत पार्षद दल हसदेव बचाओ समिति ,आदर्श युवा मंच, हिंदुस्तान युवा मंच और जूना बिलासपुर के नागरिक और कार्यकर्ता विशेष रूप से आंदोलन में शामिल हुए।

4 सी एयरपोर्ट और देश के चार महानगरों तक सीधी उड़ान की मांग

आज करीब 1 घंटे से अधिक समय बिलासा दी के मैथ पर धरना देने के बाद रैली हतरी पर जूना बिलासपुर होते हुए जवाली पुल सदर बाजार गोल बाजार के रास्ते महा धरना स्थल पहुंची और उसके पश्चात आगे चलते हुए नेहरू चौक तक रैली ने अपना मार्ग पूरा किया। पूरे रास्ते रैली में शामिल लोग सी से 290 एकड़ जमीन की वापसी बिलासपुर में 4सी एयरपोर्ट और देश के चार महानगरों तक सीधी उड़ान की मांग करते रहे।

नई दिशा सामाजिक सेवा केंद्र में चित्रकला प्रतियोगिता

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेलाटांड स्थित नई दिशा सामाजिक सेवा केंद्र द्वारा संचालित अनौपचारिक शिक्षा केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों के बीच चित्रकला एवं शिक्षा प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कला और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्थान की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक सिस्टर सकोलास्टिका कुंकल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सुदूरवर्ती इलाकों से कुल 135 बच्चों ने भाग लिया।

वीरेंद्र की प्रेरणादायी कदम, मृत्यु पूर्व स्वेच्छा से किया देहदान

बिलासपुर /नवप्रदेश। 26 अक्टूबर को शेष कॉलोनी, विनोबा नगर निवासी वीरेंद्र अग्रवाल का प्रातः 9 बजे निधन हो गया। जीवन के अंतिम क्षणों से पूर्व उन्होंने स्वेच्छा से अपना देहदान करने की इच्छा व्यक्त की। उनकी इस महान भावना की जानकारी उनके परिजनों आशीष अग्रवाल, अलका अग्रवाल, आभा अग्रवाल एवं पिंकी अग्रवाल द्वारा सिम्स चिकित्सालय के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति को दी। डॉ. मूर्ति ने इस पुनीत कार्य के संपादन हेतु 27 अक्टूबर शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिक्षा जांगड़े को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात विभाग द्वारा सभी दस्तावेजी औपचारिकताएँ पूर्ण कर देहदान को विधिवत स्वीकार किया गया। वीरेंद्र अग्रवाल का यह अमूल्य योगदान आने वाली पीढ़ियों के चिकित्सा विद्यार्थियों के अध्ययन, प्रयोग एवं शोध के क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। शरीर रचना विज्ञान की गहन समझ में यह देहदान अमूल्य संसाधन के रूप में सहायक रहेगा। एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र अपने अध्ययन की शुरुआत (कैडैवरिक ओथ) के अवसर पर यह शपथ लेते हैं। यह हमारे चिकित्सा जीवन के प्रथम गुरु हैं। हम इनके शरीर का पूरे सम्मान, श्रद्धा एवं मर्यादा के साथ अध्ययन कर एक कुशल एवं संवेदनशील चिकित्सक बनने का प्रयास करेंगे। यह परंपरा विद्यार्थियों में न केवल मानवीय संवेदनशीलता का संचार करती है, बल्कि देहदाता के प्रति गहन श्रद्धा और आभार भी व्यक्त करती है। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, डॉ. शिक्षा जांगड़े, डॉ. वीणा मोटवानी, डॉ. प्रेमलता येंडे डॉ अमित कुमार डॉ कमलजीत बाशन तथा दिवंगत के परिजन उपस्थित रहे। सिम्स परिवार वीरेंद्र अग्रवाल के इस श्रेष्ठ, प्रेरणादायी एवं समाजोपयोगी योगदान के प्रति अपनी गहन कृतज्ञता व्यक्त करता है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

मोदी के स्वागत में बिलासपुर से राजधानी तक हलचल तेज

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर भाजपा ने जिला स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। 1 नवम्बर को राज्योत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा तय हो चुकी है। वे नवनिर्मित विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी को लेकर आज बिलासपुर जिला ग्रामीण भाजपा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री की सभा में बिलासपुर जिले से लगभग 15 हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान है। इसके लिए विधानसभा और मंडल स्तर पर विशेष रणनीति बनाई जा रही है। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें प्रदेशभर के पंचायतों और नगरीय निकायों से लगभग 6 हजार जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके बाद वे एक जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें करीब 2.50 लाख लोगों के आने की संभावना जताई गई है। बैठक में मस्तूरी के पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने भी मार्गदर्शन दिया। बैठक में पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महामंत्री जनक देवांगन, यश मनहर, तीरथराम यादव, रेखा भोई, उमेश गौरहा, विक्रम सिंह, राजकुमार साहू, निखिल केशरवानी, प्रणव शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता सेनानी और देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को भाजपा विशेष रूप से मनाएगी।

बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद

युवक पर जानलेवा हमला करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। गाली गलौच करने से मना करने पर जानलेवा हमला करने वाले पांच आरोपियों को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार मुकेश विश्वकर्मा पिता दुकालू विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी आवास मोहल्ला ग्राम तेलसरा थाना चकरभाठा जिला बिलासपुर के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 अक्टूबर की रात लगभग 09 बजे गांव में गौरा गौरी को लेकर मीटिंग हो रहा था, मीटिंग समाप्त होने पर सभी अपने अपने घर जा रहे थे, उसी दौरान नितेश सिंह, रितेश सिंह, विक्की सिंह, मनीष बृजवासी, और महेश कुर्रे एक साथ मोहल्ले में गाली गलौच करते जा रहे थे, जिसे गंगाराम यादव द्वारा गाली गलौच करने से मना करने पर उपरोक्त आरोपीगण द्वारा एक राय होकर आहत गंगाराम यादव को अश्लील गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे और विक्की सिंह ठाकुर द्वारा हत्या करने की नियत से अपने पास रखे नुकीली वस्तु से गंगाराम यादव के पीठ एवं पेट में मारने पर गंभीर चोट लगा जिसे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मन की बात

मां नर्मदा संत समागम और रामकथा में शामिल हुए

मंत्री तोखन सहित कार्यकताओं और ग्रामीणों ने सुना मन की बात कार्यक्रम

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू ने आज छत्तीसगढ़ के मरवाही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नीमधा में स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन में स्वच्छता आंदोलन, पर्यावरण संरक्षण (मिशन लाइफ), वोकल फॉर लोकल और जनभागीदारी से राष्ट्रनिर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार रखे। उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर की अभिनव पहल गार्बेज कैफे का उल्लेख किया, जहाँ एक किलो प्लास्टिक के बदले भरपेट भोजन दिया जाता है। प्रधानमंत्री जी ने इस पहल को मानवता, सेवा और स्वच्छता का जीवंत उदाहरण बताया। इसके उपरांत, वे पैड्रा (मरवाही) पहुँचे और हाई स्कूल मैदान में आयोजित श्री राम कथा में सम्मिलित हुए जहां रामभद्राचार्य का आशीर्वाद लिया। जहाँ उन्होंने धर्मो विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा (धर्म ही सृष्टि का आधार है) का उल्लेख करते हुए युवाओं को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। श्री साहू ने ग्राम ऐंठी (मरवाही) में पहुँचकर विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची की माताजी स्वर्गीय चंदन बाई के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना व्यक्त की।

मन की बात केवल संवाद नहीं बल्कि आत्मा की पुकार: साहू

श्री साहू ने कहा कि मन की बात केवल संवाद नहीं है, बल्कि यह जन-आत्मा की पुकार है जो हर भारतीय को राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहभागी बनाती है। श्री साहू आज मरवाही प्रवास के दौरान, अमरकंटक में आयोजित माँ नर्मदा संत समागम में भाग लेकर प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि माँ नर्मदा की पावन धरती आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत है। यहाँ से न केवल नदी, बल्कि संस्कृति और सद्भाव का प्रवाह भी आरंभ होता है।

न्यूज गैलरी

मजबूत वैश्विक संकेतों से भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में खुला

मुंबई। मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ खुला। सुबह 9ः16 पर, सेंसेक्स 168 अंक या 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 84,380 और निफ्टी 60 अंक या 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,859 पर था। बाजार में लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 339 अंक या 0.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ 59,570 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 81 अंक की तेजी के साथ 18,334 पर था।बाजार की तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों की ओर से किया जा रहा है। शुरुआती सत्र में निफ्टी बैंक 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहा था। इसके अलावा, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.37 प्रतिशत, निफ्टी मेटल 0.87 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी 1.00 प्रतिशत, निफ्टी एनर्जी 0.28 प्रतिशत, निफ्टी कमोडिटीज 0.83 प्रतिशत और निफ्टी सर्विसेज 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।बाजार का रुझान सकारात्मक है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,175 शेयर हरे निशान में, जबकि 611 शेयर लाल निशान में थे। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एलएंडडी, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक, टाइटन और पावर ग्रिड टॉप गेनर्स थे। इन्फोसिस, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, इटरनल, सन फार्मा और एचयूएल टॉप लूजर्स थे।वैश्विक बाजारों में तेजी का रुझान है। टेक्यो, शंघाई, हांगकांग, बैंकॉक और सोल हरे निशान में थे। केवल जकार्ता के बाजार लाल निशान में थे। अमेरिकी शेयर बाजार भी शुक्रवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद थे। दूसरी तरफ, सोना-चांदी भी गिरावट के साथ खुले। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना 1.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,076 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47.88 डॉलर प्रति औंस पर था।

3000 रुपये का फासटैग पास लेने वालों की बल्ले-बल्ले

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने शुक्रवार को 'स्थानीय मासिक पास' और 'वार्षिक पास' की उपलब्धता के संबंध में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाया, जिसके तहत सभी टोल प्लाजा पर इन पासों के बार विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। एनएचएआई ने अपने बयान में कहा कि यूजर्स के बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है, जिससे यूजर्स को स्थानीय मासिक पास और वार्षिक पास सुविधा की उपलब्धता, दरों और प्रक्रियाओं के बारे में सटीक जानकारी हो। एनएचएआई ने आगे कहा कि यह विवरण टोल प्लाजा के प्रवेश द्वारों, ग्राहक सेवा क्षेत्रों और प्रवेश/निकास के स्थान सहित, सभी दिखाई देने स्थानों पर साइनेज बोर्डों पर प्रदर्शित की जाएगी।

चीन को एक्सपोर्ट 22प्रतिशत बढ़ा; चीनी राजदूत ने की सराहना

ट्रंप के टैरिफ राग के बीच भारत को बड़ी सफलता

नई दिल्ली। एक ओर जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने टैरिफ नीति को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए हैं, वहीं भारत ने निर्यात बाजारों में विविधता लाकर अमेरिकी दबाव का प्रभाव कम करने में सफलता हासिल की है। अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ का असर झींगा और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों पर तो पड़ा, लेकिन भारतीय निर्यातकों ने अन्य देशों के बाजारों में अवसर तलाशे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी टैरिफ तनाव के बीच भारत और चीन के बीच व्यापारिक संबंध बेहतर हुए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में चीन को भारत का निर्यात लगभग 22 प्रतिशत बढ़ा है।

रिपोर्टों के मुताबिक, अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच चीन को भारत का निर्यात 8.41 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की इसी अवधि में यह आंकड़ा 6.90 अरब डॉलर था। यह करीब 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित उत्पादों की चीन में अच्छी मांग बनी हुई है, जिनमें झींगा और एल्युमिनियम प्रमुख हैं। इसके अलावा कई अन्य सेक्टरों ने भी चीन को निर्यात में तेजी दर्ज की है।

हाल ही में आई अन्य रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने से झींगा निर्यात पर भारी असर पड़ा है। ग्लोबल डेटा के अनुसार, ट्रंप प्रशासन की इस नीति के चलते भारत से अमेरिका को एयर कार्गो निर्यात में 14 प्रतिशत की गिरावट आई है। आंध्र प्रदेश की झींगा उद्योग को लगभग 25,000 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। अनुमान है कि अमेरिका को झींगा निर्यात के लगभग आधे

ऑर्डर टैरिफ बढ़ने के बाद रद्द कर दिए गए।

इसी तरह एल्युमिनियम और टेक्सटाइल क्षेत्र पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव देखा गया। अमेरिका इन उत्पादों के लिए भारत का प्रमुख बाजार रहा है। कंफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री (ष्टढ्ढञ्जढ्ढ) के एक सर्वे के अनुसार, 50 प्रतिशत टैरिफ के बाद कपड़ा और परिधान क्षेत्र में ऑर्डर और कारोबार दोनों में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। भारत में चीन के राजदूत श फीहोंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में भारत-चीन व्यापार में हुई वृद्धि पर संतोष जताया। उन्होंने लिखा, ÷वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में चीन को भारत का निर्यात 22 प्रतिशत बढ़ा है। बीजिंग अधिक से अधिक भारतीय वस्तुओं का स्वागत करता है और अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने में सहयोग के लिए तैयार है। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टैरिफ नीति के तहत प्रारंभ में भारत पर 25 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ लगाया था। बाद में रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर भारत पर यूक्रेन युद्ध में पुतिन की मदद करने का आरोप लगाते हुए इस टैरिफ को दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया गया। यह नीति 27 अगस्त से लागू है।

जनवरी या फरवरी 2026 में इसे भारतीय ग्राहकों के लिए लॉन्च किया जा सकता है

भारत में स्टारलिंक सबको नहीं मिलेगा सरकार ने लगाई यह बड़ी शर्त

नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी 'स्टारलिंक' जल्द ही भारत में अपनी सेवाओं की शुरुआत करने जा रही है। कंपनी को इसके लिए लगभग सभी जरूरी सरकारी मंजूरियां मिल चुकी हैं और अनुमान लगाया जा रहा है कि जनवरी या फरवरी 2026 में इसे भारतीय ग्राहकों के लिए लॉन्च किया जा सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टारलिंक को भारत में लॉन्च के लिए अधिकांश सरकारी बाधाओं को पार कर लिया है। फिलहाल, कंपनी को सैटकॉम (SATCOM) की अंतिम अनुमति और स्पेक्ट्रम अलॉटमेंट का इंतजार है। उम्मीद है कि ये दोनों प्रक्रियाएं साल 2025 के अंत तक पूरी हो जाएंगी, जिसके तुरंत बाद 2026 की शुरुआत में ही देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू हो सकती है। भारत सरकार ने स्टारलिंक के लिए कनेक्शनों की एक ऊपरी सीमा निर्धारित की है। जारी

गाइडलाइन के अनुसार, स्टारलिंक को देश में अधिकतम 20 लाख कनेक्शन देने की ही अनुमति होगी। इसका मतलब है कि शुरुआती चरण में कंपनी सीमित संख्या में ही यूजर्स को अपनी सर्विस दे पाएगी। बताया जा रहा है कि कंपनी का मुख्य फोकस ग्रामीण और उन दूर-दराज के इलाकों पर होगा, जहां पारंपरिक ब्रॉडबैंड की पहुंच नहीं है।

भारत में स्टारलिंक इंटरनेट सर्विस का लाभ उठाने के लिए यूजर्स को एक बार का सेटअप चार्ज देना होगा। यह शुल्क लगभग ?30,000 या इससे थोड़ा अधिक हो सकता है, जिसमें हार्डवेयर (डिश) की कीमत शामिल होगी। इसके अलावा, हर महीने का सब्सक्रिप्शन शुल्क ?3,300 से शुरू होने की संभावना है।

हालांकि यह कीमत मौजूदा ब्रॉडबैंड सेवाओं से काफी अधिक है, लेकिन यह उन दूरस्थ इलाकों के लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है जहाँ हाई-स्पीड इंटरनेट एक सपना है। स्टारलिंक भारत में 25 Mbps से लेकर 225 Mbps तक की इंटरनेट स्पीड देने का दावा कर रही है। माना जा रहा है कि प्रारंभिक प्लान में यूजर्स को 25 Mbps की स्पीड मिल सकती है, जबकि प्रीमियम या हाई-एंड प्लान में यह स्पीड 225 Mbps तक जा सकती है। यह सेवा विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए डिजाइन की गई है, जहां फाइबर या केबल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है।

अमेज़न ने 2025 की समय सीमा से पहले ही भारत से ई-कॉमर्स निर्यात में 20 अरब डॉलर का आंकड़ा किया पार

नई दिल्ली। अमेज़न ने आज घोषणा की कि उसने अमेज़न ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम के ज़रिये 2015 से 2025 के बीच भारत से लाखों भारतीय विक्रेताओं को 20 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात करने में मदद की। 2020 में अमेज़न ने 2025 तक भारत से कुल 10 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स निर्यात का लक्ष्य रखा था, जिसे बाद में उसी समय-सीमा के भीतर बढ़ाकर 20 अरब डॉलर कर दिया गया। अमेज़न ने समय से पहले ही इस बढ़े हुए निर्यात लक्ष्य को पूरा कर लिया। अमेज़न का प्रमुख ई-कॉमर्स निर्यात कार्यक्रम, अमेज़न ग्लोबल सेलिंग, 2015 में लॉन्च किया गया था। इस कार्यक्रम ने पिछले 10 साल में 2 लाख से अधिक निर्यातकों को पंजीकृत किया है, जो दुनिया भर के ग्राहकों को कुल मिलाकर 75 करोड़ से अधिक 'मेड इन इंडिया' उत्पाद की बिक्री कर चुके हैं। पिछले साल भर में इस कार्यक्रम के तहत कुल विक्रेताओं की संख्या में 33त्न से अधिक की वृद्धि हुई है।

अमेज़न ग्लोबल सेलिंग को देश भर में उल्लेखनीय रूप से अपनाया जा रहा है और इसने भारत भर के 28 राज्यों, 7 केंद्र शासित प्रदेशों तथा 200 से अधिक शहरों के विक्रेताओं को पंजीकृत किया है। इस कार्यक्रम ने पिछले 10 साल में, सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है कि कैसे प्रौद्योगिकी भारतीय उद्यमियों के लिए वैश्विक अवसरों को खोल सकती है। यह निर्यातकों को अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कनाडा, मेक्सिको, जर्मनी, इटली, फ्रांस, स्पेन आदि देशों में 18 से ज़्यादा अमेज़न ग्लोबल मार्केटप्लेस पर करोड़ों ग्राहकों को उत्पाद बेचकर वैश्विक ब्रांड बनाने में मदद करता है। अमेज़न ग्लोबल सेलिंग इंडिया के प्रमुख, श्रीनिधि कलवापुडी ने कहाः ÷अमेज़न ने भारत की पारंपरिक निर्यात श्रेणी, जैसे स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल, सौंदर्य प्रसाधन, खिलौने, घरेलू परिधान और फर्नीचर, आदि में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। 2015 से, अमेज़न ने भारत से 20 अरब डॉलर का संचयी ई-कॉमर्स निर्यात संभव बनाया है, जिसमें अमेज़न ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम भी शामिल है, और 2025 के लक्ष्य से पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर ली है। यह गति भारतीय व्यवसायों की महत्वाकांक्षा और वैश्विक व्यापार में ई-कॉमर्स निर्यात की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है।

खेल, मनोरंजन

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, शाइना और दीक्षा ने स्वर्ण पदक जीते

नई दिल्ली। अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जबकि दीक्षा ने हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराकर अंडर-17 बालिका एकल का खिताब जीता।

शाइना मणिमुथु और दीक्षा सुधाकर ने रविवार को अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में अपना अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा। अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जबकि दीक्षा ने हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से

हराकर अंडर-17 बालिका एकल का खिताब जीता। इस तरह से भारतीय दल ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ महाद्वीपीय स्पर्धा का समापन किया जो चैंपियनशिप में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे। तब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 लड़कों का एकल खिताब और चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन ने अंडर-17 लड़कों का युगल खिताब जीता था। शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पहले गेम में तोमिता पर दबदबा बनाया और फिर दूसरे गेम में जापान की खिलाड़ी की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए मैच 44 मिनट में जीत लिया। दीक्षा 27 मिनट तक चले फाइनल में अपना दबदबा कायम रखते हुए अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बनीं। जगशेर सिंह खंगगुरा तथा जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश की मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को कांस्य पदक जीता था।

फिल्म ' 'एम ए प्रीवियस'में सुपरस्टार दीपक साहू और राज वर्मा की जोड़ी मचाएगी धमाल

रायपुर। बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की तरह ही अब छत्तीसगढ़ी सिनेमा में भी सफल फिल्मों की सीरीज का दौर शुरू हो चुका है। 'बीए फर्स्ट ईयर', 'बीए सेकंड ईयर' और 'बीए फाइनल ईयर' की ऐतिहासिक सफलता के बाद निर्माता राज वर्मा और लेखक-निर्देशक प्रणव झा की सुपरहिट जोड़ी अब इस सीरीज का चौथा भाग 'एम ए प्रीवियस' लेकर आ रही है, जो 7 नवंबर को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बैनर अरण्य सिनेमा के तहत बनी यह फिल्म पहले ही अपने संगीत को लेकर चर्चा में है। बता दें कि इस सीरीज की पहली दो फिल्में 'बीए फर्स्ट ईयर' और 'बीए सेकंड ईयर' यूट्यूब पर अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्में हैं, जिसने इस सीरीज को एक ब्रांड बना दिया है। फिल्म के निर्देशक प्रणव झा ने कहानी के बारे में बताया, यह फिल्म दो भाइयों के खूबसूरत रिश्ते पर आधारित है, जिसमें बड़ा भाई प्रोफेसर है और छोटा भाई 'एम ए प्रीवियस' का छात्र। कहानी का मुख्य द्वंद्व अरेंज मैरिज और लव मैरिज को लेकर दोनों भाइयों की अलग-अलग विचारधारा है। इसी ताने-बाने को एक मनोरंजक पारिवारिक ड्रामा के साथ परदे पर उतारा गया है। फिल्म में छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपरस्टार दीपक साहू और राज वर्मा मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ उड़ीसा की सुपरस्टार हिरनमई दास और

नवोदित अभिनेत्री व प्रसिद्ध इंस्टाग्रामर आराधना साहू मुख्य भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की दमदार स्टारकास्ट में राजेश बागमारे, अंजलि चौहान, लक्ष्मी झा, संजू साहू, धर्मेंद्र चौबे, संगीता निषाद, राजू कोल्हाटकर, शमशेर शिवनी, मोहित जोशी, दादू साहू, मंदिर नायक और पप्पू चंद्राकर जैसे मंझे हुए कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म का संगीत सुनील सोनी ने तैयार किया है, जिसे सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, चंपा निषाद और कंचन जोशी ने अपनी आवाज दी है। फिल्म के गाने सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर रिलीज होते ही लाखों व्यूज बटोर चुके हैं और इन पर इंस्टाग्राम में हजारों रील्स बन रही हैं। फिल्म के कोरियोग्राफर चंदन दीप, संजू तांडी एवं नंदू (ओडिसा), कैमरामैन राज ठाकुर और एडिटर श्रेष्ठ वर्मा हैं।

हैरी ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जड़ा पहला शतक

नईदिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान हैरी ब्रुक ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शानदार शतकीय पारी (135) खेली। ये उनके वनडे करियर का दूसरा और कीवी टीम के खिलाफ पहला शतक रहा। ब्रूक ने अकेले अपने दम पर टीम का स्कोर 223 रन तक पहुंचाया। उन्हें छोड़कर और कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के लिए बड़ी पारी नहीं खेल पाया। ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। ब्रुक के अलावा इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं लगा पाया। जेमी ओवरटन ने उनके बाद सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। इंग्लैंड के कप्तान ने 101 गेंदों का सामना किया और 135 रन बनाए। उनके बल्ले से 9 चौके और 11 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 133.66 की रही। ओवरटन के साथ ब्रूक ने 87 गेंदों में 87 रन की साझेदारी निभाई। ल्यूक वुड के साथ आखिरी विकेट के लिए उन्होंने 32 गेंदों में 57 रन जोड़ दिए। ब्रूक वनडे क्रिकेट के इतिहास में इंग्लैंड के लिए एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले सिर्फ चौथे खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले ये कारनामा इयोन मोर्गन (17 छक्के बनाम अफगानिस्तान, 2019), जोस बटलर (14 छक्के बनाम नीदरलैंड, 2022), बटलर (12 छक्के बनाम वेस्टइंडीज, 2019) और बेन स्टोक्स (10 छक्के बनाम भारत, 2021) कर चुके हैं। ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पारी में 11 शानदार छक्के जड़े।

ब्रूक ने अपना पहला वनडे मुकाबला साल 2023 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 33 मुकाबले खेले हैं और इसकी 33 पारियों में 38.96 की औसत से 1,130 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 2 शतक और 6 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 135 रन रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ इस खिलाड़ी ने 5 मैचों की 5 पारियों में 49.25 की औसत से 197 रन बनाए हैं। एक समय इंग्लैंड के 6 बल्लेबाज सिर्फ 56 रन पर पवेलियन में थे। यहां से ब्रूक ने अपनी शानदार पारी के दम पर स्कोर 223 रन तक ले गए। कीवी टीम के लिए जैकरी फॉल्क्स ने शानदार गेंदबाजी की और 7 ओवर में 1 मेडन के साथ 41 रन देकर 4 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उनके अलावा जेकब डफी ने 3 विकेट अपने नाम किए। मैट हेनरी के खाते में 2 विकेट आए। ब्रूक को मिचेल सेंटनर ने आउट किया।

अभिषेक नायर बन सकते हैं कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच

नईदिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 संस्करण के लिए मुंबई क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी अभिषेक नायर को नया मुख्य कोच नियुक्त करने जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार यह फैसला टीम के आईपीएल 2025 में ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद लिया गया है। यदि नायर की नियुक्ति तय होती है तो वे चंद्रकांत पंडित की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले संस्करण के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पद छोड़ दिया था। अभिषेक का केकेआर से जुड़ाव काफी पुराना है। उन्होंने वर्षों से टीम की नीलामी रणनीतियों और फैसले लेने की प्रक्रियाओं को संवारने में अहम भूमिका निभाई है। उनके पास क्रिकेट की गहरी समझ और व्यापक अनुभव है जो उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाता है। हाल ही में यूपी वारियर्स ने उन्हें 2026 संस्करण के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया था। अभिषेक की रणनीतिक सोच और अनुभव केकेआर के भविष्य को मजबूत बनाने में सहायक होंगे। अभिषेक भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच के रूप में भी काम कर चुके हैं। वह आईपीएल 2024 की विजेता केकेआर के सहायक कोच थे। उनकी सफलता को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन्हें उसी साल भारतीय टीम का सहायक कोच नियुक्त किया था।

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

टेलीफैक्स- 07740-252273
email : bssukm1@gmail.com

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

Contact No. 09454221467, 08305143251, 09893404589, 08889088255

निविदा विज्ञप्ति क्र.-10 दिनांक 27/10/2025

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा जिला -कबीरधाम में विभिन्न इंजीनियरिंग/ मैन्युफैक्चरिंग सामग्री क्रय हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मों/ निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रु. (1000/-रु.+311/-रु. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) आनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय आनलाईन वेबसाईड (E-Procurement Portal : http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	विवरण	निविदा प्रपत्र विक्रय/जमा तिथि एवं समय	निविदा खोलने तिथि एवं समय
1.	ई-निविदा सूचना क्रमांक-178181 **(OEM/Authorized Dealer)** Roller Reshelling, Roller with New Shaft, Double Helical Gear Box, Sugar Mill Cane Crusher Gear Box, swing Type Cane Leveler Etc. **विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री**	दिनांक 28/10/2025 समय रात्रि 08:00 बजे से 03/11/2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर/ अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 03/11/2025 समय दोपहर 12:30 बजे से
2.	ई-निविदा सूचना क्रमांक-178182 **(OEM & Authorized Dealer)** As Per Specification of IS 14968-2015 Textiles, Amendment No.5, February 2025, High Density Poly Ethelene (HDPE)/Poly Propelene (PP) Woven Sacks for Packaging Sugar **मैन्युफैक्चरिंग सामग्री**	दिनांक 28/10/2025 समय रात्रि 08:00 बजे से 03/11/2025 को समय दोपहर 01:30 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 03/11/2025 समय दोपहर 02:00 बजे से

निविदा की नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेबसाइट WWW.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते हैं।

प्रबंध संचालक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

संस्कृति, इतिहास और अध्यात्म का संगम जहां इतिहास बोलता है, संस्कृति मुस्कुराती है और अध्यात्म सांस लेता है

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में स्थित सिरपुर (श्रीपुर) केवल एक पुरातात्विक स्थल ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों का जीवंत प्रतीक है। यह नगर महान सम्राट महाशिवगुप्त बालार्जुन की राजधानी रहा है और अपनी स्थापत्य कला, बौद्ध धरोहरों तथा प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। सिरपुर का उल्लेख प्राचीन भारतीय ग्रंथों और अभिलेखों में मिलता है। यहाँ भगवान शिव, विष्णु, बुद्ध और जैन धर्म के उपासना स्थलों के अवशेष मिले हैं। 7वीं शताब्दी में चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी सिरपुर का उल्लेख अपनी यात्राओं में किया है, जिससे इसकी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति सिद्ध होती है। यह नगर धार्मिक सहिष्णुता और कला का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। यहाँ 22 शिव मंदिर, 5 विष्णु मंदिर, 3 जैन विहार और एक विशाल बौद्ध विहार के अवशेष प्राप्त हुए हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा सिरपुर में लगातार संरक्षण और मरम्मत का कार्य किया जा रहा है जिससे इसकी ऐतिहासिक गरिमा बनी रहे। डिजिटल टूर, क्यूआर कोड आधारित जानकारी और थ्रीडी गाइडेंस सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग हो रहा है। सिरपुर बौद्ध, जैन और हिन्दू स्थापत्य कला का त्रिवेणी संगम है। यहां स्थित लक्ष्मण मंदिर भारत का पहला ईंटों से निर्मित मंदिर है जो वास्तुकला का अनुपम उदाहरण है। आनंदप्रभु कुटीर विहार बौद्ध भिक्षुओं का प्रमुख केंद्र है, जहाँ चीन से आए भिक्षु रह चुके हैं। गंधेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित मंदिर है, जिसमें अनेक मूर्तियाँ और सांस्कृतिक प्रतीक हैं। 1872 में अलेक्जेंडर

कनिंघम द्वारा सिरपुर के अवशेषों की खोज की गई थी। इसके बाद यहाँ अनेक उत्खनन कार्य हुए, जिनमें बुद्ध, विष्णु, शिव और जैन परंपराओं के असंख्य साक्ष्य मिले। चीन, जापान और दक्षिण कोरिया के विद्वान भी सिरपुर को एशिया की बौद्ध धरोहरों में महत्वपूर्ण स्थान मानते हैं। हर वर्ष आयोजित होने वाला सिरपुर महोत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। इसमें देश-विदेश के कलाकार शास्त्रीय नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियाँ देते हैं। यहाँ ईको-ट्रेल, हस्तशिल्प बिक्री केंद्र और स्थानीय भोजनालयों की योजनाएँ चलाई जा रही हैं, ताकि स्थानीय समुदाय को रोजगार मिले और पर्यटन को बढ़ावा मिले। विद्यार्थियों के लिए सिरपुर की ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया गया है।

साय सरकार ने सिरपुर को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विजन 2047 के तहत आधुनिक बुनियादी ढांचा, सड़क, प्रकाश व्यवस्था और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पर्यटक कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है।

सिरपुर की पुरातात्त्विक संरचनाओं को संरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीकें अपनाई जा रही हैं। सिरपुर केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। यहाँ के मंदिर, विहार, मूर्तियाँ और जीवंत परंपराएँ हमें यह सिखाती हैं कि भारत की संस्कृति, सहिष्णुता, कला और ज्ञान का संगम है। सिरपुर सचमुच वह स्थान है जहाँ इतिहास बोलता है, संस्कृति मुस्कुराती है और अध्यात्म सांस लेता है।

छत्तीसगढ़ में फेसबुक पोस्ट पर विवाद

विधायक मोतीलाल साहू ने दर्ज कराई शिकायत, पूर्व सीएम पर लगाए गंभीर आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक फेसबुक पोस्ट को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच तीखा विवाद शुरू हो गया है। 'भूपेश है तो भरोसा है' नामक फेसबुक पेज पर की गई एक पोस्ट को भाजपा ने आपत्तिजनक और जातिगत बताया है। इसके खिलाफ भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ने रायपुर के सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।



मोतीलाल साहू के आरोप : भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ने भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सत्ता हासिल करने के लिए प्रदेश के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बघेल जातिगत विभेद पैदा कर एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। साहू ने कहा, ÷इस पेज से तेली समाज को अपमानित किया गया है और आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के खिलाफ भी टिप्पणियां की गई हैं। जनता ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मामले में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और भूपेश बघेल से भी पूछताछ होनी चाहिए, जो ऐसे कार्यों को संरक्षण दे रहे हैं।÷

क्या कहा उपमुख्यमंत्री ने ?- उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने थाने में शिकायत दर्ज की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी को भी छत्तीसगढ़ के सौहार्दपूर्ण माहौल को खराब करने का अधिकार नहीं है।

विवादास्पद पोस्ट का मामला

शिकायत के अनुसार, इस फेसबुक पेज पर 'कहां राजा भोज, कहां गंगू तेली' जैसी पोस्ट की गई, जिसे तेली समाज के खिलाफ अपमानजनक माना गया है। शिकायत में कहा गया है कि भूपेश बघेल अपने समर्थकों के साथ मिलकर प्रदेश में जातिगत आधार पर विभेद पैदा करने और अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। आरोप है कि कांग्रेस शासनकाल में भी बघेल ने साहू और बघेल समुदायों के बीच तनाव पैदा करने की कोशिश की थी, और अब हार के बाद फिर से ऐसी साजिश रच रहे हैं।

अनुरेखक भर्ती परीक्षा में 490 परीक्षार्थी पहुंचे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से रविवार को अनुरेखक (पीएचईए-25) भर्ती परीक्षा आयोजित हुई। यह परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 11 से 1.15 बजे तक आयोजित हुई। उक्त परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री सुबह 9 बजे जिला कोषालय कलेक्ट्रेट रायपुर से वितरण किया गया। इसमें 771 परीक्षार्थियों ने परीक्षा के लिए फार्म भरा था, जिसमें 490 परीक्षार्थी ही शामिल हुए। इसके बाद इन गोपनीय सामग्री को समन्वयक केंद्र साइंस कॉलेज से जिला कोषालय कलेक्ट्रेट रायपुर में दोपहर 3:30 बजे जमा करवाया गया।

न्यूज गैलरी

उद्यानिकी विवि में पीएचडी प्रवेश के लिए दस्तावेज परीक्षण आज से

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी काउंसलिंग जारी है। पीएचडी काउंसलिंग प्रथम चरण की ऑनलाइन पंजीयन एवं दस्तावेज अपलोड की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्रोविजनल सीट एवं महाविद्यालय आवंटन के बाद अब अभ्यर्थियों को 28 से 29 अक्टूबर के बीच विश्वविद्यालय परिसर, सांकरा में दस्तावेज परीक्षण के लिए उपस्थित होना अनिवार्य होगा। चयनित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन शुल्क जमा कर सीट की पुष्टि 28-29 अक्टूबर तक करनी होगी। सीट आवंटन के उपरांत यदि किसी कारणवश सीट सुरक्षित नहीं हो पाती, तो अभ्यर्थियों को 31 अक्टूबर को आयोजित स्पॉट एवं कन्वर्शन राउंड में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। काउंसलिंग सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक होगी।

रसायनज्ञ की भर्ती के लिए आवेदन 14 तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अंतर्गत 13 रसायनज्ञ पदों की भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थी 14 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन व्यापमं की वेबसाइट से कर सकते हैं। त्रुटि सुधार 15 नवंबर से 17 नवंबर तक कर सकते हैं। परीक्षा 11 जनवरी को संभावित है। इसके लिए अभ्यर्थी को जीव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, वनस्पति शास्त्र, रसायन, भौतिक विषय में स्नातक होना चाहिए।

चित्रकला प्रतियोगिता 5 को

रायपुर/नवप्रदेश। महाकोशल कला परिषद एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता यातायात जागरुकता अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित होगी। प्रतियोगिता महाकोशल कला वीथिका घड़ी चौक, में सुबह 10 बजे से शुरू होगी। हर वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार और कई प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। ऑनलाइन प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां 5 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक भेज सकेंगे। प्रदर्शनी के समापन पर चयनित चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा और वहीं पुरस्कार वितरण होगा।

प्रतियोगिता पांच वर्गों में

शालेय वर्ग (कक्षा 1-8)- सड़क सुरक्षा, कक्षा 9-12- यातायात नियमों की अनदेखी और दुष्परिणाम, कॉलेज वर्गः नशा, सड़क दुर्घटनाएं, व्यावसायिक वर्गः सड़क हादसों में अपनों को खोने की त्रासदी, महिला एवं अमहाविद्यालयीन वर्गः आपकी नजर में छत्तीसगढ़ की यातायात व्यवस्था

ओपन स्कूल परीक्षा 17 नवंबर से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा हाईस्कूल व हायर सेकंडरी मुख्य/अवसर 2025 परीक्षा नवंबर में होगी। इसकी समयसारिणी भी जारी कर दी गई है। हायर सेकंडरी की परीक्षा 17 नवंबर से 1 दिसंबर तक और हाई स्कूल की परीक्षा 17 नवंबर से 28 नवंबर तक होगी। छात्र-छात्राएं परीक्षा की समयसारिणी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं।

एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन की तिथि बढ़ाने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में किसानों की धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो रही है। जिसके लिए छग शासन के एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। इसकी अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है इधर किसानों ने मांग की है कि एग्रीटेक पोर्टल की पंजीयन तिथि बढ़ाई जाए। राजस्व विभाग के अधिकारियों के अनुसार सरकार इस पर विचार कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार केंद्र शासन द्वारा किसानों की भूमि तथा अन्य योजनाओं किसान समृद्धि योजना फसल बीमा तथा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का लाभ दिया जाता है। एग्रीपोर्टल में किसानों को बी 1 आधार कार्ड लिंक वाला तथा आधार कार्ड एवं बैंक की खाते ही फोटो कापी केवायसी सहित होनी चाहिए।

आंधी और बारिश के चलते धान की फसल को भारी नुकसान

रायपुर/नवप्रदेश। 15-20 दिन पूर्व नवरात्रि पर्व के आसपास हुई लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण फिंगेश्वर और कोपरा क्षेत्र में अर्ली वेरायटी धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आंधी और बारिश से खेतों में खड़ी धान की बालियां गिर गई और कई खेतों में धान अंकुरित होने के साथ सड़ने भी लगा है। इस नुकसान के कारण किसानों को अपनी फसल बचाने में बड़ी परेशानी हो रही है।

किसानों के अनुसार, बारिश का पानी खेतों में भर जाने के कारण धान की बालियां सड़ने लगी हैं, जिससे फसल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। कई किसानों ने अपनी फसल को बचा पाने में असमर्थता जताई और अपनी किस्मत को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। वहीं, कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस बारिश से फसल को कोई नुकसान नहीं हुआ है। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी केआर वर्मा ने कहा कि यदि फसल को नुकसान हुआ होता तो किसान हमारे पास शिकायत लेकर जरूर आते। हालांकि, किसानों का कहना है कि अगर अधिकारी क्षेत्र का दौरा करते, तो अर्ली वेरायटी की फसल में हुए नुकसान को देखकर वे समझ सकते थे कि उत्पादन में कमी आ रही है और धान की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। कोपरा, बेलर, जामगांव, परसदा, बासीन, बोरसी, किरवई, बेलटुकरी, पोखरा, पसौद, कौंदकेरा, रोहिना, तरीघाट, सहसपुर, जेंजरा, परतेवा जैसे गांवों में अर्ली वेरायटी धान की कटाई शुरू हो चुकी है, लेकिन बारिश और आंधी के कारण बालियों में दाने झड़ने और सड़ने के कारण उत्पादन और गुणवत्ता दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं।

रायपुर में होगी राष्ट्रीय रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता

12 जोन के शीर्ष खिलाड़ी आमने-सामने

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर एक बार फिर राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ की ओर से आयोजित 15वीं अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित सेकरसा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के 12 रेलवे जोन के शीर्ष तीरंदाज हिस्सा लेंगे, जो रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गों में अपने निशाने आजमाएंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले और कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

रायपुर में जुटेंगे देशभर के दिग्गज तीरंदाज

भारतीय रेलवे के प्रमुख जोन- पूर्वोत्तर, पश्चिम, दक्षिण, मध्य और दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे सहित कुल 12 जोनों की टीमें रायपुर पहुंचेंगी। आयोजन समिति के अनुसार, प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके कई अनुभवी तीरंदाज भी शामिल होंगे। यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़ के खेल प्रेमियों के लिए उत्साह का अवसर बनेगा, बल्कि राज्य के युवाओं को तीरंदाजी जैसे पारंपरिक खेल से जुड़ने की प्रेरणा भी देगा।

छत्तीसगढ़ को मिलेगा खेल प्रोत्साहन, तीरंदाजी को नई ऊर्जा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने बताया कि यह आयोजन तीरंदाजी खेल को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा, ÷यह प्रतियोगिता रायपुर और आसपास के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय तीरंदाजों से सीखने का अवसर देगी, जिससे राज्य में खेल प्रतिभा को नई ऊर्जा मिलेगी।÷ गर्ग ने बताया कि आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए सुरक्षा, चिकित्सा, आवास और खानपान की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे बड़ी संख्या में पहुंचकर भारतीय तीरंदाजों का उत्साहवर्धन करें।

रायपुर बनेगा खेल प्रतिभाओं का केंद्र

इस राष्ट्रीय आयोजन से रायपुर एक बार फिर भारत के खेल मानचित्र पर अपनी छाप छोड़ेगा। रेलवे खेल संघ के अधिकारियों का कहना है कि यह टूर्नामेंट भविष्य में और भी बड़े राष्ट्रीय खेल आयोजन के लिए रास्ता खोलेगा।

पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को आजीवन कारावास

रायपुर/नवप्रदेश। 27 नवंबर 2023 को पत्नी के साथ वाद-विवाद के बाद गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी प्रभुलाल जायसवाल को अपर सत्र न्यायालय भाटापारा के अतिरिक्त न्यायाधीश अशोक कुमार लाल ने धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, आरोपी पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह घटना थाना भाटापारा शहर के नेहरू वार्ड में घटित हुई थी। अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव के अनुसार, घटना की रात करीब 11:40 बजे आरोपी और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो रहा था। इसे देखकर आरोपी का भाई अपने परिवार सहित घर से बाहर निकल गया। कुछ देर बाद आरोपी ने अपने भाई को फोन करके बताया कि हाथापाई के दौरान उसने अपनी पत्नी का गला दोनों हाथों से दबा दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी और उसकी सांसें थम गईं। आरोपी का भाई घर लौटकर आया और अपनी भाभी को मृत अवस्था में पाया, जबकि घर का किचन और बर्तन बिखरे पड़े थे। आरोपी के भाई नरेश ने तुरंत घटना की सूचना थाना भाटापारा शहर में दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर अपराध पंजीबद्ध किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में अभियोजन साक्षियों के बयान पूरी होने पर अंतिम बहस में अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने आरोपी को कठोर दंड देने का निवेदन किया। यह प्रकरण सहायक उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह द्वारा विवेचित किया गया और शासन की ओर से पैरवी कैलाश यादव ने की।

कर्मचारी व पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा लाभ देने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। कर्मचारी और पेंशनरों को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर कैशलेस चिकित्सा लाभ देने की मांग मुयमंत्री विष्णु देव साय से की गई है। वर्तमान में चिकित्सा सुविधा की प्रक्रिया जटिल होने के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों के इलाज हेतु परिवारजनों को जेवर, जमीन गिरवी रखकर और कर्ज लेकर इलाज कराना पड़ता है। यह स्थिति और भी गंभीर तब हो जाती है जब मरीज को इलाज के दौरान वेतन राशि भी प्राप्त नहीं होती, जिससे आर्थिक संकट और बढ़ जाता है। इलाज के बाद कर्ज चुकाने और अपनी राशि प्राप्त करने में कर्मचारियों और पेंशनरों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी समस्याओं से बचाने हेतु केशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की मांग संगठन द्वारा समय-समय पर मुयमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायकों और जनप्रतिनिधियों से की गई है।

ओपीडी के मरीजों की फ्री सीटी स्कैन और एमआरआई जांच बंद

रायपुर/नवप्रदेश। आंबेडकर अस्पताल में ओपीडी में इलाज कराने वाले मरीजों की फ्री सीटी स्कैन व एमआरआई जांच बंद हो गई है। इससे मरीजों की समस्या बढ़ गई है। सितंबर 2016 से प्रदेश में केवल आंबेडकर अस्पताल के मरीजों की जांच फ्री हो रही थी। जबकि डीकेएस समेत अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पतालों में भर्ती मरीजों की जांच फ्री हो रही है। आंबेडकर के मरीजों को इसलिए सुविधा दी गई थी कि दोनों जांच महंगी है इसलिए आयुष्मान से फ्री में जांच की जाए।

फ्री जांच बंद होने पर आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन ने सफाई भी दी है। प्रबंधन ने कहा कि ओपीडी में आने वाले मरीजों की सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांच फ्री नहीं हो पा रही है। दरअसल नए सॉटवेयर में ब्लॉकिंग की सुविधा नहीं है। इस संबंध में स्टेट नोडल एजेंसी यानी एसएनए को पत्र लिखा गया है। ताकि मरीजों को कैश देकर इलाज न कराना पड़े। प्रबंधन ने ये भी

बताया है कि विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों की दोनों जांच फ्री हो रही है। यह सुविधा पहले से है। स्वास्थ्य विभाग के 24 अप्रैल 2003 के आदेशानुसार एवं आयुष्मान में निर्धारित दर से वर्तमान में ओपीडी मरीजों का सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांच की जा रही है।

यही व्यवस्था डीकेएस अस्पताल में भी

आंबेडकर अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 2 हजार से ज्यादा मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इनमें 10 फीसदी मरीजों को सीटी स्कैन व एमआरआई जांच की जरूरत पड़ती है। खासकर सिरदर्द, कमरदर्द, स्पाइन में समस्या, पैरालिसिस व नसों में ब्लॉकेज वाले मरीजों को सीटी स्कैन-एमआरआई कराने की जरूरत पड़ती है। इन मरीजों को कैश देकर जांच कराने में 2 से 5 हजार रुपए खर्च करना पड़ रहा है। यह उन्हें भारी पड़ रहा है। डीकेएस में ठेके पर डायग्नोस्टिक सेंटर होने के कारण ऐसा हो रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com